# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

गुरुवार, 17 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 193, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 64 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। सीमित कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मामूली 64 अंक बढ़कर 82,634.48 अंक पर बंद हुआ। } 14

## वित्तमंत्री के खिलाफ मानहानि का मामला, शिकायतकर्ता पर जुर्माना

दिल्ली की एक अदालत ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि की शिकायत पर सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहने पर शिकायतकर्ता लिपिका मित्रा पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया। } 16



## ड्रोन में आत्मनिर्भरता जरूरी : सीडीएस

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हाल के वैश्विक संघर्षों में यह बात सामने आई है कि कैसे ड्रोन युद्ध के रणनीतिक संतुलन को गैर आनुपातिक रूप से प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ड्रोन और काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (सी-यूएएस) (मानवरहित हवाई रोधी प्रणाली) में आत्मनिर्भरता भारत के लिए रणनीतिक रूप से अनिवार्य है।

यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनरल चौहान ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया है कि क्यों स्वदेशी रूप से विकसित मानव रहित हवाई प्रणालियां (यूएएस) और सी-यूएएस हमारे क्षेत्र और हमारी जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण हैं। यूएवी और सी-यूएएस के क्षेत्र में विदेशी ओईएम से वर्तमान में आयात किए जा रहे महत्वपूर्ण घटकों के स्वदेशीकरण विषय पर थिंक टैंक सेंटर फॉर ज्वाइंट वारफेयर स्टडीज के सहयोग से एकीकृत रक्षा कार्मिक मुख्यालय (एचक्यू-आईडीएस) की मेजबानी में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह आयोजन हाल में भारत-पाकिस्तान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रदेश के 75 जिलों में विकसित होंगी आपदा प्रबंधन योजनाएं

### आपदा प्रबंधन की दिशा में अग्रणी राज्यों में शामिल हो सकेगा उत्तर प्रदेश : योगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी सरकार की ओर से आपदा जोखिम न्यूनीकरण को लेकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। राज्य में आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी, समन्वित, वैज्ञानिक और सशक्त बनाने के उद्देश्य से राहत आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश तथा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के मध्य एक महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुआ। यह समझौता बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर यूएनडीपी की भारत प्रमुख एवं रेजिडेंट रिप्रेजेंटेटिव एंजेला लुसीगी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि आपदा प्रबंधन आज के समय की एक अनिवार्य प्रशासनिक प्राथमिकता है। तकनीकी दक्षता, प्रशिक्षण और पूर्व तैयारी के समन्वय से ही हम आपदा के प्रभाव को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी राज्य की आपदा प्रबंधन क्षमता को विश्वस्तरीय बनाएगी और शासन-प्रशासन को वैज्ञानिक ढंग से निर्णय लेने में समर्थ बनाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रयास उत्तर प्रदेश के आपदा न्यूनीकरण प्रयासों को नई दिशा देगा। इससे प्रदेश में जीवन, संपत्ति और अवसंरचना की रक्षा के लिए समेकित रणनीति पर कार्य करना अधिक सुगम होगा और आपदा प्रबंधन की दिशा में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल हो सकेगा। यह ...शेष पृष्ठ 14 पर

### नगर विकास विभाग ने लापरवाही पर पांच अफसरों के खिलाफ की कार्रवाई

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निकायों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए चार अलग-अलग जिलों में नगर विकास से जुड़े पांच अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की गई है। सरकार ने शाहजहांपुर, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़ व वाराणसी में दर्ज शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए विभागीय स्तर पर इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। शाहजहांपुर में नगर पंचायत अध्यक्ष की ओर से ऑडियो-वर्चुअल बैठक में हिस्सा लेकर अनुशासन का उल्लंघन किया गया, जबकि मुजफ्फरनगर में महिला अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार, आदेशों की अवहेलना पर कर निर्धारण अधिकारी पर कार्रवाई की गई। इसी तरह, अलीगढ़ में उप नगर आयुक्त की लापरवाही और कार्य से दूरी बनाए रखने पर जांच के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, प्रमुख सचिव नगर विकास, अमृत अभिजात ने विजयेन्द्र कुमार आनन्द, तत्कालीन अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, विजयनगर सम्पूर्णानन्द ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### ट्रक चालक को लूटने के आरोप में ग्यारह पुलिसकर्मी निलंबित

कानपुर। कानपुर में मवेशियों से भरे एक ट्रक के चालक और सहायक को लूटने के आरोप में पांच हेड कांस्टेबल समेत 11 पुलिसकर्मियों को मंगलवार को निलंबित कर दिया गया। अपर पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) योगेश कुमार ने बताया कि गत शनिवार को आरोपी पुलिसकर्मियों ने कथित तौर पर एक ट्रक का पीछा किया और चालक लक्ष्मण एवं उसके सहायक मोहम्मद उजैर को हर पुलिसकर्मी को 500-500 रुपये देने के लिए मजबूर किया। आरोप लगाया गया है कि ऋषि राजन, हरिओम और अतुल सचान सहित सभी आरोपी पुलिसकर्मियों ने लक्ष्मण उर्फ लकी और उजैर के साथ मारपीट की, उनकी आंखों पर डंडे से वार किया और 10हजार रुपये नकदी भी लूट ली। अधिकारियों ने बताया कि जिन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है, उनकी पहचान ऋषि राजन, अमीर हसन, प्रदीप कुमार, अजय कुमार ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सीएम मोहन यादव के ससुर का निधन

सुलतानपुर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ससुर ब्रह्मदीन यादव का उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे। ब्रह्मदीन यादव ने मंगलवार रात सुलतानपुर के विवेकानंद नगर क्षेत्र में अपने बेटे विवेकानंद यादव के आवास पर अंतिम सांस ली। विवेकानंद यादव ने बताया कि उनके पिता का पार्थिव शरीर मंगलवार की रात यहां से मध्यप्रदेश के रीवा के लिए एंबुलेंस से ले जाया गया जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेरे पिता का स्वास्थ्य 27 जून की रात्रि में बिगड़ गया था। उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था।

# किसानों की आय में होगी बढ़ोत्तरी

## पीएम धन-धान्य कृषि योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी, एनटीपीसी की निवेश सीमा बढ़ाकर की 20,000 करोड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 100 जिलों में कृषि क्षेत्र के प्रोत्साहन के लिए सालाना 24,000 करोड़ रुपये के आवंटन वाली प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को बुधवार को मंजूरी दी। छह साल तक चलने वाली इस योजना से करीब 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। यह योजना 2025-26 के बजट में कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए 100 जिलों के विकास की घोषणा के अनुरूप है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस निर्णय की जानकारी दी। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना 11 विभागों की 36 मौजूदा योजनाओं, अन्य राज्य योजनाओं और निजी क्षेत्र के साथ स्थानीय भागीदारी को समाहित कर कार्यान्वित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से लगभग 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। वहीं एक अन्य निर्णय में हरित ऊर्जा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी की निवेश सीमा बढ़ाकर 20,000 करोड़ रुपये कर दी। साथ ही सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की एक अन्य कंपनी एनएलसीआईएल को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में 7,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की अनुमति दे दी। इस बढ़े अधिकार के साथ एनटीपीसी 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल कर सकेगी। महारत्न कंपनी की नवीकरणीय ऊर्जा के लिए मौजूदा निवेश सीमा 7,500 करोड़ रुपये है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर उनके ऐतिहासिक 18 दिवसीय मिशन के सफल समापन पर बुधवार को बधाई दी और कहा कि इससे देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंत्रिमंडल ने



सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव

एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा को पूरे देश के लिए गर्व, गौरव और खुशी का क्षण बताया गया। इसमें कहा गया है कि इस यात्रा ने भारत की असीम आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में पारित संकल्प को पढ़ते हुए कहा, मंत्रिमंडल, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने ऐतिहासिक 18 दिवसीय मिशन के सफल समापन के बाद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की पृथ्वी पर वापसी का जश्न मनाने में राष्ट्र के साथ शामिल है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, इस योजना के क्रियान्वयन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान अगस्त में शुरू होगा। उन्होंने कहा हम इस योजना को अक्टूबर से लागू करेंगे, जब रबी की बुवाई शुरू होगी। चौहान ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में खाद्यान्न, बागवानी और दूध के उत्पादन में तीव्र वृद्धि के बावजूद राज्यों और जिलों के बीच उपज का अंतर है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण और पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर फसलों की कटाई के बाद अनाज भंडारण बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और किसानों के लिए दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है। योजना के लिए 100 जिलों की पहचान कम उत्पादकता, कम फसल सघनता और कम ज ण वितरण के तीन प्रमुख मानदंडों के आधार पर की जाएगी। प्रत्येक राज्याकेंद्रशासित प्रदेश में जिलों की संख्या शुद्ध फसल क्षेत्र और परिचालन जोत के हिस्से पर आधारित होगी। हालांकि, प्रत्येक राज्य से कम-से-कम एक जिला इस योजना के लिए चुना जाएगा। बयान के मुताबिक, योजना के प्रभावी नियोजन, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी। जिला धन-धान्य समिति द्वारा एक जिला कृषि एवं संबद्ध कार्यकलाप योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा, जिसमें प्रगतिशील किसान भी शामिल होंगे। जिला योजनाओं को फसल विविधीकरण, जल एवं मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और प्राकृतिक एवं जैविक खेती के विस्तार जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप बनाया जाएगा। प्रत्येक धन-धान्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

### आकाश प्राइम एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। भरतीय सेना ने बुधवार को स्वदेशी रूप से विकसित किए गए आकाश प्राइम एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण लद्दाख क्षेत्र में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर किया गया। यह परीक्षण सेना ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किया, जिन्होंने इस प्रणाली को विकसित किया है।

परीक्षण के दौरान सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों ने बहुत तेज गति से उड़ रहे हवाई लक्ष्यों पर सीधा प्रहार किया। यह परीक्षण बहुत अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में किया गया। आकाश प्राइम सिस्टम अब भारतीय सेना की हवाई सुरक्षा की तीसरी और चौथी यूनिट (रेजिमेंट) का हिस्सा बनेगा। इसका मतलब है कि अब यह नई प्रणाली सेना की और दो टुकड़ियों में शामिल की जाएगी ताकि दुश्मन के हवाई हमलों से और बेहतर तरीके से रक्षा की जा सके। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, इस प्रणाली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। उस समय पाकिस्तान की सेना द्वारा चीनी विमानों और तुर्किये के ड्रोन से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर सेना का कड़ा प्रहार

एजेंसी

- तीन आतंकी सरगनाओं की संपत्तियां कुर्क
- संदिग्ध गतिविधियों के बाद तलाशी अभियान

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को पाकिस्तान में बैठकर केंद्र शासित प्रदेश में आंतकी गतिविधियां संचालित कर रहे तीन सरगनाओं की तीन संपत्तियां कुर्क की गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तीनों संपत्तियां मध्य कश्मीर जिले के खग, चेवा बीरवाह और हरवानी खानसाहिब इलाकों में स्थित हैं। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में हीरानगर सीमावर्ती इलाके में दो संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हीरानगर जम्मू जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर स्थित है और यहां पहले भी आतंकवादियों के साथ कई मुठभेड़ें हो चुकी हैं। अधिकारियों के मुताबिक मंगलवार रात को एक ग्रामीण ने दो संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधि की सूचना सुरक्षाबलों को दी थी। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक इलाके में तलाशी अभियान जारी था। अभी तक संदिग्ध लोगों का कोई सुराग नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि यह कार्वाई भारतीय शस्त्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पौधरोपण से ही बनेगा पर्यावरणीय संतुलन

### धामी ने याद दिलाया पंचामृत संकल्प, हर अवसर पर लगायें एक पौधा

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के पारंपरिक पर्व हरेला के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोरखा मिलिट्री इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने रुद्राक्ष का पौधा रोपकर प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की थीम थी हरेला मनाओ, धरती मां का ऋण चुकाओ।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हरेला केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उत्तराखंड की संस्कृति और पर्यावरण चेतना का प्रतीक है। इस बार प्रदेशभर में लगभग पांच लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल भी सुनिश्चित की जाएगी ताकि वे वृक्ष बन सकें। उन्होंने बताया कि वन विभाग के हर डिवीजन में 50 प्रतिशत फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। इस अभियान में स्वयंसेवी संगठनों, छात्र-छात्राओं, महिला समूहों और पंचायतों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंचामृत संकल्प, नेट जीरो इमिशन, लाइफस्टाइल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## झारखंड में मुठभेड़, इनामी नक्सली ढेर सीआरपीएफ का जवान भी शहीद

एजेंसी

- पांच लाख का इनामी था कुंवर मांझी, एक नागरिक की भी मौत

बोकारो/रांची। झारखंड के बोकारो जिले में बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली मारा गया और इस दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान की भी जान चली गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

मुठभेड़ के दौरान एक आम नागरिक की भी मौत हो गई। पुलिस ने पहले उसकी पहचान एक अन्य नक्सली के रूप में की थी। पुलिस ने बताया कि गोमिया थाना क्षेत्र के बिरहोर डेरा जंगल में सुबह करीब साढ़े पांच बजे सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने बताया कि गोपनीय सूचना पर कार्वाई करते हुए सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने जंगल में छापेमारी की। उन्होंने कहा, नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली कुंवर मांझी मारा गया। उसके सिर पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। गुप्ता ने बताया कि मुठभेड़ में जान गंवाने वाले सीआरपीएफ के जवान की पहचान असम के कोकराझार निवासी प्रानेश्वर कोच के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक एके-47 राइफल बरामद की गई है और तलाश अभियान ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- देश का आर्थिक पावर हाउस बन रहा है यूपी (पृष्ठ-02)
- उत्तर प्रदेश के युवा अब बन रहे आत्मनिर्भर (पृष्ठ-02)
- सोना का भाव 500 रुपये टूटा, चांदी 1,000 गिरी (पृष्ठ-14)
- छोटे देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगायेंगे ट्रंप (पृष्ठ-14)
- चिली, पेरू से व्यापार समझौतों पर वार्ता अगस्त में (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — 58 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका

## प्रदेश के कई जिलों में बारिश बनी आफत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जारी मानसूनी बारिश कहीं राहत तो कहीं आफत बन गई है। प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में बीते कई दिनों से रुक रुक कर मानसूनी बारिश जारी है। बृहस्पतिवार को विंध्य और बुंदेलखंड के बांदा, चित्रकूट, ललितपुर, झांसी समेत कुल 11 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।वहीं 19 अन्य जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। साथ ही 58 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। बुधवार को प्रदेश के वाराणसी, सुल्तानपुर, प्रयागराज और विंध्य क्षेत्र में अच्छी बारिश देखने को मिली।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक झारखंड के आसपास संकेंद्रित अवदाब कमजोर पड़ने से एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना है जो पूर्वी यूपी की ओर आगे बढ़ रहा है। बृहस्पतिवार को विंध्य, बुंदेलखंड और दक्षिणी यूपी में भारी बारिश के संकेत हैं। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिजार्पुर, हमीरपुर, महोवा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में। प्रतापगढ़, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, जालौन व आसपास के इलाकों में बाढ़ की चेतावनी जारी की गयी है।



## एटीएस की पूछताछ में छांगुर ने उगले कई राज

बी. एस. परिहार/ सुरेन्द्र श्रीवास्तव

उतरौला, बलरामपुर। धर्मांतरण व राष्ट्रविरोधी कृत्यों के आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर प्रकरण में अब शतरंज की बिसात पर शह-मात का भी खेल शुरू हो गया है। मंगलवार देर शाम पुलिस ने रसूलाबाद निवासी हरजीत कश्यप की तहरीर पर तीन के विरुद्ध धमकी देने, गाली गलौज करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। हरजीत वहीं व्यक्ति हैं जिसने दो वर्ष पूर्व छांगुर के विरुद्ध धर्मांतरण कराने के लिए धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। उस समय उसका यह भी आरोप था कि छांगुर के दबाव में पुलिस उसके प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई नहीं कर रही थी। उसका यह भी कहना था कि छांगुर ने शिकायत ...शेष पृष्ठ 14 पर




### छांगुर की रिमांड पूरी, भेजा गया जेल

लखनऊ। यूपी एटीएस ने छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन और नसरीन को बुधवार को लखनऊ ठक्अ कोर्ट में पेश किया। एटीएस टीम दोनों को सरोजिनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद दोनों को कोर्ट ले जाया गया। कोर्ट ले जाते समय छांगुर बाबा बोला-मैं बेकसूर हूं। सूत्रों के अनुसार, एटीएस ने सात दिन की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद रिमांड बढ़ाने की मांग करते हुए कोर्ट में एक और अर्जी दाखिल की है। ताकि छांगुर नेटवर्क से जुड़े और नामों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# देश का आर्थिक पावरहाउस बन रहा है यूपी : मुख्य सचिव

## उत्तर प्रदेश लक्ष्य-उन्मुख राज्य, प्रदेश बड़ी छलांग लगाने को तैयार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ भारतीयों के लिए यह विजन रखा है कि आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर भारत एक विकसित राष्ट्र बने। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश विकसित राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश जैसी मिट्टी, खनन, विविध जलवायु, और पानी की उपलब्धता विश्व में कहीं और नहीं है। ये संसाधन उत्तर प्रदेश को कृषि का पावरहाउस बनाते हैं।

योजना भवन में आयोजित विकसित राज्य-विकसित भारत @2047 पर एक उच्च स्तरीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए, उक्त बातें मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कही। इस कार्यशाला का उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ उत्तर प्रदेश की दीर्घकालिक विकास रणनीति तैयार करना था।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा जेवर एयरपोर्ट के पास 50 हेक्टेयर में टेस्टिंग, ट्रीटमेंट और पैकेजिंग सुविधाओं से युक्त एक कृषि निर्यात केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जो बागवानी उत्पादों के कार्गो-आधारित निर्यात को बढ़ावा देगा और कृषि-लॉजिस्टिक्स में क्रांति लाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का दूसरा प्रमुख ताकतवर क्षेत्र है इंफ्रास्ट्रक्चर। उन्होंने कहा कि मानव संसाधन को मजबूत किए बिना विकसित देश की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट (ओडीओपी), वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज और जीरो पॉवर्टी स्कीम (प्रति गांव 25 सबसे गरीब परिवारों को लक्षित) जैसे पहल समावेशी विकास और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की सहमति से 30 करोड़ रुपये की लागत से बड़े स्कूल बनाए जा रहे हैं।

नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने डीडीपी जैसे उत्तर प्रदेश के डेटा गुणवत्ता और प्रगतिशील नियोजन मॉडल की सराहना की और कहा कि उत्तर प्रदेश बड़ी छलांग लगाने के लिए तैयार है। विश्व में 5वीं सबसे अधिक आबादी वाला क्षेत्र होने के नाते, उत्तर प्रदेश को विजन 2047 के लिए डी-नोवो, प्रथम-सिद्धांत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, जिसमें मिशन-मोड निष्पादन, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव द्वारा निगरानी, राज्य डैशबोर्ड और स्पष्ट बेंचमार्क शामिल हों। नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने कहा कि उत्तर प्रदेश पहला राज्य है जिसने 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण शुरू किया। औद्योगिक पार्क/शहरों की पहचान, अनुपालन बोझ को कम करने और पीपीपी मॉडल का लाभ उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नगरपालिका सुधार, मजबूत स्थानीय निकाय और सुव्यवस्थित शहरी नियोजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक स्टीयरिंग कमेटी, मध्यवर्ती लक्ष्य और प्रदर्शन-आधारित समीक्षा प्रगति सुनिश्चित करेंगी। प्रमुख सचिव नियोजन ने उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति और रणनीतिक फोकस को रेखांकित किया।

# भाजपा ने पुलिस को निरंकुश कर दिया : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार बढ़ता ही जा रहा है। भाजपा ने पुलिस को निरंकुश कर दिया है। गरीबों को न्याय नहीं मिल रहा है। पुलिस प्रताड़ना और न्याय न मिलने से गरीब जान देने पर मजबूर है। जिस पुलिस पर लोगों की रक्षा की जिम्मेदारी है उसी से पीड़ित होकर लोग आत्महत्या करने पर विवश हैं। जबसे भाजपा सरकार सत्ता में आयी है तब से पुलिस पर फर्जी एनकाउण्टर, वसूली, लूट तक में शामिल होने के आरोप लग रहे है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार पुलिस का अपने राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल कर रही है। चुनाव में दबाव बनाकर अपने पक्ष में फर्जी वोटिंग तक कराती है। मतदाताओं को डराती है। विरोधियों पर झूठे मुकदमे लगवाती है। क्या पुलिस का यह आचरण पुलिस सेवा नियमावली के विरुद्ध नहीं है? उन्होंने कहा कि भाजपा ने पुलिस तंत्र को खराब कर दिया, जिसका खामियाजा प्रदेश की गरीब जनता भुगत रही है।

# विधानसभा में एआई क्रांति की शुरुआत विधायकों को मिलेगा प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

- विधायकों के लिए एआई वर्कशॉप: विधानसभा कामकाज में बढ़ेगी दक्षता
- एआई से सशक्त होंगे विधायक: विधानसभा कामकाज में बढ़ेगा तकनीकी सहयोग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में विधायकों के कामकाज को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रशिक्षण शुरू करने की तैयारी है। यह प्रशिक्षण देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के प्रोफेसरों द्वारा प्रदान किया जाएगा। आगामी मानसून सत्र के मध्य या अंत में इस विशेष सत्र का आयोजन प्रस्तावित है।

प्रशिक्षण पूरी तरह स्वैच्छिक रहेगा और किसी भी सदस्य पर बाध्यकारी नहीं होगा। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि विधानसभा के सदस्य एआई टूल को आसानी से समझें और अपने दायित्वों में उनका उपयोग कर सकें।

विधानसभा में एआई के संभावित उपयोग में बताया जायेगा कि किस प्रकार एआई विभिन्न क्षेत्रों में मददगार हो सकता है। इसमें एआई उपकरण बिल ड्राफ्ट करने, कानूनी समस्याओं की पहचान करने और अन्य राज्यों या देशों के कानूनों की तुलना करने में सक्षम हैं। एआई विधायकों की संपत्तियों या हितों से जुड़े संभावित टकरावों की जांच कर सकता है। सोशल मीडिया, सर्वेक्षण और याचिकाओं के माध्यम से एआई नागरिकों की राय को विश्लेषित कर सकता है। किसी भी प्रस्तावित कानून के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों का पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा।

एआई पुराने दस्तावेजों, बहसों और रिपोर्टों को क्रमबद्ध कर खोज योग्य बना सकता है। भाषणों और दस्तावेजों का विभिन्न भारतीय भाषाओं में त्वरित अनुवाद संभव होगा। एआई डैशबोर्ड के माध्यम से सरकारी परियोजनाओं की प्रगति और खर्च की रियल-टाइम निगरानी की जा सकेगी।

प्रशिक्षण में यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि एआई का प्रयोग सुरक्षित, न्यायसंगत और पारदर्शी ढंग से हो, जिससे नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी की रक्षा हो सके।

इस पहल के तहत भविष्य में विधानसभा में विशेष एआई सहायता इकाइयों के गठन का सुझाव भी रखा गया है। ये इकाइयां विधायकों को कानूनी अनुसंधान, दस्तावेजों की जांच और नीतिगत अध्ययनों में तकनीकी सहयोग प्रदान करेंगी।

विधानसभा सचिवालय की योजना है कि सदस्यों और उनके कर्मचारियों के लिए नियमित कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए, ताकि वे एआई उपकरणों के उपयोग में दक्ष हो सकें। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम न केवल विधायी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाएगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को डिजिटल विधायी क्रांति के पथ पर अग्रणी राज्य भी बनाएगा।

# सीएम के प्रयासों से यूपी में 3363 किमी नदियों का हुआ कायाकल्प

विशेष संवाददाता (vol)

- सरकार के अभियान से दोबारा जीवनदायिनी बनीं उत्तर प्रदेश की 50 छोटी नदियां

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रदेश सरकार की जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण की योजनाएं अब जमीन पर असर दिखा रही हैं। नमामि गंगे कार्यक्रम और मनरेगा के तहत किए जा रहे प्रयासों से राज्य की सूखी व विलुप्तप्राय नदियों में फिर से जीवन लौटने लगा है। अब तक 3363 किलोमीटर लंबाई में कुल 50 नदियों का कायाकल्प किया जा चुका है, जिससे गांवों को नई ऊर्जा और किसानों को सिंचाई का बेहतर साधन मिल रहा है। सरकार ने जल संरक्षण को लेकर विशेष पहल करते हुए 1011 गंगा ग्राम पंचायतों में छोटी नदियों व जलधाराओं का पुनरुद्धार कराया है।

इन जलस्त्रोतों को न केवल साफ-सुथरा किया गया, बल्कि उनकी प्राकृतिक धारा को भी पुनर्जीवित किया गया। इससे इन क्षेत्रों में जल स्तर में सुधार हुआ है और आसपास के किसानों को बड़ी राहत मिली है। मनरेगा के तहत 86 अन्य कार्यों को चिह्नित कर नदियों की साफ-सफाई, गहरीकरण, तटबंध निर्माण, पौधरोपण, जलधारा पुनर्स्थापन और जलग्रहण क्षेत्र विकास जैसे कार्य किए गए। जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण को संतुलित करने के लिए 894 स्थलों पर सघन पौधरोपण किया गया। इन पौधों को नदियों के किनारों पर लगाया गया जिससे तटबंध मजबूत हों और मिट्टी का कटाव न हो। यह कदम आने वाले वर्षों में हरियाली बढ़ाने के साथ-साथ जैव विविधता को भी प्रोत्साहित करेगा। प्रदेश में 3388 तालाबों का निर्माण और सुदृढ़ीकरण कर ग्रामीण क्षेत्रों में जल भंडारण की क्षमता को बढ़ाया गया है। ये तालाब खेती, पशुपालन और पेयजल के स्त्रोत बनकर गांवों के लिए संजीवनी साबित हो रहे हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। नदियों के पुनरुद्धार से सिर्फ पर्यावरण ही नहीं सुधरा बल्कि कई स्थानों पर इन जलधाराओं से जुड़े सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों का महत्व भी बढ़ा है।

# सोलर पॉवर प्लांट से रौशन होंगी टीएचआर इकाइयां

## टीएचआर इकाइयो में सोलर प्लांट लगाने पर दी जा रही है, बड़ी अनुदान राशि

विशेष संवाददाता (vol)

- स्वयं सहायता समूहों की महिलाओ द्वारा संचालित किये जा रहे हैं, टीएचआर प्लांट

**लखनऊ।** यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओ द्वारा विभिन्न जिलों में राज्य सरकार के सहयोग से टेक होम राशन इकाईयों का संचालन किया जा रहा है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगो के संचालन मे महिलाओ की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा दिये गये हैं।

उप मुख्यमंत्री की पहल पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओ द्वारा संचालित इकाईयों पर सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना कर बिजली पर आने वाले व्यय को कम किया जा रहा है, इससे महिलाओ की आमदनी मे इजाफा हो रहा है।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन द्वारा 49 टीएचआर इकाईयों पर 75 किलोवाट सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना प्रस्तावित की गयी।

प्राप्त प्रस्तावों पर कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में पिछले दिनो सम्पन्न हुयी बैठक मे स्वीकृति प्रदान की गयी। 49 टीएचआर इकाईयों में से यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के आधार पर वर्तमान में 25 इकाईयों पर स्थापित किए गए सोलर पॉवर प्लांट पूर्णरूपेण क्रियाशील हैं।

क्रियाशील 25 इकाईयों में से 6 इकाईयों के द्वितीय किश्त के भुगतान की कार्यवाही क्रमित है, वहीं 13 इकाईयों को प्रथम एवं द्वितीय किश्त के रूप में धनराशि 587.01 लाख तथा 6 इकाईयों को प्रथम किश्त के भुगतान के रूप में 135.60 लाख, कुल 722.60 लाख रुपये की अनुदान राशि उपलब्ध करायी गयी है। इस परियोजना से जहां विद्युत व्यय में कमी आयी है, वहीं वातावरण अनुकूलित नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत के प्रयोग को बढ़ावा मिला है।

अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करणव रेशम विभाग बीएल मीना ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को बिजली आपूर्ति के लिए सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर सब्सिडी प्रदान की जाती है।

ज्ञात हो कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग विशेष रूप से सूक्ष्म और लघु उद्योग ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थापित है तथा नियोजित औद्योगिक क्षेत्रों की सीमा से बाहर स्थित है। इसके दृष्टिगत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए 75 केवीए तक के सौर ऊर्जा संयत्रों को स्थापित करने के लिए परियोजना लागत का 50 प्रतिशत और महिलाओं के स्वामित्व और संचालन वाली खाद्य प्रसंस्करण संयंत्रों पर 90 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाती है।

प्रसंस्करण इकाइयों को बिजली आपूर्ति के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 75 केवीए तक लागत का 50 प्रतिशत, महिला उद्यमी के लिए लागत का 90 प्रतिशत सौर ऊर्जा परियोजना पर सब्सिडी दी जाती है।

# सीएम सिटी में आकार ले रहा प्रदेश का पहला प्लास्टिक पार्क

घनश्याम कुमार



**गोरखपुर।** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के सेक्टर 28 में प्रदेश का पहला प्लास्टिक पार्क आकार लेने लगा है। यहां प्लास्टिक उत्पाद बनाने वाली तीन यूनिट्स लोकार्पण के लिए बनकर तैयार हैं। इन तीनों यूनिट्स में कुल मिलाकर करीब 120 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है और इससे 300 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। रोड कनेक्टिविटी के लिहाज से योगी सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप होने से प्लास्टिक पार्क परियोजना निवेशकों को खासा पसंद आ रहा है। यहां 60 से अधिक भूखंड आवंटित हो चुके हैं।

प्लास्टिक पार्क, प्लास्टिक उत्पादों से जुड़ी इकाइयों को को एक क्लस्टर के रूप में विकसित करने की विशेष परियोजना है। केंद्र सरकार के रसायन एवं पेट्रो-केमिकल्स विभाग ने प्लास्टिक के विश्व व्यापार में भारत की साझेदारी को बढ़ाने एवं क्लस्टर विकास के माध्यम से प्लास्टिक पार्क योजना विकसित की है। इस योजना के तहत देश भर में 10 प्लास्टिक पार्कों को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है। इसी योजना के तहत उत्तर प्रदेश का पहला प्लास्टिक पार्क गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे गीडा द्वारा अधिग्रहित ग्राम नरकटहा की 88 एकड़ भूमि पर बसाया गया है। गीडा में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत प्लास्टिक पार्क परियोजना की कुल लागत 69.58 करोड़ रुपये है। लागत का 25 प्रतिशत अनुदान केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।

गीडा में विकसित हो रहे इस परियोजना में 92 प्लास्टिक उत्पाद की इकाइयों हेतु विभिन्न क्षेत्रफल के आवंटन हेतु उपलब्ध भूखंडों में से पांच दर्जन से अधिक भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। शेष बचे 31 भूखंडों के आवंटन के लिए भी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

उद्यमियों के रुझान एवं दो वर्षों में ही आवंटन के दृष्टिगत यह भारत की सर्वाधिक सफल प्लास्टिक पार्क परियोजनाओं में से एक सिद्ध हुआ है। प्लास्टिक पार्क में मूलभूत अवस्थापना सुविधाओं (सिविल एवं विद्युत) के विकास के तहत सीसी रोड, आरसीसी ड्रेन-कलवर्ट, चारदीवारी, बिजली घर का निर्माण कार्य पूर्ण है।

गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक बताती हैं कि प्लास्टिक पार्क में कुछ यूनिट्स में उत्पादन भी शुरू हो चुका है। इन्हीं उत्पादनरत कंपनियों में से 120 करोड़ रुपये के निवेश की तीन इकाइयों का लोकार्पण जल्द ही किया जाना प्रस्तावित है। इसमें प्लास्टिक पैकेंजिंग की प्रमुख कंपनी टेक्नोप्लास्ट पैकेंजिंग प्राइवेट लिमिटेड है। इस कंपनी ने 20 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल का भूखंड लेकर 96 करोड़ रुपये का निवेश किया है। दो वर्ष में ही काम पूरा होने के बाद यहां वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ हो गया है। इस यूनिट में 250 लोगों को रोजगार मिला है। इसके अलावा गीडा द्वारा प्लास्टिक पार्क में ओम फ्लैक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को 4150 वर्गमीटर जमीन का आवंटन प्लास्टिक पाइप्स उत्पादन के लिए किया गया है। ओम फ्लैक्स द्वारा 17.00 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जिसमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से 50 लोगों को रोजगार की प्राप्ति हुई है। साथ ही गजानन पॉली प्लास्ट ने 1196.00 वर्गमीटर जमीन लेकर 7 करोड़ रुपये के निवेश से यूनिट की स्थापना की है। इसमें 25 लोगों को रोजगार मिला है। प्लास्टिक पार्क में केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (सीपेट) द्वारा 16 करोड़ रुपये की लागत से स्किल ट्रेनिंग सेंटर और कामन फैसिलिटी सेंटर बनाया जाना है। इसके लिए गीडा द्वारा सीपेट को पांच एकड़ भूमि निशुल्क दी गई है। यहां सीपेट द्वारा प्लास्टिक उद्योग में कौशल विकास एवं सेवायोजन हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# हर क्षेत्र में आगे बढ़कर उत्तर प्रदेश के युवा बन रहे आत्मनिर्भर

## विश्व युवा कौशल दिवस के समापन समारोह में दिखी विरासत और तकनीक का संगम

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कौशल विकास ढांचे में अब परंपरा और तकनीक एक साथ चल रही हैं, जिससे युवा न केवल आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि नवाचार के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहे हैं।

यह बात बुधवार को विश्व युवा कौशल दिवस 2025 के समापन समारोह में उभर कर सामने आयी। समापन अवसर पर आयोजित पैनल चर्चा का पारंपरिक एवं आधुनिक स्किलिंग में संतुलन विषय पर विशेषज्ञों ने पारंपरिक हस्तकला, बुनाई, बढ़ईगिरी जैसे हुनर से लेकर डिजिटल स्किल्स, एआई, ऑटोमेशन जैसी आधुनिक तकनीकों के बीच तालमेल स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण विचार साझा किए। कौशल मेले में आयोजित नियोक्ता सम्मेलन में दो प्रमुख क्षेत्रों के सीईओ और एचआर हेड्स ने मंच से सीधे युवाओं से संवाद स्थापित किया। उन्होंने बताया कि उद्योगों को किस प्रकार के कौशल की आवश्यकता है, और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को उद्योग की मांगों के अनुरूप कैसे ढाला जा सकता है। इस संवाद को युवाओं के भविष्य के लिए एक सकारात्मक कदम बताया गया। संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार ने कहा कि यह सम्मेलन युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ठोस संवाद है। उन्होंने बताया कि विभाग अधिक से अधिक उद्योग आधारित प्रशिक्षण की सुविधा युवाओं को देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग डॉ. हरिओम ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि राज्य के युवाओं को न केवल पारंपरिक ज्ञान में दक्षता प्राप्त हो, बल्कि उन्हें भविष्य की तकनीकों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, ग्रीन एनर्जी और ऑटोमेशन में भी विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की सोच है कि युवा सिर्फ नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि मिशन द्वारा औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ एमओयू हस्ताक्षर किए जा रहे हैं, जिससे प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों में त्वरित प्लेसमेंट मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के आईटीआई संस्थानों को निरंतर उन्नत किया जा रहा हैए और उनमें तकनीकी नवाचारों को शामिल करते हुए आधुनिक प्रशिक्षण प्रणाली लागू की जा रही है।

पारंपरिक ट्रेड्स के साथ.साथ अब आईटीए एआईए ग्रीन एनर्जी और ऑटोमेशन जैसे फ्यूचरिस्टिक क्षेत्रों में भी प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। युवाओं को सॉफ्ट स्किल्स और पर्सनालिटी ग्रूमिंग का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिक सकें।

दोपहर की दूसरी पैनल चर्चा में स्किल गैप विश्लेषण मांग बनाम आपूर्ति पर केंद्रित सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग, शिक्षा और प्रशासन से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि कौशल की मांग और उसकी पूर्ति के बीच का अंतर कम करने के लिए मिशन के प्रयास व्यावहारिक स्तर पर प्रभावी हो रहे हैं।

वक्ताओं ने बताया कि कैसे कैरियर परामर्श से युवा अपनी रुचि और कौशल के अनुसार करियर चुन सकते हैं और देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ, जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की लोक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर नृत्य, गायन, नाटक और कविताओं के माध्यम से युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और कुशल उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को सजीव कर दिया।

# त्रुटिरहित मतदाता सूची के लिए निर्वाचन आयोग सख्त

विशेष संवाददाता (vol)

- जिला निर्वाचन अधिकारियों को मिल रहा प्रशिक्षण, दिए जा रहे आवश्यक निर्देश
- परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही पोलिंग बूथ में दर्ज हों

**लखनऊ।** मतदाता सूची पूरी तरह से त्रुटिरहित हो इसके लिए निर्वाचन आयोग ने कमर कस ली है। जिला निर्वाचन अधिकारियों के प्रशिक्षण के साथ ही बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि वह सूची का सत्यापन सही तरीके से करें साथ ही राजनीतिक दलों के साथ समन्वय मिलाकर ही सूची को अंतिम रूप दे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि मतदाता सूची पूर्णतः त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी हो, जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार सुनिश्चित हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि हर मतदेय स्थल पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा का अनुपालन किया जाए तथा एक ही परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही पोलिंग बूथ में दर्ज हों। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब जिला निर्वाचन अधिकारियों का इस स्तर पर भौतिक प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विशेष पुनरीक्षण अभियान से संबंधित अधिकारी तकनीकी और प्रक्रियात्मक पहलुओं से भलीभांति परिचित हों सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। यूपी के 34 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए बुधवार को लखनऊ के आवास विकास आयुक्त सभागार में भौतिक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के आगरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कानपुर नगर, कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, औरैया, कन्नौज, इटावा, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई, बाराबंकी, झांसी, जालौन, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, फतेहपुर, बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं, अलीगढ़, मुरादाबाद, गोरखपुर और पीलीभीत जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूची के अद्यतनीकरण तथा निर्वाचन संबंधी कानूनी प्रावधानों एवं नियमों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में ईआरओ नेट, बीएलओ ऐप और वोटर हेल्पलाइन ऐप के उपयोग, मतदेय स्थलों के सम्भाजन, बीएलओ की नियमानुसार नियुक्ति और निर्वाचन संबंधी कानूनी दिशा-निर्देशो पर विशेष जानकारी दी गई। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया गया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करना आवश्यक है, ताकि उनकी सहभागिता और विश्वास सुनिश्चित हो सके।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग ने पात्र नागरिकों के लिए 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर अर्हता तिथियां निर्धारित की गई है। फार्म 6 में नये मतदाताओं को जोडने, फार्म 7 में नाम हटाने और फार्म-8 में संशोधन से संबंधित जानकारी अधिकतम लोगों तक पहुंचाई जाए। दिव्यांग मतदाताओं को शत प्रतिशत चिन्हित किया जाए। मतदाता फोटो पहचान पत्र का पोस्ट ऑफिस से समन्वय कर समय से वितरण सुनिश्चित कराया जाए, एनजीएस पोर्टल पर प्राप्त हो रही शिकायतों का समय से गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराया जाए। सभी मतदेय स्थलों का फील्ड वेरिफिकेशन कराकर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित रूप से बैठक की जाए तथा उन्हें प्रत्येक बूथ पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का अनुरोध किया जाए। वोटर रजिस्ट्रेशन पोर्टल तथा वोटर हेल्पलाइन ऐप का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए, जिससे कि प्रत्येक पात्र नागरिक ऑनलाइन माध्यम से अपना मतदाता आवेदन फॉर्म भर सकें। बीएलओ को निर्देशित किया जाए कि वे प्रत्येक नागरिक से सत्य और पूर्ण जानकारी प्राप्त करें और दस्तावेजों का सावधानीपूर्वक सत्यापन करें। प्रत्येक बीएलओ को त्रुटिरहित ऑनलाइन फीडिंग करने की ट्रेनिंग भी कराई जाए। प्रशिक्षण के अंत में प्रशिक्षण से संबंधित परीक्षा एवं मूल्यांकन भी कराया गया। इसके पूर्व मेरठ तथा वाराणसी में जिला निर्वाचन अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कराया जा चुका है।

# भारत-नेपाल सीमा पर जाली परमिट से बस संचालन पर योगी सरकार सख्त

## कड़ी जांच शुरू, परिवहन विभाग द्वारा तीन जिलों में करायी जायेगी एफआईआर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत, नेपाल सीमा पर कुछ निजी बसों द्वारा कूटरचित (जाली) परमिट के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मार्ग पर अवैध रूप से संचालन पर योगी सरकार ने सख्ती दिखाई है। इन गंभीर मामलों को संज्ञान में लेते हुए परिवहन आयुक्त ने त्वरित कड़े कदम उठाए हैं। एफआरआरओ लखनऊ तथा एसएसबी ने सूचित किया कि कई बसों द्वारा नेपाल सीमा पर ऐसे परमिट प्रस्तुत किए गए हैं, जो सतही रूप से संभागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी प्रतीत हो रहे थे, किंतु जांच में यह पूर्णतः जाली या वैधानिक अधिकार क्षेत्र से परे पाए गए। इस पर सख्त योगी सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार किया।

**तीन जनपदों में जाली परमिट की हुई पुष्टि :** परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि अब तक तीन जनपदों (अलीगढ़, बागपत व महराजगंज) में स्पष्ट रूप से जाली परमिट की पुष्टि हो चुकी है। यहां संबंधित एआरटीओ ने प्रमाणित किया कि ऐसा कोई परमिट कार्यालय से निर्गत नहीं किया गया। इस संबंध में एफआईआर

> जाली दस्तावेजों के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा और सीमा नियंत्रण के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही फेसलेस परमिट प्रणाली की कार्यप्रणाली में भी आवश्यक तकनीकी सुधार की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भारत सरकार को लिखा गया है। **ब्रजेश नारायण सिंह**, परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश

दर्ज कराने के साथ दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई को कहा गया।

**परिवहन आयुक्त ने डीजीपी को लिखा पत्र :** इसके अतिरिक्त गोरखपुर, इटावा एवं औरैया जैसे जनपदों में भी ऐसे परमिट प्रस्तुत किए गए हैं, जो प्रथम दृष्टया भारत,नेपाल यात्री परिवहन समझौता, 2014 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं। गोरखपुर प्रकरण में विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिवहन आयुक्त ने पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को पत्र भेजा है, जिसमें तीन जिलों में दर्ज प्रकरणों की एसटीएफ से जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया है। नेपाल के लिए यात्रियों के साथ निजी बस संचालन हेतु परमिट केवल गंतव्य देश की दूतावास/कांसुलेट द्वारा ही में जारी किया जाना वैध है। इस परिप्रेक्ष्य में अथवा 30 अथवा 31 फॉर्म में जारी कोई भी परमिट अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने हेतु वैधानिक रूप से अमान्य है। यह स्पष्टता इसलिए आवश्यक है ताकि कोई भ्रम की स्थिति न रहे और सभी संबंधित एजेंसियां नियमों की सही व्याख्या करें।

गौरतलब है कि इन मामलों में कुछ परमिट ऐसे भी हैं जो पोर्टल की ऑटो अप्रूवल प्रणाली के माध्यम से जारी हुए प्रतीत होते हैं, जिसमें वाया कॉलम को मैन्युअली भरने की छूट होने से नेपाल जैसे स्थान दर्ज किए गए हैं। परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पूर्व में ठक्ठ को स्पष्ट वर्कफ़्लो भेजा गया था, जिसमें निर्देश दिया गया था कि ऐसे कॉलम में केवल पूर्व-निर्धारित ड्रॉपडाउन सूची के विकल्प ही चयनित हो सकें, किन्तु यह व्यवस्था आंशिक रूप से ही लागू की गई। इससे ऐसे परमिट पोर्टल से स्वतः जनरेट हो सके, जो अब गंभीर दुरुपयोग की श्रेणी में आ गए हैं।

संक्षेप

## उधार शराब देने से मना करने पर सेल्समैन को दी धमकी

प्रतापगढ़। कम्पोजिट शराब की दुकान पर पहुंचे दबंगों उधार शराब देने की मांग की। सेल्समैन के मना करने पर दबंगों ने उसे जानलेवा धमकी दी। घटना को लेकर पीड़ित सेल्समैन ने तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के कटरादुग्धा जलेशरगंज में कम्पोजिट शराब की दुकान संचालित है। इस दुकान पर लवाना भवानीगंज कुण्डा निवासी अशोक कुमार साहू पुत्र जगन्नाथ साहू सेल्समैन के रूप में काम करता है। सेल्समैन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती मंगलवार की रात आठ बजे कटरादुग्धा जलेसरगंज गांव के तीन व्यक्ति दुकान पर पहुंचे दबंगों ने सेल्समैन से उधार शराब देने की मांग की। सेल्समैन ने मना किया तो आरोपी गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। दबंगों ने घर जाते समय पीड़ित सेल्समैन का हाथ पैर तोड़ देने की भी धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## पेड़ व पिलर क्षतिग्रस्त करने का आरोप, दी तहरीर

प्रतापगढ़। पेड़ व पिलर क्षतिग्रस्त किये जाने के आरोप को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के हरिबक्श सिंह के पुत्र रामप्रताप सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह जुलाई को गांव के पांच आरोपियों ने एकराय होकर उसकी भूमिधरी पर लगे पेड़ व पिलर को क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर आरोपी मारपीट पर अमादा हो गये और फर्जी दलित उत्पीड़न के मुकदमें में फंसा देने की धमकी देने लगे। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## तमंचा संग धरा गया

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान तमंचे के साथ एक आरोपी को धर दबोचा। मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया। लालगंज कोतवाली के दरोगा विवेक कुमार बुधवार को पुलिस बल के साथ चेकिंग पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर रायपुर तियाई के पास आरोपी अर्जुनपुर निवासी सुमित सरोज पुत्र राजेन्द्र सरोज को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

## दो बाइक की टक्कर में चार घायल

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के ढेबरुआ बस्ती मार्ग स्थित ग्राम जबजौआ सफा स्कूल के पास बुधवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, करण (14) पुत्र रंजीत और सिंगल (27) पुत्र विचार दास, निवासी ग्राम भलुआही, अपनी बाइक से बेवाँ से डुमरियागंज की तरफ जा रहे थे। वहीं, दूसरी बाइक पर संदीप (28) और सतीश (50) पुत्रगण लक्ष्मी प्रसाद, निवासी नौसड़ गोरखपुर, डुमरियागंज से बस्ती की तरफ जा रहे थे। अज्ञात कारणों से दोनों बाइकों की भीषण टक्कर हो गई, जिससे चारों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ग्रामीणों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवाँ ले जाने के लिए दौड़ पड़े। इसी दौरान, डुमरियागंज से बेवाँ की तरफ जा रही एक सरकारी एंबुलेंस भी घटनास्थल से गुजरी, लेकिन ग्रामीणों के लाख प्रयास के बावजूद वह नहीं रुकी। इसके बाद, ग्रामीणों ने निजी साधनों से घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें आगे के इलाज के लिए रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक सभी घायलों की हालत गंभीर बनी हुई थी। इस घटना से जहां क्षेत्र में चिंता का माहौल है।

## परशुराम समिति ने शोक जताया

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने ब्राह्मण समाज महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा निवासी बराही टोला इटावा के आवास पर पहुँचकर उनके पिताजी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की कि इस दुःखद घड़ी में परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें स समिति के संरक्षक हरिप्रकाश चैधरी, मेजर पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट, प्रदेश महामन्त्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र देव दुबे आशुतोष पांडेय आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# बांसी नपाध्यक्ष ने विभिन्न वार्डों का दौरा कर जाना हाल



बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी नपाध्यक्ष चमन आरा राईनी ने विभिन्न वार्डो का दौरा कर हाल जाना व वार्डो के समस्याओं के समाधान हेतु सम्बंधित कर्मचारियों को अविलंब निस्तारण कराये जाने के लिए निर्देश दिया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने गत मंगलवार को लक्ष्मी नगर वार्ड व इन्द्रानगर जैसे कई वार्ड का का निरीक्षण किया गया, दौरान निरीक्षण चिलचिलाती धूप में नपाध्यक्ष ने घर घर जाकर जल निकास साफ सफाई पेयजल पथ प्रकाश सड़क व नाली निर्माण व अन्य कई जनहित व जन समस्याओं से जुड़ी समस्याओं को सुना और उसके निदान के लिए सम्बंधित जिम्मेदारों को आवश्यक एवं कड़े निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने एक्का दुक्का कार्य शिथिल एवं ढिलाह किस्म के कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कार्य प्रणाली में सुधार करने की चेतावनी दिया अन्यथा कि स्थिति में कार्यवाही तैय है। उन्होंने ने वार्ड के लोगों को भरोसा दिलाया और कहा कि अविलंब आप सभी के समस्याओं का समाधान हो जाएगा। इस दौरान वार्ड के लोगों को नपाध्यक्ष चमन आरा राईनी के बात व विनम्र व्यवहार से संतुष्ट हुए, नपाध्यक्ष चमन आरा राईनी ने जन समस्या के त्वरित समाधान हेतु सम्बंधित सफाई नायकों व अन्य नपा कर्मियों को कड़े निर्देश दिए गए। इस दौरान तकनीकी सहायक अब्दुल करीम ,निलेश निषाद, दीपक चौधरी , सफाई प्रभारी राजकुमार पाण्डेय राघवेन्द्र द्विवेदी , राजेश वर्मा , प्रमोद अग्रहरि,धुरूव कुमार ,राजू आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की सुनी फरियाद,

सिद्धार्थनगर ।पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया, पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया ।शासन की मंशा एवं पुलिस महानिदेशक के दिए गए निर्देश के अक्षरसह अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आए फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने की मंशा से यथा संभव सम्मान करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा बड़े ही गम्भीरता से जनसुनवाई किया गया और उन्हें त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने का भरोसा दिलाते हुए जन सुनवाई किया गया, साथ सम्बंधित को निर्देशित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने का आदेश भी पारित किया गया। जनता दर्शन में कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमे 03 भूमि विवाद से सम्बंधित रहे व शेष 015 अन्य विवाद से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र थें ।प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को पुलिस अधीक्षक ने आदेशित करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने का भी आदेश दिया गया ।

# पिता ने बेटे को जहर देकर खुद भी खाया, मौत

सिद्धार्थनगर। मंगलवार दोपहर एक पिता ने अपने 11 वर्षीय बेटे को जहर देकर खुद भी जहर खा लिया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। घटना खेसरहा थाना क्षेत्र के विशुनपुरवा गांव की है। परिजनों के अनुसार, दोनों चार दिन पहले घर से यह कहकर निकले थे कि बाल कटवाने जा रहे हैं, लेकिन देवहंस चतुर्वेदी (32) और उनके पुत्र डेविड (11) लौटकर घर नहीं आए। तो परिवार के लोग रिश्तेदारों के यहां फोन करके खोजबीन करने लगे। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे देवहंस ने अपनी पत्नी सुमन को फोन कर सूचना दी कि उन्होंने और उनके बेटे ने जहर खा लिया है। वे तिगोड़वा और रामभारी के बीच कार में हैं। देवहंस ने कहा कि यदि किसी को भेजना हो तो भेज दो, हम यहीं हैं। पत्नी की सूचना पर स्थानीय लोग जब मौके पर पहुंचे, तो बेटा डेविड मृत पाया गया। जबकि देवहंस की सांसें चल रही थीं। उसे संयुक्त चिकित्सालय, बांसी ले जाया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, घटना के पीछे पारिवारिक तनाव मुख्य कारण माना जा रहा है। देवहंस के तीन भाई हैं। परमहंस, जो दिल्ली में रहते हैं। नरवदेश्वर चतुर्वेदी, जो गांव में ही रहते हैं। तीनों भाइयों में पहले ही संपत्ति का बंटवारा हो चुका था। पांच दिन पहले पत्नी सुमन मायके से लौटकर ससुराल आई थीं, जिससे तनाव और बढ़ गया था। पथरा थानाध्यक्ष बताया कि दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मामले में जांच की जा रही है। खेसरहा थानाध्यक्ष ने कहा कि यदि परिजन तहरीर देते हैं तो प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## युवती ने फांसी लगाकर दी जान

सिद्धार्थनगर- नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत काशीराम आवास ब्लॉक नंबर 54 में मंगलवार रात एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतका की पहचान मुस्कान पुत्री राजू के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक, मुस्कान मंगलवार शाम तक सामान्य थी। वह अपने माता-पिता, बहन और दो छोटे भाइयों के साथ आवास में रहती थी। पिता राजू राजगीर मिस्त्री हैं और मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। रात करीब 8 बजे जब परिजन कमरे में पहुंचे, तो मुस्कान को फंदे से लटका पाया। उन्होंने तुरंत उसे नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर नगर थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को मॉर्चरी हाउस भिजवाकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू की।

## एसपी ने सुनीं जन समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण निर्देश



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आम जनता की समस्याओं व शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार की समस्याओं से संबंधित कुल 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें 08 भूमि विवाद, 05 मारपीट, 01 लेन-देन, 03 पारिवारिक, 03 महिला संबंधी व 06 अन्य विषयों से जुड़े मामले शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायती प्रार्थना पत्र को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों व थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी व शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनमानस की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

## हरदत्तनगर गिरंट पुलिस की बड़ी कार्रवाई, छह वारंटी गिरफ्तार



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना हरदत्तनगर गिरण्ट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक महिनाथ उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा छापेमारी कर विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे कुल 06 वारंटी अभियुक्तों को उनके घर से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई हेतु न्यायालय भेजा गया। अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता, भारत न्याय संहिता, एनडीपीएस एक्ट एवं आर्म्स एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। ये आरोपी न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिविल जज (अ0ख0), तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बहराइच तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रावस्ती के न्यायालयों से वांछित चल रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में, हुकुम पुत्र फकीरे (सरका बराव), जगदीश वर्मा पुत्र समयदीन वर्मा (सरका बराव), रामनरेश सोनकर पुत्र लल्लन सरका बराव शैलून खां पुत्र बच्छन खां बेगमपुर, सन्तु बंजारा पुत्र झब्बू तेन्दुआ बराव, नफीस पुत्र अ. हसीम लम्बुइया प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## उचित दर दुकान से अब 46 सामानों की बिक्री संभव

श्रावस्ती। जिला पूर्ति अधिकारी दीपक वार्ष्णेय ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित दर दुकानों पर अब विक्रेताओं को 46 प्रकार के रोजमर्रा के उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री की अनुमति शासन ने प्रदान की है। इन सामानों में साबुन, शैम्पू, टूथपेस्ट, चाय, पेन, कॉपी, दूध एवं उससे बने उत्पाद (पैक्ड), बिस्किट, ब्रेड, गुड़, घी, नमकीन, सूखे मेवे, पैक्ड मिठाई, मसाले, दूध पाउडर, बच्चों के कपड़े (होजरी), राजमा, सौंदर्य प्रसाधन, सोयाबीन, क्रीम, धूपबत्ती, कंघी, दर्पण, झाड़ू, पोछा, ताला, छाता, रेनकोट, वॉल हैंगर, टूथब्रश, डिटर्जेंट पाउडर, मच्छररोधी अगरबत्ती, बर्तन धोने का बार, इलेक्ट्रिक सामान, टार्च, दीवार घड़ी, माचिस, नॉयलॉन/जूट रस्सी, प्लास्टिक पानी पाइप, प्लास्टिक बाल्टी/मग/छलनी, हैंडवाश, बाथरूम क्लीनर, शेविंग किट, बेबी केयर उत्पाद (डायपर, साबुन, मसाज ऑयल, वाइप्स, बॉडी लोशन), ओ.आर.एस., टैबलेट, घोल, निरोध व सेनेटरी नैपकिन शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि उचित दर विक्रेता उपरोक्त सामान कार्डधारकों की सहमति से ही बेच सकते हैं। किसी भी कार्डधारक पर सामान खरीदने के लिए कोई दबाव नहीं बनाया जाएगा। यदि जबरदस्ती का कोई मामला सामने आता है तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## फर्जी ब्लॉककर्मी बनकर कर रहा था वसूली, ग्रामीणों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

प्रतापगढ़। आवास दिलाने का झांसा देकर अवैध वसूली करने वाले एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना को लेकर गांव के एक पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। मामला बुधवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। इधर मामले की तहरीर के बावजूद पुलिस पर समझौता कराने के आरोप में खूब किरकिरी भी हो रही है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पुरवारा निवासी विकास सरोज पुत्र गुरूदीन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह जुलाई को दोपहर फर्जी ब्लाककर्मी बनकर एक व्यक्ति उसके घर पहुंचा। आरोपी ने घर में मौजूद उसकी मां को झांसे में लेकर आवास पास कराने के नाम पर दस हजार रुपए की मांग की। महिला ने आरोपी के झांसे मे आकर दो हजार रुपए दे दिया। इसी बीच पीड़ित भी वहां पहुंच गया। आरोपी से पूछतांछ के दौरान उसे आशंका हुई। पूछताछ मे आरोपी ने खुद को रायबरेली जिले के सलोन क्षेत्र का निवासी होने की बात कही। मामले की जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ भी जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी फर्जी ब्लाककर्मी को पकड़कर कोतवाली ले आयी। बुधवार को पुलिस ने समझौता कराकर आरोपी को छोड़ दिया। इधर पुलिस पर समझौते के दबाव का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों में पुलिस कार्य प्रणाली को लेकर किरकिरी भी खूब देखी सुनी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि पूछताछ के लिए लाया गया युवक एक एनजीओ वर्कर है। मामले को लेकर दोनों पक्ष में समझौता हो गया है। इसके बाद आरोपी को छोड़ दिया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिलाओं की जांच में लापरवाही



सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड जोगिया में आंगनबाड़ी केन्द्र कोड़रताल द्वितीय का जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने निरीक्षण किया। यह निरीक्षण बीएचएनडी (ब्लॉक स्वास्थ्य पोषण दिवस) के दौरान किया गया ।निरीक्षण में कई खामियां सामने आईं। एएनएम के पास गर्भवती महिलाओं की एचआरपी जांच की स्ट्रिप्स तो थीं, लेकिन ड्यू लिस्ट अपडेट नहीं थी। एक गर्भवती महिला का हीमोग्लोबिन कम मिला। सीएचओ देवकी वर्मा ने इस मामले में उचित निगरानी नहीं की। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने बीएचएनडी दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से सैम और मैम बच्चों का रजिस्टर देखा। पोषाहार वितरण की समीक्षा की। डीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहुओं को निर्देश दिए। उन्हें टीकाकरण से एक दिन पहले घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को सूचित करने को कहा। बीएचएनडी दिवस पर गोदभराई और अन्नप्राशन जैसे संस्कार कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एएनएम को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला जांच और टीकाकरण से न छूटे। लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

# मेडा उपाध्यक्ष के कड़े रुख के बावजूद चल रहा प्राधिकरण में बड़ा खेल

- पांच फैक्ट्री का अवैध निर्माण चल रहा था लंबे समय से नोटिस काटा गया है अब

मुकेश कुमार गुप्ता

मेरठ। मेरठ विकास प्राधिकरण (मेडा )के खेल को शायद मेडा के उपाध्यक्ष भी नहीं समझ पा रहे होंगे कि आखिर अवैध निर्माण को लेकर इंजीनियरों का क्या खेल धरातल पर चल रहा है ।ऐसा ही एक मामला प्राधिकरण प्रवर्तन खंड ए 4 क्षेत्र के परतापुर में देखा जा सकता है जहां अछरोड़ा मार्ग से चलकर बहादुरपुर मुख्य मार्ग पर ही वैसे तो करीब 5



अवैध फैक्ट्रियों का निर्माण बेखोफ होकर चल रहा है इसमें ऐसी भी फैक्ट्रियां शामिल है जिन पर पूर्व में सील लगाई गई थी लेकिन इसके बावजूद सील को तोड़कर प्राधिकरण नियमों की धज्जियां उड़ा कर फैक्ट्री का अवैध निर्माण धड़ल्ले से चल रहा है फैक्ट्री का चल रहा अवैध निर्माण 1हजार गज से लेकर 3 हजार गज तक की जमीन पर बिना मानचित्र प्राधिकरण नियमों को ताक पर रखकर कराया जा रहा है ।ऐसा भी संभव नहीं है कि क्षेत्र के अवर अभियंता की भूमिका इन अवैध फैक्ट्रियों में नहीं हो लेकिन इतना जरूर है की जोनल अधिकारी को भी क्षेत्रीय अवर अभियंता गुमराह करने में लगे हैं । प्राधिकरण सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिन अवैध फैक्ट्रियों का निर्माण लंबे समय से चल रहा है उनके नोटिस प्रक्रिया को आज बुधवार को ही अमल में लाया गया है जबकि जोनल अधिकारी सील लगी होने की बात कर रहे हैं ।सवाल यह उठता है कि यदि अवैध निर्माणकर्ता द्वारा सील भी तोड़ी गई है तो क्या क्षेत्र के अवर अभियंता की इच्छा के विरुद्ध जाकर सील तोड़ी जा सकती है यह एक बड़ा सवाल शहर की जनता के सामने खड़ा है ।आखिर प्राधिकरण सील तोड़ने वाले फैक्ट्री के खिलाफ बुलडोजर की कार्यवाही अमल में क्यों नहीं ला रहा है और उन्हें बचाने का प्रयास क्यों किया जा रहा है जिससे सरकार को भी राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है तथा मेडा को आने वाला राजस्व के रूप में पैसा शहर के विकास में लगता है। इस मामले की यदि जांच कराई जाए तो पूरा पर्दा हट जाएगा ।आखिर मेडा की छवि खराब करने के पीछे मेडा के कौन अधिकारी तथा इंजीनियर अवैध निमार्णो को लेकर अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं इसका खुलासा जांच में ही हो सकता है । जोनल अधिकारी जोन ए अर्पित यादव का कहना है कि ए4 क्षेत्र के परतापुर में अवैध फैक्ट्रियों पर सील की कार्यवाही की गई है यदि सील तोड़कर निर्माण कार्य किया जा रहा है तो मेडा अग्रिम करते हुए एफआईआर तथा ध्वस्त की कार्यवाही भी अमल में लायेगा।

# आगजनी में महिला झुलसी, गृहस्थी हुई खाक



प्रतापगढ़। छप्परनुमा मकान में लगी आग की चपेट में आने से महिला झुलस गयी। वहीं आगजनी से गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गये तथा दो मवेशियों की भी मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली के पूरे हरिकिशुन में गांव की गीता पत्नी शिव बहादुर रजक अपने छप्परनुमा मकान में मंगलवार की रात सो रही थी। इसी बीच रात करीब दस बजे अज्ञात कारणों से छप्पर में आग लग गयी। अचानक आग की लपटें उठती देख महिला की नींद टूट गयी। शोर मचाने पर गांव के लोग भी जुट गये। ग्रामीणों की मशक्कत से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका लेकिन आग बुझाने के दौरान चपेट में आने से महिला झुलस गयी। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। वहीं आगजनी से छप्परनुमा मकान में रखे गृहस्थी के सभी सामान व भूसा आदि जलकर राख हो गये। आगजनी में पीड़िता की दो बकरियों की झुलसने से मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# जिला खेल प्रतियोगिता में सर्वोदय विद्यालय की बेटियों का जलवा



श्रावस्ती। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय भयापुरवा भिनगा श्रावस्ती की छात्राओं ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। जिला क्रीड़ा कार्यालय श्रावस्ती के तत्वावधान में 14 व 15 जुलाई को स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में दो दिवसीय जूनियर वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग के बास्केटबॉल व एथलेटिक्स इवेंट में छात्राओं ने दमदार प्रदर्शन किया। बास्केटबॉल में एटीएस भयापुरवा भिनगा की छात्राओं ने सेमीफाइनल में कस्तूरबा गांधी विद्यालय को हराया और फाइनल में स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती को शिकस्त देकर पहला स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स में शॉटपुट में अनामिका चौधरी ने दूसरा और निशा राना ने तीसरा स्थान पाया। 100 और 200 मीटर दौड़ में बिंदिया राना, 400 मीटर दौड़ में वंदना ने दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय की प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अवधेश पांडेय और जिला क्रीड़ाधिकारी शिव कुमार यादव ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

गौरतलब है कि समाज कल्याण विभाग के इन विद्यालयों में ग्रामीण व वंचित तबके के बच्चों को निःशुल्क आवासीय सुविधा व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है।

# प्रमोद की विचारधारा को दें ताकत : श्यामकृष्ण

- प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में आयोजनों की धूम, हुई दीर्घजीवन की प्रार्थना

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर बुधवार को प्रशंसको व कार्यकताओं द्वारा जिले भर में विविध आयोजन हुए। प्रमोद तिवारी के दीघार्यु होने की कामना को लेकर सदभावना सभा, पौधरोपण, हवन पूजन, प्रसाद वितरण



तथा धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हुए। नगर के शैल श्याम पैलेस में सदभावना सभा में इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्यामकृष्ण पाण्डेय ने कहा कि प्रमोद तिवारी नैतिक मूल्यों को मजबूत करने वाले सर्वमान्य नेता हैं। उन्होनें कहा कि लोकतंत्र में संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित बनाने के प्रमोद तिवारी के राष्ट्रीय जागरण का पूरे देश में प्रभाव है। उन्होने कहा कि साम्प्रदायिकता बनाम सदभावना की छिडी जंग में प्रमोद तिवारी जैसा नेता ही सदभावना के वातावरण को मजबूत बनाये रख सकता है। मुख्य अतिथि श्यामकृष्ण पाण्डेय तथा कांग्रेस नेता मुकुन्द तिवारी एवं हरिकेश त्रिपाठी ने पं. श्यामकिशोर शुक्ल के साथ जन्मदिन पर केक काटकर सांसद प्रमोद तिवारी के दीघार्यु होने की कामना की। समारोह को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी, पं0 श्यामशंकर मिश्र, इरफान अली, मौलाना वाहिद, सुनीता पटेल, विजयशंकर त्रिपाठी, पं0 विधिदेव शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रशांत सिंह ने भी संबोधित कर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के गुणों का बखान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद एवं वरिष्ठ समाजसेवी पं0 श्यामकिशोर शुक्ल व संचालन साहित्यकार श्यामशंकर शुक्ल श्याम ने किया। संयोजक डॉ0 प्रशान्तदेव शुक्ल ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के संयोजन में कार्यकताओं ने केक काटकर प्रमोद तिवारी के जन्मदिन की खुशियां साझा की। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष मो0 इस्तियाक, वेदान्त तिवारी, श्यामशंकर त्रिपाठी, रामशिरोमणि वर्मा, इंद्रानंद त्रिपाठी, अधिवक्ता मकरंद शुक्ला, लव त्रिपाठी आदि रहे। सड़वा चन्द्रिका स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सभागार में प्रमोद तिवारी विकास मंच के अध्यक्ष संजय पाण्डेय के संयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए हस्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न, ललित पाण्डेय, आनन्दमोहन ओझा, पं. बलभद्र शुक्ल, पं. मंगलाचरण मिश्र, देवमणि तिवारी, राजीव कुमार आर्य, श्यामशंकर मिश्र, डा0 सतीश को राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसके बाद मंच के कार्यकताओं ने संजय पाण्डेय की अगुवाई में चण्डिका देवी धाम में हवन पूजन कर प्रमोद तिवारी के दीघार्यु होने की कामना की।

# राजस्व वाद और वसूली को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न



सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञान प्रकाश की उपस्थिति में राजस्व वाद एवं वसूली के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने निर्विवाद वरासत एवं राजस्व वादों के निस्तारण आदि की समीक्षा की गयी। निर्विवाद वरासत की कोई प्रकरण लम्बित न रहे समय सीमा के अन्दर निस्तारण करायें, राजस्व निरीक्षक/लेखपाल के स्तर पर लम्बित होने पर उनको नोटिस निर्गत करें। तहसील बांसी एवं शोहरतगढ़ में राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा की गयी। धारा-116 के 03 वर्ष से उपर के प्रकरणों को 15 अगस्त 2025 तक निस्तारित कराये। समस्त उपजिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदार/तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार प्रत्येक दिन कोर्ट में बैठकर 03 वर्ष से अधिक के सभी वादो का निस्तारण करने का निर्देश दिया। प्रतिदिन केस की सुनवाई करे। धारा 34 के 03 वर्ष से उपर के प्रकरणों को 25 अगस्त 2025 तक निस्तारित कराये। वादो को ऑनलाइन फीडिंग कराने का निर्देश दिया दिया। वरासत के प्रकरणों का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिए। किसी भी धारा का 05 साल एवं 03 साल के उपर का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए। अंश निर्धारण में प्रगति लाने का निर्देश दिया। धारा-24, धारा- 176, धारा-67, धारा-80 के अन्तर्गत प्रकरण पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

संक्षेप

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में देखे गए सौ से अधिक मरीज

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय परिसर में स्थित महंत दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा बुधवार को निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विश्व आयुर्वेद मिशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं ख्यातिलब्ध आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. जीएस तोमर ने सौ से अधिक रोगियों को परामर्श प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. तोमर ने रोगियों को परामर्श देते हुए कहा कि आयुर्वेद सिद्धांतों के अनुसार वर्षा ऋतु में वात दोष का प्रकोप स्वाभाविक रूप से होता है। अतः इस समय गठिया आदि वात दोष से पीड़ित रोगियों की संख्या सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि तेल वात विकारों में बहुत प्रभावी होता है। अतः तिल, सरसों एवं मूँगफली का तेल भोजन में अवश्य प्रयोग करें। पत्ते वाली सब्ज़ियों का प्रयोग न करें। इस अवसर पर एमिल फार्मास्युटिकल के सौजन्य ने हड्डियों की बीएमडी जांच भी निशुल्क की गई।

## युवती से छेड़छाड़ और लूट का मुकदमा दर्ज

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गाँव सलेमपुर निवासी एक युवती ने न्यायालय की शरण लेने के बाद अपने साथ छेड़छाड़ और लूट का मुकदमा दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ न सिर्फ दुर्व्यवहार किया बल्कि जेवरात भी लूट लिए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

सलेमपुर निवासी मोहिनी ने बताया कि चार माह पूर्व 17 मार्च को गाँव का ही मनीष पुत्र सूरजभान उसके घर में घुस आया। उसने पहले छेड़खानी की कोशिश की। जब मोहिनी ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और घर में रखे बक्से से सोने की जंजीर व अंगूठी निकाल ली। मोहिनी का कहना है कि जाते-जाते आरोपी ने उस पर तेजाब डालने और जान से मारने की धमकी भी दी।मोहिनी ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अब मामला दर्ज कर लिया है।इस मामले में जब निरीक्षक रामसहाय सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़, लूट और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल मामले की जाँच पड़ताल जारी है।

## शाहजहांपुर में युवक के घर पर मारपीट

जसवंतनगर, इटावा। मजदूरी के विवाद में बुधवार सुबह शाहजहांपुर गाँव में लरखोर निवासी एक युवक ने अभिषेक के घर पर पहुँचकर मारपीट की और फिर अपनी ईको गाड़ी से युवक व उसकी बहनों को रौंदने का प्रयास किया। इस हमले में एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि दो अन्य लोग भी चोटिल हुए हैं।

शाहजहांपुर निवासी अभिषेक पुत्र अखिलेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह लरखोर निवासी विकास पुत्र अजीत की आटा चक्की पर काम करता था। मजदूरी का भुगतान न होने पर उसने काम पर जाना बंद कर दिया। इसी बात पर नाराज होकर विकास बुधवार सुबह अभिषेक के घर पहुँच गया। उसने पहले गाली-गलौज की और फिर मारपीट शुरू कर दी।ग्रामीणों के बीच-बचाव के बाद भी आरोपी नहीं माना। गुस्से में उसने अपनी ईको गाड़ी चढ़ा दी, जिससे अभिषेक की 16 वर्षीय बहन जीतू कुमारी का कमर के पास से बाँया पैर टूट गया। वहीं 20 वर्षीय बहन रोहिनी कुमारी और अभिषेक भी घायल हो गए। घटना के बादअफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुँची 108 एम्बुलेंस के ईएमटी हरवेंद्र कुमार और पायलट संदीप कुमार ने घायलों को तत्काल सैफई मेडिकल कॉलेज पहुँचाया। जहाँ जीतू कुमारी की हालत गंभीर बनी हुई है।निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त कर ली गई है और मामले की जाँच की जा रही है।

## करंट से युवक की मौत

इटावा। चैबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करीं निवासी युवक की करन्ट लगने से मौत हो गयी। युवक की मौत से घर व परिवार में शोक का मातम छाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। चौबिया क्षेत्र के ग्राम करीं निवासी सोनू जाटव उम्र 21 पुत्र बदन सिंह की करंट लगने से मौत हो गयी। युवक की मौत से गांव व परिवार में मातम सा छा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

# जिले को मिला फ्लाईओवर

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र भेजकर दी बड़ी सौगात

- एनएच-27 पर बोक्टा से सहजनवां तक एलिवेटेड फ्लाईओवर को मिली मंजूरी,
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मंत्री नितिन गडकरी व सीएम योगी को सांसद ने जताया आभार



गोरखपुर। पूर्वांचल को आधुनिक बुनियादी ढांचे की दिशा में आगे ले जाने वाली एक ऐतिहासिक पहल को आज केंद्र सरकार की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद रवि किशन शुक्ला और सहजनवां विधानसभा के विधायक प्रदीप शुक्ला के निरंतर आग्रह व प्रयासों के फलस्वरूप एनएच-27 पर बोक्टा से सहजनवां तक एलिवेटेड फ्लाईओवर के निर्माण को केंद्र की मंजूरी मिल गई है। यह जानकारी स्वयं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने एक पत्र के माध्यम से सांसद रवि किशन को दी है। पत्र में बताया गया है कि लगभग ?700 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना के लिए डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने हेतु सलाहकार की नियुक्ति कर दी गई है और नियमानुसार आगे की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। सांसद रवि किशन शुक्ला ने बताया कि वह इस ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, प्रगतिशील केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी और उत्तर प्रदेश के कर्मयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। यह फ्लाईओवर केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि पूर्वांचल के लाखों लोगों के जीवन में बदलाव की शुरूआत है। यह मेरी जनता के लिए मेरा संकल्प है। सांसद रवि किशन शुक्ला और विधायक प्रदीप शुक्ला की यह पहल पूर्वांचल को विकास के नए पथ पर अग्रसर करेगी। यह फ्लाईओवर न केवल आवागमन को आसान बनाएगा बल्कि आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, उद्योग और शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आएगा।

### फ्लाईओवर के निर्माण से होंगे ये व्यापक लाभ

*- तेज, सुगम और सुरक्षित यात्रा का मार्ग प्रशस्त*
*-गोरखपुर-सहजनवां के बीच ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं में भारी कमी*
*-व्यापार, उद्योग और निवेश को बढ़ावा*
*-क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक सुधार*
*-आमजन को मिलेगा बेहतर जीवन स्तर और समय की बचत*

# एमजीयूजी के फॉर्मेसी संकाय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन



गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के फैकल्टी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में बी.फार्म तथा डी.फार्म पाठ्यक्रमों के नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फामेर्सी संकाय के प्रधानाचार्य डॉ. शशिकांत सिंह ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा पाठ्यक्रम केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह औषधि निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, रोगी परामर्श तथा अनुसंधान के नवीनतम आयामों से भी परिचित कराता है। डॉ. सिंह ने कहा कि इस विश्वविद्यालय में प्रयोगशाला कार्य, औद्योगिक भ्रमण तथा सामुदायिक सेवा के माध्यम से आपको व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाता है, जिससे आप एक सक्षम और संवेदनशील फार्मासिस्ट के रूप में समाज की सेवा कर सकें। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. एम.एन. पुरोहित ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को पारस्परिक संबंधों को मजबूत रखने एवं अपने कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मरीजों के उपचार में हमेशा 'आरआरआर सिद्धांत' (राइट ड्रग, राइट पर्सन, राइट टाइम) का जरूर पालन करें। आभार ज्ञापन फामेर्सी संकाय के सहायक अध्यापक दिलीप मिश्रा व संचालन आशीष दुबे ने किया। कार्यक्रम में प्रवीन कुमार सिंह, दीपक कुमार, डॉ. अमित उपाध्याय, पूजा जयसवाल, जूही तिवारी, श्रेया मद्धेशिया आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

# धर्मार्थ सेवा द्वारा ढाई माह तक चली जल सेवा का समापन



इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा द्वारा जिला अस्पताल परिसर में चलाई जा रही निःशुल्क शीतल जल सेवा का ढाई महीने बाद मंगलवार को विधिवत समापन हो गया, जिसके लिए शाखा और अस्पताल प्रशासन की ओर से एक दूसरे का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 मई से 30 जून 2 माह तक के लिए निःशुल्क शीतल जल सेवा आरंभ की गई थी, लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए सीएमएस के आग्रह पर इसे शाखा परिवार द्वारा 15 जुलाई 15 दिन तक के लिए आगे और बढ़ा दिया गया। समापन कार्यक्रम भारत माता एवं स्वामी विवेकानंदजी के चित्र पर पुष्पार्पण के बाद वंदे मातरम्गीत के साथ हुआ। शाखा के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र कुमार दीक्षित ने जल सेवा प्रकल्प के बारे में बताते हुए दोनों सीएमएस समेत जल सेवा में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों का आभार जताया तथा यह भी कहा कि अगले वर्ष इसे तीन माह तक चलाए जाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। सीएमएस पुरुष डा. परितोष शुक्ला एवं सीएमएस महिला डा. अनिल कुमार ने शाखा परिवार का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अगले वर्ष होने वाली इस जल सेवा स्थल को और अधिक चैड़ा कराकर यहां सेवा करने वालों के लिए कूलर की व्यवस्था कराने का पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर दोनों अतिथि सीएमएस एवं जल सेवा में नियमित समय का सहयोग देने के लिए शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित, सचिव महेश कुमार बाथम, कोषाध्यक्ष सीबी मिश्रा के साथ ही जल सेवा के संयोजक एसएन दुबे तथा समाजसेवी पत्रकार मुजफ्फर अली लड्डन, रघुवीर यादव का महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, कौशल चंद्र चतुवेर्दी, रनवीर सिंह गौर, अवधेश सविता एवं घनश्याम तिवारी द्वारा अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। संचालन आचार्य महेश चंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में सुधीर मिश्र, प्रखर गौड़, रामनरेश सिंह, दिनेश राजपूत, गौतम आदि मौजूद रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# दिनदहाड़े मोबाइल छिनैती करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

## मोबाइल खरीदने वाला दुकानदार भी बना अभियुक्त



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के भोपा बाजार चौराहे पर गत 28 जून को एक युवती से दिनदहाड़े मोबाइल छिनने वाले पल्सर सवार दो बदमाशों को चौरीचौरा पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। तथा विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों को जेल भेज दिया। दोनों आरोपियों पर पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज है। बताते चलें कि गत 28 जून को ग्राम सभा शत्रुधनपुर के तरकुलहा टोला निवासी नेहा चौहान किसी विशेष कार्य से अपनी मां के साथ चौरीचौरा आई हुई थी। भोपा बाजार चौराहे पर सड़क पार करते समय एक मोटर साइकिल पर सवार दो युवकों ने उनका मोबाइल छिन लिया और फरार हो गये। पुलिस ने इस लूट कांड में शामिल झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुर के शर्मा टोला निवासी अमित निषाद और संजय उर्फ गोली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद छिनैती की गई मोबाइल के बारे में अभियुक्तों से पूछा गया तो इन दोनों ने बताया कि आशुतोष पुत्र मूलचंद्र जिसका मोतीराम अड्डा में मोबाइल की दुकान है। उसे मोबाइल बेच दिये है।अभियुक्तों के बयान पर दुकानदार आशुतोष को मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। चौरीचौरा थाने पर प्रेसवार्ता कर एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि सीसीटीबी कैमरे की मदद से आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। उक्त अवसर पर क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा अनुराग सिंह, थाना प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा, उपनिरीक्षक नागेंद्र मणि सहित तमाम पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के बढ़ते जनाधार से भाजपा बौखलायी : आशुतोष दीक्षित



इटावा। भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से बौखलाई हुई है। इसी बौखलाहट के चलते षड्यंत्र के तहत कांग्रेस नेताओं पर झूठे मुकदमे लगवाकर कांग्रेस पार्टी को बदनाम करना चाहती है।यह बयान कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कांग्रेस नेता अनिल यादव पर हुई पुलिस कार्रवाई के चलते दिया। उन्होंने कहा कि अनिल यादव वरिष्ठ कांग्रेसी होने के साथ-साथ एक साफ सुथरी छवि वाले प्रतिष्ठित व्यापारी भी है। और कारोबार में बहुत से लेन-देन होते रहते हैं। किंतु कांग्रेस विरोधी भाजपा इस बात को राजनैतिक रंग देने पर तुली है जबकि यह पूरी तरह से व्यापारिक मामला है। जिसमें आरोप लगा है अभी सिद्ध भी नहीं हुआ है। हमारे नेता लोकप्रिय जननायक राहुल गांधी एवं हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देशन में कांग्रेस के बढ़ते जनाधार से भाजपा अपना मानसिक संतुलन खोकर कांग्रेसी नेताओं को फंसाने की साजिश में लगी हुई है। किंतु कांग्रेस जनों की एकता उसको अपने इस उद्देश्य में सफल नहीं होने देगी। अभी तो शुरूआत है अभी से जब यह हाल है तो आगे सत्ता पक्ष कांग्रेस पार्टी के नेताओं के साथ क्या-क्या करने वाली है यह साफ दिखने लगा है। इसी क्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद राशिद खान ने अनिल यादव के पक्ष में अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि सत्ता पक्ष कांग्रेस की सक्रियता से, कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से घबराया हुआ है। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं पर फर्जी मुकदमे लगा कर कांग्रेस पार्टी को कमजोर करना चाहती है।

# पुलिस तीन चोरों को पकड़ा, ऑटो व रुपये बरामद



इटावा। पुलिस ने चोरी की योजना बना रहे 3 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। कब्जे से 10,500 रुपये, चोरी की घटना में प्रयुक्त सामान तथा ऑटो किया गया बरामद। पुलिस थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। 16 जुलाई की रात्रि को थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि सुन्दरपुर गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर बने हाइवे के पुल के नीचे कुछ लोग ऑटो में बैठे हुये है जो संदिग्ध प्रतीत हो रहे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस टीम द्वारा 3 व्यक्तियों को ग्राम सुन्दरपुर को पास से पकड़ लिया। पुलिस टीम ने कड़ाई से पूछताछ की गयी तो अभियुक्तो ने बताया कि हम तीनों लोग मिलकर ऑटो से दिन में घूम-घूमकर बंद मकानों की रेकी करते है और मौका मिलते ही रात में उन मकानों में ताला तोडकर चोरी कर लेते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया गया कि 11 जुलाई को जीजी कान्वेन्ट स्कूल के सामने वाली गली तुलसी अड्डा थाना फ्रेंडस कालोनी में बम्बिया के पास बंद पड़े एक मकान से चोरी की थी। इस सम्बन्ध मे थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पर मामला दर्ज है। बरामद ऑटो को एमवीएक्ट के तहत सीज किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष फ्रेंड्स कॉलोनी अमित कुमार मिश्र, उ.नि. सन्त कुमार, उ.नि. भारत सिंह, उ.नि. नितिन चैधरी, उ.नि. सौरभ सिंह रहे। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपने नाम राजा उर्फ छोटे पुत्र अजीज अली निवासी मेवाती टोला थाना कोतवाली, हाल पता पक्काबाग तिराहा विकास कालोनी थाना इकदिल, सुबोध पुत्र रवि कुमार निवासी ग्राम नगला भीकन थाना फ्रेंडस कालोनी हाल पता तुलसी अड्डा थाना फ्रेण्डस कालोनी, सोहन उर्फ सोना पुत्र छोटेलाल निवासी अशोकनगर थाना फ्रेंडस कालोनी बताया।

# शारीरिक स्वास्थ्य जितना आवश्यक है, मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही जरूरी

## फातिमा अस्पताल के स्थापना के 30 वर्ष पूर्ण होने पर गोष्ठी का आयोजन



चरगांवा, गोरखपुर। पादरी बाजार स्थित फातिमा अस्पताल ने स्थापना के 30 वर्षों की पूर्णता के उपलक्ष्य में बुधवार को नर्सिंग कालेज के आडिटोरियम में ₹मानसिक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण₹ विषयक एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक, पारिवारिक और विद्यालयिक परिवेश में मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका को रेखांकित करते हुए विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि मनोचिकित्सक डॉ.सी.बी. मद्धेशिया ने दीप प्रज्वलन किया तदुपरांत फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं द्वारा प्रार्थना नृत्य के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि डा मद्धेशिया ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जबकि यह हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। एक स्वस्थ मन ही एक स्वस्थ शरीर का आधार है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी, तनाव, प्रतिस्पर्धा और सामाजिक दबाब के कारण मानसिक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। हमें इसे लेकर सजग रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर फातिमा अस्पताल के निदेशक फादर डॉ. संतोष सेबास्टियन ने उपस्थित सभी अतिथियों, अन्य विद्यालयों से आए शिक्षिकों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया और फातिमा हॉस्पिटल की 30 वर्षों की सेवा यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि, ₹मानसिक रोग भी अन्य शारीरिक बीमारियों की तरह ही होते हैं और इनका इलाज संभव है। समाज को इस विषय पर जागरूक करना और मानसिक रोगों को लेकर फैली भ्रांतियां दूर करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता हैं।स्कूल,कॉलेज, व कार्य स्थल जैसे सभी स्तरों पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।फातिमा अस्पताल के निदेशक फादर डॉ ० संतोष सेबास्टियन ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य जितना आवश्यक है मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही जरूरी हैं। अंत में फातिमा अस्पताल के एसोसिएट निदेशक फादर शिंजो ने सभी अतिथियों, छात्रों, प्रतिभागियों एवं अस्पताल के विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्षों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, छात्र छात्राएं, अस्पताल के विभागाअध्यक्ष के साथ स्वास्थ्य विशेषज्ञों की बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

# युवक ने किया 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म

इटावा। जिले के बसरेहर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मंगलवार की शाम एक 22 वर्षीय युवक ने 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने जामुन खिलाने के बहाने बच्ची को अपने घर में बुलाया। घटना का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित बच्ची और उसकी 3 साल की छोटी बहन घर लौटीं। दोनों बहनों ने बताया कि पड़ोसी चाचा ने उन्हें जामुन खाने के लिए घर बुलाया था। उन्होंने कहा कि बाहर जामुन गंदे हैं, घर के अंदर पेड़ पर अच्छे जामुन हैं। जब दोनों बहनें जामुन खा रही थीं, तभी आरोपी ने 6 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर एसपी ग्रामीण, सीओ सैफई और फॉरेंसिक टीम पहुंची। सीओ सैफई रामगोपाल शर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता की मां ने बताया- पड़ोस में रहने वाला युवक घर में अकेला रहता है। बच्ची को जामुन का लालच देकर अपने सुने मकान में ले गया। परिवार के एक बच्चे ने सूचना दी। हम मौके पर पहुंचे तो वह बेटी के साथ गलत हरकत कर था। हम चाहते हैं आरोपी को कम से कम आजीवन कारावास हो।

# जिला जज ने किया संप्रेषण गृह का निरीक्षण

इटावा। जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन ने मंगलवार को राजकीय संप्रेषण गृह किशोर व राजकीय विशेष गृह किशोर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणरूपेन्द्र टोंगर और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक समेत गृह के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। न्यायाधीश महोदय ने संस्था में निरुद्ध किशोरों से बातचीत की और उनकी दैनिक दिनचर्या, खानपान, शिक्षा, खेलकूद और योगाभ्यास की स्थिति का विस्तार से आकलन किया। उन्होंने प्रभारी जिला परिवीक्षा अधिकारी और संस्था के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि किशोरों को आवश्यक शिक्षा सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक से समन्वय स्थापित कर पत्राचार करें। निरीक्षण के दौरान किशोरों द्वारा बनाए गए मॉडलों और छायाचित्रों को देखकर न्यायाधीश ने उनकी रचनात्मकता की सराहना की और उन्हें आगे भी इसी तरह प्रेरित रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

## कचेहरी जा रहे दादा-पोते की बाइक को टक्कर मारी

जिला संवाददाता (vol)

इटावा। शहर के फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत विजयनगर-पचावली रोड पर लोकासाई नहर पुल के पास बुधवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार और बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक सवार वृद्ध नाथू सिंह और उसके नाती यशपाल को टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नाती गंभीर रूप से घायल हो गया।

वृद्ध अपने नाती यशपाल पुत्र सर्वेश कुमार निवासी कांकरपुरा थाना चैबिया के साथ बाइक पर सवार होकर इटावा कचहरी जा रहे थे, तभी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के लोकासाई के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन स्थानीय लोगों ने पीछा कर उसे दबोच लिया और पुलिस को सौंप दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे चैकी इंचार्ज भारत सिंह ने ट्रैक्टर और चालक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक नाथू सिंह उम्र 65 पुत्र अनोखेलाल यादव के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, वहीं घायल नाती को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रैक्टर चालकों पर कोई सख्ती नहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि कृषि उपयोग के लिए निर्धारित ट्रैक्टरों का धड़ल्ले से वाणिज्यिक उपयोग किया जा रहा है। ये ट्रैक्टर शहर की सड़कों और हाईवे पर भारी भाड़ा लेकर दौड़ते हैं, जिससे खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। न तो पुलिस, न ट्रैफिक विभाग और न ही बीआरटी द्वारा इन पर कोई कार्यवाही की जाती है। नतीजतन, ऐसे हादसे अब आम हो गए हैं, जिनमें बेकसूर लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।

# रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाई रखी जायें

- पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन ने प्रशिक्षणरत आरक्षियों की आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया



बलरामपुर। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक द्वारा पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के साथ रिजर्व पुलिस लाइंस बलरामपुर में प्रशिक्षणरत आरक्षियों की आधारभूत सुविधाओं व सुरक्षा एवं प्रशिक्षण हेतु की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा बैरकों, क्लासरूम, परेड ग्राउंड, प्लेग्राउंड, आवासीय परिसर, भोजनालय, शौचालय, स्नानागार व पेयजल आदि सभी व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया।

उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासित, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए, जिससे वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। रिक्रूट आरक्षियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए महोदय द्वारा बैरकों में पर्याप्त पंखे व कूलर, पानी पीने हेतु आर.ओ. व जलशीतलन यंत्र, साफ-सुथरे शौचालय व स्नानागार, पोषणयुक्त भोजन एवं नियमित सफाई व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डी. आई. जी. द्वारा यह भी निर्देश दिए कि रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाई रखी जाए। उन्हें ऐसा वातावरण प्रदान किया जाए जो अनुशासन, स्वच्छता, सुरक्षा एवं मानसिक-सामाजिक संतुलन को बढ़ावा देता हो, जिससे वे एक कुशल, कर्तव्यनिष्ठ एवं संवेदनशील पुलिसकर्मी के रूप में विकसित हो सकें। प्रशिक्षण स्थल पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनियमितता या लापरवाही की स्थिति मिलने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण न केवल एक प्रक्रिया है, बल्कि यह भावी पुलिस बल की नींव है। ऐसे में सभी व्यवस्थाओं को मानव-केंद्रित, सुव्यवस्थित एवं उच्चस्तरीय बनाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइंस/ललिया डॉ0 जितेन्द्र कुमार प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव प्रभारी जेटीसी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड,**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल - चौक,**
**प्रथम तल, नींबू पार्क चौराहा, चौक, लखनऊ मध्य क्षेत्र, लखनऊ।**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचनाः 13/E.UD.C. Chowk/2025-26 दिनांक : 16-07-2025

**कार्य का नामः** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड- रेजीडेन्सी में जमा योजना के तहत वितरण तन्त्र के निर्माण इत्यादि के कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1180/- एवं धरोहर धनराशि रू. 3500.00

**ई-निविदा प्रपत्र शुल्कः** रू0 1180 | **धरोहर राशि :** रू0 3500

**ई-निविदा की अन्तिम तिथिः** 23 जुलाई 2025, 12.00 बजे अपरान्ह।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचानाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

''राष्ट्रहित मे ऊर्जा बचाए, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगाए''
(पत्रांक 3222 / दि. 16.07.2025)

(अधीक्षण अभियंता)
विद्युत नगरीय वितरण मण्डल चौक
मध्य जोन, लेसा, लखनऊ

संक्षेप

## मकान विवाद में चले लाठी डंडे

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर के मोहल्ला मुन्नूगंज में एक पुराने मकान विवाद को लेकर जमकर बवाल हो गया। गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बताते हैं कि मुन्नुगंज निवासी रामचन्द्र सिंह पुत्र नन्दा सिंह का अपने ही परिजनों के साथ एक मकान को बेचने के मसले पर लंबे समय से विवाद चल रहा था। मंगलवार को जब रामचन्द्र सिंह अपने दरवाजे पर बैठे थे, तभी विपक्षी जगवीर सिंह पुत्र रामचन्द्र और शिवम सिंह पुत्र जगवीर, दोनों निवासी मुन्नुगंज, मौके पर पहुंचे और विवाद करने लगे। पीड़ित रामचन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों ने मकान बेचने को लेकर गंदी-गंदी गालियां दीं और अचानक लाठी से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षियों ने मकान बेचने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंच सूचना दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## फ्लिपकार्ट के स्टोर से लाखों का सामान चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर में फ्लिपकार्ट कार्यालय में चोरों ने ताले तोड़ कर दो लाख की नगदी समेत लाखों का माल पार कर दिया। फ्लिपकार्ट कार्यालय प्रभारी मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम बूधरपुर निवासी जितेंद्र कुमार ने कोतवाली में दी तहरीर कहा है कि 13 जुलाई की रात चोरों ने घटना को अंजाम दिया। जब वह सोमवार सुबह कार्यालय खोलने आए, तब चोरी की जानकारी हुई। करीब 2 लाख 19 हजार रुपये नकद, 14 मोबाइल फोन, एक कैमरा, हार्डडिस्क और कैश लॉकर को पार कर ले गए। जिससे सनसनी फैल गई है।यह कार्यालय मोहम्मदी रोड पर पटेल चैराहे के पास बताया जा रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज कंगाले जा रहे हैं। ताकि घटना में शामिल लोगों का पता लगाया जा सके।

## नवविवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत दहेज हत्या का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल)कोतवाली क्षेत्र में एक नवविवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि मृतका के पिता ने पति व सास पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। बुधवार को अलीगंज निवासी सुनील की पत्नी रोहिनी देवी ने अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में फांसी से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंचे थाना नीमगांव क्षेत्र के ग्राम रामपुर निवासी मृतका के पिता रामसरन पुत्र बनवारी लाल ने हत्या का आरोप लगाते हुये दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसने अपनी पुत्री रोहिनी का विवाह पांच माह पूर्व अलीगंज निवासी सुनील पुत्र प्यारे लाल के साथ किया था। शादी के बाद से पति सुनील और उसकी मां तारावती दिये गये दान दहेज से खुश नहीं थे और एक लाख रुपए नकद देने का दबाव बना रहे थे। बुधवार को अलीगंज निवासी उसकी बहन ने रोहिनी की मौत की सूचना फोन पर दी। मृतका के पिता रामसरन का कहना है कि पति सुनील का कहना है कि रोहिनी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की जबकि ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज न दे पाने के कारण उसकी पुत्री की हत्या की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रभारी मंत्री ने परखीं जिलों की योजनाएं



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व जनपद खीरी के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर लखीमपुर खीरी पहुंचे। जनपद आगमन पर कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।

इसके उपरांत मंत्री नितिन अग्रवाल ने जिला योजना समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए योजनाओं, बजट और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से एमएलसी इंजी. अवनीश कुमार सिंह, विधायक योगेश वर्मा, विधायक विनोद शंकर अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, डीएफओ संजय बिस्वाल, पीडी एसएन चौरसिया सहित समिति के सदस्यगण मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। लाभार्थीपरक योजनाओं में केवाईसी व डीबीटी की प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैंकों से समन्वय बनाते हुए सभी लक्ष्यों की पूर्ति समय से हो। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण में बाधा बने विद्युत पोल की त्वरित शिफ्टिंग कराने, जल जीवन मिशन के तहत हुई खुदाई के बाद सड़कों की मरम्मत व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही निर्देश दिए कि जब तक जनप्रतिनिधियों द्वारा काम की गुणवत्ता की पुष्टि न हो, सम्बन्धित कंपनी को फंड रिलीज न किया जाए। एमएलसी, विधायकों व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सहित समिति के सदस्यों ने बैठक में विभिन्न सुझाव रखे, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा मिले सुझावों पर कार्यवाही की जाए। बैठक के अंत में सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों व समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## भूजल सप्ताह के अंतर्गत प्रभारी मंत्री ने दिलायी जल संरक्षण की शपथ

भूजल सप्ताह के तहत प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट में मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने जल संकट को भविष्य की चुनौती बताते हुए हर स्तर पर जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। सभी विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं, भौतिक लक्ष्यों और वर्तमान प्रगति का ब्यौरा प्रस्तुत किया। हर गांव तालाबद्ध की लघु फिल्म ने बटोरी सराहना ः सीडीओ अभिषेक कुमार की अभिनव पहल ₹हर गांव तालाब₹ पर आधारित लघु फिल्म का विशेष प्रसारण किया गया, जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने सराहा। फिल्म ने पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन का संदेश दिया।

## एक वारण्टी गिरफ्तार

शाहजहाँपुर । तिलहर पुलिस टीम ने 01 वारण्टी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चलाये जा रहे अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तिलहर के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम अपराध, बरामदगी अवैध शराब, शस्त्र, मादक पदार्थ एंव चोरी, लूट, डकैती, गौ तस्कर, जिला बदर अपराधी व वांछित/वारण्टी अपराधी की गिरफ्तारी के क्रम में थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा द्वारा 01 नफर वारण्टी हरपाल पुत्र घुरईलाल निवासी मो0 नितगंजा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर सम्बन्धित वाद सं0 136/24 धारा 323/ 324/ 504/ 506/ 308 भा.द.वि. थाना तिलहर के निर्गत वारण्ट के अनुपालन में मो0 नितगंजा थाना तिलहर क्षेत्र में वारण्टी के मसकन से गिरफ्तार किया गया । उक्त वारण्टी को सम्बन्धित मा० न्यायालय के समक्ष समय से पेश किया गया ।

## कथा वाचक संजीवनी मिश्रा का शहर में हुआ स्वागत



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) छोटी काशी के नई बाईपास रोड स्थित साईं मैरिज लान में आयोजित होने बाली श्रीमद् भागवत के पहले कथावाचक संजीवनी मिश्रा के आगमन पर उनका भव्य स्वागत फूल मालाओं से लादकर ढोल नगाड़ों के साथ धूमधाम से किया गया। नगर में प्रवेश के दौरान श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक समाजसेवी एवं व्यापारी नेता पटेल अशोक कनौजिया, जिला पंचायत सदस्या शिखा कनौजिया, पटेल सुशील वर्मा,सतीश वर्मा, पंकज वर्मा, डॉक्टर मनोज वर्मा, डॉक्टर सानू, रामसेवक वर्मा, प्रदीप वर्मा, शिवांगी वर्मा, नवीन वर्मा, रामकुमार, जनार्दन मौर्य, मीनाक्षी मौर्य ,नन्ही देवी, सुमन सुशील समेत दर्जनों लोगों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। फिर मैरिज लाइन में आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। जिसमें कथा वाचक संजीवनी मिश्रा ने अपने मुखारविंद से धुंधकारी के प्रसंग का विस्तार से वर्णन सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया ।इस मौके पर कथा प्रेमी मौजूद रहे।

## सांड़ के हमले से अधेड़ जख्मी, बरेली रेफर

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में नेशनल हाईवे पर गुरेला तिराहे के पास बाइक सवार पर सांड़ ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर इलाज के लिए सी एच सी पर भर्ती कराया गया जहां हालत नाजुक होने के चलते जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया जहां से उन्हें इलाज के लिए बरेली भेजा गया है। गांव बढ़वारी मांग निवासी सौरभ ने बताया उनके पिता लाल बहादुर सिंह बाइक से मोहम्मदी आ रहे थे। हाईवे पर गुरेला तिराहे के पास पहुंचते ही सड़क पर घूम रहा साडं हम लावर हो गया और उन्हें सड़क पर उठा उठा कर पटकने लगा दुकानदारों ने दौड़कर किसी तरह से उनकी जान बचाई और एंबुलेंस को सूचना देकर अस्पताल में भर्ती कराया जांच के दौरान हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया जहां से इलाज के लिए बरेली ट्रामा सेंटर भेजा गया है।

## कांग्रेस के पदाधिकारी ने की बैठक

लखीमपुर खीरी। पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन मंडल गठन के संदर्भ में आज पूर्व महासचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोऑर्डिनेटर अभिषेक सिंह पटेल के नेतृत्व में तथा जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रवि तिवारी की अध्यक्षता में धौरहरा विधान सभा के अंतर्गत ब्लॉक धौरहरा कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ईसानगर पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ अलग अलग संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष/प्रवक्ता रवि तिवारी ने बताया कि मंडल गठन संदर्भ में विस्तार पूर्वक चर्चा कर 25 बूथ पर एक मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति का आधार बनाया गया है ' उसी कड़ी में आज ब्लॉक धौरहरा में पांच मंडल गठित किए गए एवं ब्लाक ईसानगर में 8 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति का ब्यौरा तैयार कर अति शीघ्र गठन के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए ' उक्त बैठकों को संबोधित करते हुए तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए मजबूत धारदार संगठन होना आवश्यक है ' आज भाजपा सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान है सरकार की असफल नीतियों से युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी, सरकारी नौकरी पद नियुक्ति का प्रयास न होना, युवाओं को रोजगार उपलब्ध योजना का निर्माण नहीं होना, स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों को महंगाई की दोहरी मांग दी है। उक्त बैठकों में प्रमुख रूप से उपस्थित बाबू राम दीक्षित, सुनील कुमार भार्गव, जमाल अहमद, युवा कांग्रेस अध्यक्ष नवाज खान, नन्द किशोर पाल, विनय गुप्ता, सलीम खान, सुनील बंसल, विविध कुमार वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष ईसानगर, चंद्रेश यादव, धीरेन्द्र भार्गव आदि सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## गन्ने से हटकर दलहन, तिलहन और मक्का की ओर बढ़ें किसान



लखीमपुर खीरी। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र, मझरा पहुंचे। उन्होंने इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च (आईसीएआर) के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में किसानों से संवाद किया और वैज्ञानिक खेती को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में गोला विधायक अमन गिरी, कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी, अपर कृषि निदेशक बी एवं प्रक्षेत्र डॉ. अमरनाथ मिश्रा, संयुक्त कृषि निदेशक अजयकृष्णा, डीडी कृषि गिरीश चंद्र व जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह समेत कृषि विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। किसानों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि केवल गन्ने पर आधारित खेती से किसान को दीर्घकालिक लाभ नहीं मिल सकता। उन्होंने किसानों से दलहनी, तिलहनी और मक्का जैसी फसलों की ओर रुख करने की बात कही। मंत्री ने वैज्ञानिकों द्वारा सुझाई गई उर्वरक की मात्रा और समयबद्ध प्रयोग को जरूरी बताया। कृषि मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्र के प्रक्षेत्रों का निरीक्षण किया, जहां उन्हें गन्ने की 25 प्रजातियां दिखाई गईं। इसके अलावा उन्होंने श्री अन्न उत्पादन और केंद्र में विकसित अन्य कृषि तकनीकों की भी जानकारी ली। इसके बाद कृषि मंत्री ने क्रभको उर्वरक वितरण केंद्र और वर्मा इंटरप्राइजेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की जांच की गई और किसानों से फीडबैक लिया गया। मंत्री ने किसानों को संतुलित मात्रा में खाद के प्रयोग की सलाह दी और अनावश्यक भंडारण से बचने की चेतावनी भी दी। मंत्री ने वर्मा इंटरप्राइजेज पर अधिकारियों की टीम से खाद के गुणवत्ता परीक्षण के लिए नमूने भी अपनी मौजूदगी में संग्रहित कराए।

## पुलिस लाइन में 15 पत्रावली पर सुनवाई 2 दंपति को किया गया विदा

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन जनपद शाहजहांपुर में किया गया। परिवार परामर्श केंद्र में 15 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 02 दम्पति को विदा किया गया । थाना खुदागंज जनपद शाहजहंपुर के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 03 वर्ष पूर्व हुई थी। पति शराब पीकर मारपीट करता था । आवेदिका नाराज होकर 1 माह से मायके में थी। इसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहांपुर बुलाया गया कदोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया कप्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। थाना तिलहर जनपद शाहजहांपुर के एक दंपति जिनकी शादी को 10 वर्ष हो चुके हैं दोनों पक्षों में दहेज की मांग को लेकर झगड़ा हुआ था। दोनों पति-पत्नी में कहा सुनी हो गई थी। पत्नी करीब 9 माह से अपने मायके में रह रही हैं। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और समझाया गया ।जिसमें दोनों पक्षों ने आपकी सहमति से समझौता कर लिया है दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हैं। दोनों पति पत्नी को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया ।इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र जनपद शाहजहांपुर उपनिरीक्षक मधु यादव, मुख्य आरक्षी पूनम मिश्रा, महिला आरक्षी मोनिका रानी, महिला आरक्षी करुणा, महिला आरक्षी पिंकी, महिला आरक्षी मोनिका कुमारी आदि मौजूद रहे।

## किसान नेताओं ने एसडीएम से मिलकर मांगा गन्ना मूल्य का भुगतान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) चीनी मिलों द्वारा किसानों का गन्ना भुगतान न किए जाने से परेशान राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर गन्ना भुगतान करने की मांग की है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा के नेतृत्व में किसानों का प्रतिनिधिमंडल तहसील पहुंचा जहां एसडीएम युगांतर त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा कर गन्ना भुगतान करने की मांग की। किसानों ने कहा कि वसूली प्रमाण पत्र जारी होने के बावजूद दो माह से कोई भी प्रशासनिक कार्यवाही नहीं हुई है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति चरमराती जा रही है।

प्रदेश अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा कि प्रमुख सचिव गन्ना एवं चीनी बीना कुमारी के निर्देश पर गन्ना आयुक्त प्रमोद कुमार उपाध्याय ने 9 मई को तीनों चीनी मिलों गोला खंभार खेड़ा और पलिया के विरुद्ध वसूली प्रमाण पत्र जारी किया था। इसके अंतर्गत बकाया गन्ना भुगतान की रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को विधिक कार्यवाही करनी थी, लेकिन अब तक न कोई कुर्की हुई, न ही मिल प्रबंधन पर दबाव बनाया गया। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों को अपने घर-परिवार के खर्च, बच्चों की पढ़ाई और बीमारों के इलाज तक में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों ने एसडीएम को बताया कि वर्ष 2021 में भी गन्ना आयुक्त द्वारा 37131.60 लाख रुपये की वसूली के लिए प्रमाण पत्र जारी किया गया था, जिस पर तत्कालीन एसडीएम ने बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की संपत्ति कुर्क करने के आदेश दिए थे। हालांकि अधिकारियों की मिलीभगत से वह कुर्क संपत्ति अब भी बजाज के ही अनाधिकृत कब्जे में है और मिल प्रबंधन उसी से करोड़ों की आय अर्जित कर रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जब मई 2025 में पुनः वसूली प्रमाण पत्र जारी हुआ और इस विषय में प्रमुख सचिव गन्ना एवं चीनी को ज्ञापन दिया गया, तब समाचार पत्रों में यह खबर छपने के बाद संबंधित अधिकारियों में हड़कंप मच गया था। एसडीएम युगांतर त्रिपाठी ने किसान नेताओं को आश्वस्त किया कि वे हाल ही में इस क्षेत्र में नियुक्त हुए हैं और अब उन्हें इस मामले की जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन शीघ्र ही वसूली प्रमाण पत्र पर विधिक प्रक्रिया के तहत ठोस कार्यवाही करेगा और किसानों का बकाया भुगतान सुनिश्चित कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## सांसद उत्कर्ष वर्मा ने सुनीं लोगों की समस्याएं



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर ने गोला के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। फिर खुटार रोड पर नंगापुर के निवासी महेंद्र वर्मा के अंतिम संस्कार में मुक्तिधाम पर शामिल हुए। इसके बाद गोला के श्याम राजपूत, राम मोहन सोनी, सलीम अंसारी,इरशाद, आरिफ, दिलशाद खान के यहां पहुंचकर कुशल क्षेम जाना। ततपश्चात रामपुर जंगल, हंडेला फॉर्म,कोरैया, मूड़ा भाई समेत एक दर्जन से अधिक गांवों में पहुंचकर जन चैपाल के माध्यम से ग्रामीणों से रूबरू हुए और समस्याएं सुनी। उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लोकसभा का सत्र शुरू होने पर उठाएंगे।बताया कि सरकार की विकास योजनाएं छलावा साबित हो रही हैं। आमजनमानस समाजवादी पार्टी की तरफ आकर्षित है। शोषित, पीड़ित, वंचित, किसान, मजदूर, व्यापारी, छात्र सभी का हित समाजवादी पार्टी में ही सुरक्षित है।वह जनता की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर बृजस्वरूप उर्फ बीटू पटेल, अशोक वर्मा, फूलचंद यादव, रोहित, बेलवा प्रधान श्याम देव, राम अवतार, फूलचंद यादव, जिप सदस्य शिवनन्दन वर्मा, सरदार विचित्र सिंह, इकबाल, इरशाद, समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## पिटाई से क्षुब्ध युवक हाई टेंशन लाइन के खंभे पर चढ़ा

मोहम्मदी खीरी। अमीर नगर क्षेत्र के मगदापुर बस्तौली के रास्ते एक युवक अपने ससुराल के लोगों द्वारा सार्वजनिक रूप से बेइज्जती करने से क्षुब्द होकर नशीला पदार्थ खाकर हाई टेंशन लाइन के खंभे पर चढ़कर मौत के करीब पहुंच गया जिसे देख परिजनों की सांसें थमने लगी थी। मौके पर भीड़ इकट्ठा होने लगी सूचना पर पुलिस और परिजन आनंन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचे कड़ी मशक्कत के बाद सीओ अरुण कुमार सिंह के समझाने पर 3 घंटे बाद युवक सकुशल नीचे उतर आया पुलिस ने हिरासत में लेकर उसे इलाज के लिए मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार गांव दीक्षितपुर औरंगाबाद निवासी योगेश उर्फ नन्हे की ससुराल कोट नाथ से आए 6 जुलाई को ससुर और सालों ने पति-पत्नी के आए दिन विवाद को लेकर अपने बहनोई के घर पर पहुंच कर उसकी पिटाई कर दी और अपनी बहन को जबरन साथ लेकर चले गए थे। घटना से लोगों के ताने सुनकर युवक क्षुब्ध हो गया जिसके चलते उसने बुधवार ससुराल जाने की बात कह कर घर से निकला था रास्ते में नशीली दवाई पीकर हाई टेंशन लाइन के खंभे के ऊपर चढ़ गया युवक को खंभे पर देखकर भीड़ जुट गई राहगीरों से घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही हाथ पैर फूल गए आनंन-फानन में सी ओ फायर ब्रिगेड की टीम लेकर मौके पर पहुंच गए उनके समझाने बुझाने पर 3 घंटा कड़ी मशक्कत के बाद युवक सकुशल नीचे उतर आया और पूरा वाक्या पुलिस को बताया जिसे इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया गया है जहां इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद उसकी पत्नी सुलोचना अपने 4 वर्षीय पुत्र उमंग अपनी 3 माह की बहन के साथ अस्पताल पहुंचा है। सीओ के अनुसार ससुराल के लोगों से विवाद चल रहा था जिसके चलते युवक ने अपनी पिटाई की बात बताई जिसे क्षुब्ध होकर उसने जान देने के लिए कदम उठाया था। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पिपरा करमचंद गांव में विकास कार्यों की सौगात, सहजन पौधों से गूंजी हरियाली की पुकार





- श्यामनाथ मंदिर परिसर में आरओ प्लांट व शौचालय का लोकार्पण, सहजन पौधे वितरित

लखीमपुर खीरी। सदर ब्लॉक के ग्राम पिपरा करमचंद में बुधवार को विकास कार्यों और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की अहम भागीदारी देखने को मिली।

प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने यहां श्यामनाथ मंदिर परिसर में आरओ प्लांट और सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, डीएफओ सौरीस सहाय, संजय बिसवाल प्रमुख क्षेत्र पंचायत दिव्या सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी प्रजोत कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में ग्राम की महिलाओं को सहजन के पौधे वितरित किए गए। इससे पहले प्रभारी मंत्री ने परिषदीय विद्यालय में इको क्लब के बच्चों सुबोध, गरिमा सिंह, पीहू वर्मा, शनि, आनवी, नितांशी, राखी, पीहू, आशिक,समीर, नारायण भास्कर, ऋषि कुमार संग हरिशंकरी का पौधरोपण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण पीएम और सीएम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री के निर्देशन में इस वर्ष प्रदेशभर में 37 करोड़ से अधिक पौधे रोपे गए। उन्होंने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटान से पर्यावरण असंतुलन और मानसून में अनिश्चितता बढ़ी है। अब भी समय है, हर व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, जैसे मां या परिवार के सदस्य की की जाती है। उन्होंने कहा कि सहजन का पेड़ औषधीय गुणों से भरपूर होता है और इसकी देखरेख से परिवार भी स्वास्थ्य लाभ पा सकता है। हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि अपने जनपद और प्रदेश को हराभरा बनाएंगे और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण देंगे। उन्होंने विधायक के कार्यों की सराहना की। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि पौधारोपण के साथ उसका संरक्षण भी जरूरी है। जब तक पौधे पेड़ न बनें, तब तक उसकी जिम्मेदारी निभाना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रमुख क्षेत्र पंचायत दिव्या सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई। अंत में सभी ने पौधों की देखरेख का संकल्प लिया।

## अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



शाहजहांपुर। 73वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता (महिला/पुरुष) वर्ष 2025 का आयोजन दिनांक 13 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक किया गयाहैं ।इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर ने जी.एफ. कॉलेज मैदान में विधिवत रूप से किया गया ।प्रतियोगिता समापन15 जुलाई पुलिस अधीक्षक ने जी.एफ. कॉलेज मैदान पर प्रतियोगिता का समापन किया गया । पुरुष वर्ग का उद्घाटन मैच जनपद मुरादाबाद और जनपद बरेली के बीच खेला गया, जिसमें जनपद बरेली की टीम ने 5-2 से मैच अपने नाम किया था तथा महिला वर्ग में जनपद पीलीभीत तथा जनपद बदायूं के मध्य खेला गया जिसमें निर्धारित टाइम में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी, जिससे मुकाबला पेनाल्टी शूटआउट से किया गया। जिसमें पीलीभीत की टीम द्वारा 2-0 से मुकाबले में जीत दर्ज की गयी ।फुटबाल प्रतियोगिता में बरेली जोन, बरेली की 06 टीमों (शाहजहाँपुर, बरेली, बदायू, पीलीभीत, रामपुर, मुरादाबाद) द्वारा प्रतिभाग किया गय। जनपद सम्भल, अमरोहा, बिजनौर द्वारा कतिपय कारणों से प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया गया ।महिला वर्ग का फाइनल मैच दिनांक 14.07.25 को जनपद शाहजहाँपुर तथा जनपद पीलीभीत के बीच खेला गया, जिसमें दोनों जनपदों की टीमों द्वारा निर्धारित टाइम में कोई गोल नहीं किया गया। मैच पेनाल्टी शूट आउट में पहुंचा, जिसमें जनपद पीलीभीत की टीम ने जनपद शाहजहाँपुर की टीम को 2-1 से हराकर फाइनल जीता ।पीलीभीत टीम की ओर से मीनाक्षी तथा शिवानी ने 01-01 गोल किया तथा शाहजहाँपुर की ओर से सुधा रावत के द्वारा 01 गोल किया गया था ।

पुरूष वर्ग का फाइनल मैच जनपद शाहजहाँपुर तथा जनपद बरेली के मध्य खेला गया जिसमें दोनों जनपदों की टीमों द्वारा निर्धारित टाइम में शाहजहाँपुर तथा बरेली द्वारा 1-1 गोल किया गया, जिसमें शाहजहाँपुर टीम की तरफ से रजत सिरोही अक्षय तथा बरेली टीम की तरफ से अक्षय द्वारा गोल किया गया । मैच पेनाल्टी शूट आउट में पहुंचा, जिसमें जनपद शाहजहाँपुर की टीम ने जनपद बरेली की टीम को 7-6 से हराकर फाइनल जीता ।पुलिस अधीक्षक ने प्रतियोगिता में विजयी टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया गया तथा खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया । पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहाः खेल न केवल तनाव मुक्त जीवन के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना के विकास में भी सहायक होते हैं। पुलिस विभाग द्वारा ऐसे आयोजनों से कर्मियों में कार्यक्षमता और आत्मबल में वृद्धि होती है। कार्यक्रम स्थल पर मार्चपास्ट का आयोजन हुआ। पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया ।समापन समारोह में पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें अपर पुलिस अधीक्षक नगर क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर क्षेत्राधिकारी कार्यालयप्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी,प्रतिसार निरीक्षकप्रभारी यातायातसहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

## शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

आजमगढ़। सावन के सातवें दिन बुधवार को प्रमुख मंदिरों व शिवालयों पर श्रद्धालओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने देवो के देव महादेव के शिवलिंग पर भांग, धतुरा, बेलपत्र, फूल, माला के साथ दुग्ध व गंगा जल से जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सभी प्रमुख शिवालयों व मंदिरों पर पुलिस की ओर से सुरक्षा के सख्त प्रबंध किये गए हैं। नगर के भंवरनाथ व बेलइसा स्थित बौरहवा बाबा मंदिर पर पूजन अर्चन व जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का आने का क्रम सुबह से शुरू हो गया था, जो पूरे दिन चलता रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस एवं वालेंटियरों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

## जलस्तर घटने के साथ कटान हुई तेज

आजमगढ़। घाघरा नदी का जलस्तर घटा रहा है। जलस्तर घटने के साथ ही लाटघाट के तटवर्ती क्षेत्रों में नदी कटान को तेज कर दिया है। उरदीहा, गांगेपुर, सहबदिया में नदी के तटवर्ती क्षेत्र में कटान होने से किसानों की खेती की जमीन का क्षेत्रफल घट रहा है। जिससे किसान भूमिहीन होने का कगार पर है। एक सप्ताह में सैकड़ों एकड़ जमीन कटकर नदी में समाहित हो गई है। कटान होने से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों का कहना है कि जलस्तर घटने के साथ है कटान नदी तेज कर दिया है।

## महिला का शव मिलने से सनसनी हत्या की आशंका

आजमगढ़। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के कपसेठा गांव में गांगी नदी के किनारे महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीण हत्या कर महिला के शव को फेके जाने की आशंका जता रहे हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के चेवार गांव निवसी 35 वर्षीया प्रमिला पत्नी भोनू मंगलवार से घर से लापता थी। महिला की परिवार के लोग तलाश कर रहे थे। बुधवार की सुबह कपसेठा गांव के सिवान में गांगी नदी के किनारे गांव के लोगों ने महिला के शव को पड़ा देखा। जानकारी होते ही गांव के लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की सूचना पर फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची पुलिस ने जांच की। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की।

## रोजगार मेले में 53 अभ्यर्थियों का चयन

सोनभद्र। जिला सेवायोजन कार्यालय, परिसर में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 125 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। डीसेट्स, फरीदाबाद, शिव शक्ति एग्रीटेक लि० वाराणसी, गौतम सोलर प्रा० लि०, भिवानी, हरियाणा, सूद ऑटोमोबाईल्स, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, सोलेरा इण्डस्ट्रीज प्रा०लि०, मधुपुर, सोनभद्र एवं स्वाभिमान फाईनेन्स प्रा० लि०, रावर्ट्सगंज, सोनभद्र इत्यादि कुल 06 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। इस मेलें में विभिन्न पदों पर कम्पनियों द्वारा कुल 53 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर सेवायोजन अधिकारी प्रमोद तिवारी, सच्चिदानन्द, मेला प्रभारी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, जमील अहमद, प्रदीप कुमार सिंह, पवन कुमार सोनकर, यंग प्रोफेशनल सुरेन्द्र कुमार प्रजापति, मनोज कुमार एवं अंशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## नदी में नहाने गये युवक की डूबने से मौत

जौनपुर। सिकरारा थाना क्षेत्र के हरखपुर कुकुरिहाव गांव में सई नदी में नहाने गए 36 वर्षीय आशीष शर्मा की नदी में डूबने से मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरखपुर कुकुरिहाव निवासी आशीष शर्मा अपने साथी के साथ गांव के समीप बह रही सई नदी में दोपहर बाद नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में डूबने लगा। उसके साथी ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन तेज बहाव के कारण सफल नहीं हुआ। वह युवक पानी की लहरों में डूब गया। साथी दौड़कर घर पर सूचना दिया। परिजन रोते बिलखते भागकर नदी के घाट पर पहुंचे। फोन पर सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को शव की तलाश में लगा दिया। करीब 3 घंटे बाद उसका शव करीब 200 मीटर दूर मिला। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिवार में पत्नी नीतू, दो बेटे और एक पुत्री है।

# जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से करें



- सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए
- सांसद धर्मेन्द्र यादव ने किया जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। सांसद लोकसभा सदर/अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव की अध्यक्षता में तथा सह अध्यक्ष सांसद लालगंज दारोगा प्रसाद सरोज की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गयी।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की समीक्षा करते हुए सांसद धर्मेन्द्र यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीएमजेएसवाई के अन्तर्गत बनने वाली सड़कों को निर्धारित समय के अन्दर गुणवत्तायुक्त पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जो भी सड़क निर्माण कराया जाए, यह सुनिश्चित किया जाए कि उसमें कहीं भी जल जमाव न हो एवं वह सड़क 5 वर्ष से पहले नही टूटनी चाहिए। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन सड़कों के टेण्डर की प्रक्रिया पूरी हो जाती है, उसका कार्य समय से प्रारम्भ करायें एवं टेन्डर के अनुसार समय से कार्य न पूर्ण करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करना सुनिश्चित करें। जन प्रतिनिधियों की मांग पर उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो सड़कें बेहद खराब/जर्जर स्थिति में उसकी मरम्मत/पुनर्निमाण के सम्बन्ध में तत्काल आवश्यक करना सुनिश्चित करें। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन प्रतिनिधियों को किसी तरह की गलत सूचना/गुमराह न करें। सांसद ने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जनता से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाय। उन्होने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि कराये गये विकास कार्यों के गुणवत्ता की जांच भी सुनिश्चित करायी जाय। सांसद ने एक्सीयन पीडब्ल्यूडी एवं आरईएस को निर्देश दिया कि जनपद में पीएमजेएसवाई से जुड़ी सड़कों का विस्तृत विवरण भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि सक्षम स्तर से उसकी पैरवी की जा सके। उन्होने कहा कि शासन द्वारा सड़क निर्माण के सम्बन्ध में जो नई गाइड लाईन निर्धारित की गयी है, उससे सभी जन प्रतिनिधियों को अवगत करायें। उन्होने कहा कि विभागीय स्तर से सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने से पूर्व जन प्रतिनिधियों के प्रस्तावों को भी उसमें शामिल करते हुए शासन को प्रेषित करें। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पाइप लाइन डालने के लिए काटी गयी सड़कों का रोड रेस्टोरेशन गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही सांसद ने एक्सीयन पब्डल्यूडी से जानकारी लिया कि सड़क निर्माण के सम्बन्ध में जो प्रस्ताव जन प्रतिनिधियों से मांगे गये थे, उसमें कितने सेंक्शन हुए एवं कितने रिजेक्ट हुए। उन्होने पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया कि दुवार्सा ऋषि एवं दत्तात्रेय आश्रम तक जाने वाले मार्ग की मरम्मत/पुनर्निमाण यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

रेलवे की समीक्षा करते हुए सांसद ने रेलवे अधीक्षक से नई रेलगाड़ियों की स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी लिया। उन्होने कहा कि रेलवे स्टेशन आजमगढ़ से दिल्ली तक जाने वाली कैफियात ट्रेन का संचालन प्लेटफार्म नम्बर 01 से कराये जाने की कार्ययोजना बनायें। उन्होने यह भी कहा कि जो नई दो ट्रेनों का प्रस्ताव भेजा गया है, यह प्रयास करें कि वह ट्रेन प्रतिदिन चले। उन्होने कहा कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट/स्वचालित सीढ़ी लगवाना सुनिश्चित करें। सांसद ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील सगड़ी के अन्तर्गत घाघरा नदी में आने वाली बाढ़ के दृष्टिगत बाढ़ चैकियां निर्धारित समय में बनाना सुनिश्चित करें एवं बाढ़ चैकियों पर ट्वायलेट, पानी टैंकर, खाद्य सामग्री, स्वास्थ्य कैम्प आदि व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होने एक्सीयन सिंचाई को निर्देश दिया कि नहरों के टेल तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें, जिससे किसान अपने धान के फसल की सिंचाई कर सकें। उन्होने एआर कोआपरेटिव से जानकारी लिया कि सहकारी समितियों पर डीएपी, यूरिया उपलब्ध हैं, उसकी सूची उपलब्ध करायें। इसके साथ ही सांसद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण/नगरीय), अमृत योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, समेकित बाल विकास योजना (आईसीडीएस), दीन दयाल अन्त्योदय योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण), दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, आदि की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# डीएपी खाद के लिए तरस रहे किसान, किया विरोध-प्रदर्शन



सोनभद्र। बी फैक्स करमा पर पहुंच कर सपा पूर्व विधायक ने किसानों का जाना हाल, डीएपी खाद नहीं मिलने पर जताया चिन्ता। प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार को दोपहर सपा पूर्व विधायक रमेश चंद दूबे ने बी फैक्स करमा समिति पर किसानों से बात की। किसानों ने बताया कि करमा क्षेत्र के सोसायटी पर डीएपी खाद नहीं मिलने से मजबूरी में प्राईवेट दूकान से ऊंचे दामों में खाद लेने के लिए विवस हो रहे हैं। इस समय किसान को डी ए पी खाद के स्थान पर बीस बीस जीरो डाई मिल रही है जो किसान के लिए धान की रोपाई में काम नहीं करती है। वही बिधायक के साथ किसानों ने विरोध जताया। ए आर से बात किया गया तो उन्होने बताया कि शासन से पर्याप्त मात्रा मे खाद नही मील रहा है हम लोग मजबूर हैं। एआरएम से बात करने पर ही कुछ समाधान हो सकता है। उनका कहना रहा कि जिले मे साढ़े पांच हजार बोरी लगभग भेजी गई है तो किसानों को क्यों नही मील रहा है हम ए आर से बात करते हैं। बात करें पापी सोसायटी का हाल बेहाल है खाद आवंटन मशीन में अंगूठा मृतक आश्रित का न होने से किसानों को खाद नहीं मिल रही है। निबंधन कार्यालय एआर सोसायटी से किसान कई बार बात करने का प्रयास किया गया परन्तु उनका फोन नहीं उठता। इस बात को सुनकर सपा पूर्व विधायक रमेश चंद दूबे ने लखनऊ एआरएम आशुतोष से सेल फोन पर बातचीत की। उन्होंने बताया कि सोनभद्र जिले को साढ़े पांच हजार बोरी डीएपी खाद अभी भेजी गई है क्यों नही किसान को दी जा रही है समझ से परे है। इस दौरान श्री दूबे ने कहा कि अगर समय रहते डीएपी खाद केन्द्रों पर नहीं आई तो हम किसानों के साथ रोड जाम कर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। यही वर्तमान सरकार का हाल है। यही सबका साथ, सबका विकास है। इस दौरान सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## खबरों के प्रकाशन से पूर्व वर्जन जरूर लेः डीएम

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र तथा पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ की उपस्थिति में जिला स्तरीय स्थायी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मीडिया प्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के मध्य सौहार्दपूर्ण



सम्बन्धों का निर्वहन, प्रेस की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के उद्देश्य से मान्यता प्राप्त पत्रकारों के विचार, शासन-प्रशासन द्वारा संचालित योजनाओं का आम जनमानस में प्रचार प्रसार, मान्यता प्राप्त पत्रकारों के हेल्थ कार्ड, पत्रकारों को पेंशन सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा पात्र मीडिया प्रतिनिधियों तथा 70 वर्ष से अधिक की आयु के सभी मीडिया प्रतिनिधियों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सकारात्मक तथा नकारात्मक खबरों के प्रकाशन से पूर्व संबंधित अधिकारी के वर्जन पक्ष अवश्य लिए जाएं, जिससे खबर की सत्यता प्रमाणित हो सके। समिति के सदस्यों द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष अमान्य पत्रकारों के संदर्भ में अवगत कराया गया, जिसपर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया गया कि इस प्रकार के प्रकरण पाए जाने पर उक्त पत्रकार की नियमानुसार जांच करायी जायेगी तथा समिति के अनुमोदन पर यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। बैठक में जिला सूचना अधिकारी सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# चकबन्दी से जुड़े मामले समय पर निपटायें



सोनभद्र। डीएम बद्रीनाथ सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चकबन्दी विभाग की मासिक समीक्षा बैठक हुईं। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा चकबन्दी प्रक्रियाधीन समस्त ग्रामों की समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि सभी ग्रामों का कार्य मानक कारगुजारी के अनुसार गुणवतापूर्वक किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा गया कि जिन ग्रामों में कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है, उसका अंतिम अभिलेख समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि चकबन्दी वाले गांव के जमीन के मालकियत व स्थिति का जायजा कर लिया जाये, जिससे चकबन्दी के दौरान किसी तरह की समस्या उत्पन्न न होने पायें। इस दौरान जिलाधिकारी ने चकबन्दी के विवाद की स्थिति की समीक्षा किये और सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि चकबन्दी विभाग व अन्य विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समस्या हो दूर कर लें, जहां राजस्व व पुलिस विभाग की जरूरत हो, आवश्यकतानुसार पत्र के माध्यम से अवगत भी करायें। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश चन्द्र, उप संचालक चकबन्दी बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सहित चकबन्दी विभाग के सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लेखपाल संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



सोनभद्र। जिलाधिकारी द्वारा हापुड़ में निलंबित किये गए लेखपाल सुभाष मीणा के समर्थन में सोनभद्र के लेखपालों ने मुख्यमंत्री नामित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर आक्रोश जताया।

जिलाध्यक्ष सुबोध सिंह ने बताया कि प्रान्तीय संगठन उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के आह्वान पर पूरे प्रदेश के समस्त जनपदो के तहसील में विरोध दर्ज कराया गया वहीं जनपद हापुड़ के जिलाधिकारी के द्वारा बिना जांच किए जनपद हापुड़ में कार्यरत लेखपाल सुबाष मीणा को निलम्बित किया गया जिससे आहत होकर सुबाष मीणा की अवसाद व तनाव में जाने के कारण मृत्यु हो गई। जो अत्यन्त हृदय विदारक घटना हैं। इस हृदय विदारक घटना से क्षुब्ध होकर घटना के विरोध में बीते सोमवार को जिले के सभी तहसीलो पर प्रातः 10 से 2 बजे तक कार्य बहिस्कार किया जा रहा हैं। उक्त घटना के क्रम में मुख्यमंत्री नामित ज्ञापन लेखपाल संघ के अध्यक्ष/मंत्री द्वारा दिया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष सोनभद्र एवं सभी पदाधिकारीगण तहसील सदर सतप्रतिशत उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से सुबोध सिंह, साजिद खान, संजय सिंह, सिंह, हृदयेश, भगवान, मनोज, पंकज, रत्नेश अरविंद, संजीव कुमार, मनीष, रेशमा कंचन, श्वेता सिंह, निशा, मनीष सिंह, अनिता रूबी, प्रियंका, प्रिया आदि लेखपाल उपस्थित रहे।

## पानी से भरे डिब्बे में गिरने से मासूम की मौत

मीरजापुर। हलिया थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव में पानी से भरे डिब्बे में गिरने से मासूम की मौत हो गई। आनन फानन में परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लाया गया, जहां देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी डमरू ढाई वर्ष पुत्र सुरेन्द्र पाल घर के अंदर पंद्रह लीटर के डिब्बे में पानी भरा हुआ था। डिब्बे में पानी देखकर मुंह लगाकर पानी पीने के लिए झुका जिससे वह डिब्बे के अंदर चला गया। मासूम के चाचा उमाकांत ने कुछ देर बाद अंदर गए तो देखा बाहर निकाल कर आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां देखते ही चिकित्सक ने मौत घोषित कर दिया। मृतक मासुम की मां प्रभावती उस समय घर पर कुछ कार्य कर रही थी। प्रभावती को एक बेटी और दो बेटा रहे। जिसमें से एक की मौत हो गई। मृत मासूम का पिता सुरेन्द्र पाल मुंबई में काम करता है। घर पर पत्नी प्रभावती का रो रो कर बुराहाल हो रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि पानी भरे डिब्बे में गिरने से मासूम की मौत हो गई है परिजन घर लेकर चले गए।

## सेवा भारती की जिला इकाई का गठन

जौनपुर। सेवा भारती की बैठक सिविल लाइंस स्थित खरका सेवा बस्ती पक्का पोखरा पर आयोजित की गयी, जिसमें संस्था के जिला इकाई के दायित्वों की घोषणा की गई तथा आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर महिलाओं एवं




युवतियों के आर्थिक स्वालंबन हेतु अनवरत चलने वाले महारानी लक्ष्मी बाई नारी स्वावलंबन केंद्र का शुभारंभ किया गया, जिसमें जरूरतमंदों को निःशुल्क सिलाई कार्य का पूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि काशी प्रांत सेवा भारती महामंत्री इंजीनियर जियुत राम विश्वकर्मा, जिला संघचालक डॉ0 सुभाष सिंह, सह सेवा प्रमुख पवन , विभाग अध्यक्ष डॉ0 तेज सिंह, अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने मां भारती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विधिवत पूजा अर्चना कराके महारानी लक्ष्मी बाई नारी स्वावलंबन केंद्र के सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । जिला संघ चालक डॉ0 सुभाष सिंह ने जिला इकाई के कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें संरक्षक डॉ0 विनोद कनौजिया व अखिलेश कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष विनीत सेठ व डॉ0 राजकुमार सोनी, मंत्री नरेंद्र पाठक व शिक्षक संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष सुजीत अग्रहरि सी ए, महिला प्रमुख स्वप्निल सिंह व सुचिता सिंह, किशोरी विकास प्रमुख मीना यादव व सुषमा श्रीवास्तव, वैभव श्री प्रमुख दिलीप सिंह व किरण सिंह, शिक्षा आयाम प्रमुख अर्चना सिंह व डॉ मनीष गुप्ता पूर्वांचल विश्वविद्यालय, स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉ बृजेश कनौजिया व डॉ पवन चैरसिया, स्वावलंबन आयाम दीपक सिंह व ओमित साहू, सामाजिक आयाम प्रमुख डॉ0 राजेश कुमार, सिद्धार्थ सिंह, ओम प्रकाश मौर्य, प्रचार प्रमुख प्रकाश सिंह रघुवंशी, सुधीर सिंह व रामचंद्र मधुकर श्रीमाली, संपर्क प्रमुख पंडित आनंद मिश्र, सुपोषण आयाम प्रमुख डॉ संजीव पांडेय, डॉ रश्मि मौर्य आदि के दायित्व की घोषणा की गई। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट अरुण कुमार सिन्हा एवं प्रशिक्षिका कंचन विश्वकर्मा के प्रयासों की प्रशंसा की। संचालन महामंत्री देवेश गुप्ता ने किया।

## डूबे युवक का तीसरे दिन मिला शव

मीरजापुर। जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के कुसियरा फाल में सोमवार शाम डूबे युवक का शव तीसरे दिन बुधवार दोपहर बाद घटनास्थल से 500 मीटर दूर बरम बाबा मंदिर के आगे नर्सरी के समीप नदी में मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। लेकिन परिजन शव को सीधे अंतिम संस्कार की जिद पर अड़े रहे। बाद में लिखा पढ़ी के आधार पर शव को पुलिस ने परिजनो को सौंप दिया।

लालगंज थाना क्षेत्र के रामपुर वासित अली निवासी 18 वर्षीय अमजद शेख सोमवार को अपने साथियों के साथ कुशियरा फाल घूमने गया था जहां नदी पार करते समय अचानक पानी में गिर गया। घटना के बाद से लगातार दो दिनों तक सैकड़ों ग्रामीण और पुलिस की मौजूदगी में तलाश चलती रही। लेकिन सफलता नहीं मिली। आज नर्सरी के पास बरम बाबा मंदिर के आगे नदी में शव उतराया मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। लेकिन परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं थे। बाद में लिखा पढ़ी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक के मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिले के विभिन्न जल प्रपातों पर बरसात होते ही सैलानियों की भीड़ उमड़ रही है। बावजूद इसके सुरक्षा व्यवस्था नदारद है। बताते चलें कि कुशियरा फाल एक मनोरम पहाड़ी पिकनिक स्पॉट है जहां जिले सहित प्रयागराज, मध्यप्रदेश, वाराणसी भदोही सहित अन्य जिलों से भारी संख्या में सैलानी आते हैं। बरसात के दिनों में यहां भारी भीड़ हो जाती है पहाड़ी झरने के पानी में नहाने की की होड़ लगी रहती है।

## टीबी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, ग्रामीणों को किया गया संबोधित

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जनपद के विकास खंड हलिया एवं लालगंज क्षेत्र में विभागीय टीम द्वारा टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपरोक्त विभागीय टीम का नेतृत्व कर रहे डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा हलिया क्षेत्र के पंचशील महाविद्यालय सभागार कक्ष में मौजूद छात्र छात्राओं एवं स्टाफ गड़ो को टीबी के प्रति जागरूक करने के क्रम में टीबी के समस्त लक्षणों से परिचित कराते हुए सभी सरकारी स्तर के उपलब्ध निः शुल्क सुविधाओं को भी विस्तार से समझाया,

यादव द्वारा यह भी बताया गया कि ऐसे रोगीयों को सरकार द्वारा इलाज के दौरान प्रतिमाह एक हजार रुपया भी पोषण योजना के तहत दिया जाता, जो पूरे इलाज अवधि तक दिया जाता है। लोगों से अनुरोध किया कि आप सभी के संज्ञान में कोई भी संदिग्ध टीबी रोगी आए तो उसको नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक भेजने में मदद करते हुए 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने में अहम् निभाए। तत्पश्चात उक्त टीम द्वारा विकास खंड लालगंज के रानी बारी गांव के लोगों को भी उपरोक्त स्वास्थ्य रक्षक जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया।

उक्त समस्या के समाधान हेतु सतीश यादव द्वारा मौजूद निवासियों से कहा गया कि आप ऐसे लक्षण पाने की दशा में तत्काल सरकारी अस्पताल पर सम्पर्क करें या अपने क्षेत्र की आशा को सूचित करने का कष्ट करें। वहीं टीबी रोग के साथ-साथ पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर दुर्गेश कुमार रावत द्वारा लोगों को एचआईवी वह एड्स को विस्तार से समझाते हुए इन दोनों के अंतर सरल भाषा में बताया गया साथ ही इससे सुरक्षित रहने हेतु महत्त्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए और कहा गया कि कभी भी ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर सरकारी मान्यता प्राप्त ब्लड बैंक से जांचें परखे ब्लड प्राप्त करें। कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य टीम द्वारा हलिया क्षेत्र में मिले तीन संदिग्ध टीबी मरीजों को बलगम जांच हेतु फाल्कन ट्यूब भी उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में क्षय विभाग के लालगंज एसटीएस समीम अहमद, एसटीएलएस शब्बीर अहमद, अखिलेश के साथ साथ कॉलेज प्रबंधक लालबहादुर मौर्या, प्रधानाचार्य डॉक्टर चंद्र प्रकाश सिंह, प्रवक्ता पूजा कन्नौजिया, राजेन्द्र पटेल, सूरज मौर्या आदि मौजूद रहे।

# हाईटेक नर्सरी से बढ़ेगी किसानों की आय



जौनपुर। कृषि विज्ञान केंद्र बक्सा में अब हाई-टेक नर्सरी का संचालन शुरू हो गया है, जिससे उन्हें सब्जियों के बेहतर और स्वस्थ पौधे आसानी से मिल सकेंगे। यह कदम किसानों की खेती को और भी ज्यादा मुनाफा देने वाला बना रहा है।

जिला उद्यान अधिकारी सीमा सिह ने बताया है कि हाई-टेक नर्सरी एक आधुनिक तरीका है जहाँ सब्जियों के पौधों को नियंत्रित वातावरण में उगाया जाता है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि पौधे स्वस्थ और रोगमुक्त रहते हैं। जौनपुर के किसान अब इस अत्याधुनिक सुविधा का पूरा लाभ उठा सकते हैं। स्वस्थ और मजबूत पौधेः पारंपरिक नर्सरी में अक्सर पौधों में बीमारी लगने का खतरा रहता है, लेकिन हाई-टेक नर्सरी में पौधों को शुरूआत से ही बीमारियों और कीटों से बचाया जाता है। इससे आपको उच्च गुणवत्ता वाले और मजबूत पौधे मिलते हैं, जो बेहतर फसल की नींव रखते हैं। कम लागत, ज्यादा उत्पादनः जब पौधे बेहतर गुणवत्ता के होते हैं, तो फसल की पैदावार भी स्वाभाविक रूप से अच्छी होती है। इसका सीधा मतलब है कि किसान कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। साल भर पौधों की उपलब्धताः हाई टेक नर्सरी में किसी भी मौसम में पौधे तैयार किए जा सकते हैं। इससे किसान अपनी फसल लगाने का समय अपनी सुविधा के हिसाब से चुन सकते हैं, जिससे उन्हें बाजार की जरूरतों के हिसाब से फसल उगाने में मदद मिलती है। उन्होने बताया कि कई तरह की सब्जियों के पौधेः यहां आपको शिमला मिर्च, खीरा, गोमी, बैगन, टमाटर, कद्दू, मिर्च, फूलगोभी, पत्ता गोभी, भिंडी जैसी कई तरह की सब्जियों के स्वस्थ पौधे आसानी से मिल जाएंगे। यह हाई-टेक नर्सरी किसानों के लिए एक बड़ी मदद साबित हो रही है, जिससे वे अपनी खेती को और भी अधिक लाभदायक बना सकते हैं। यह वास्तव में किसानों के लिए एक वरदान है ! सब्जियों के पौधे प्राप्त करने या अधिक जानकारी के लिए आप हाई टेक नर्सरी प्रभारी वरुणेश मित्र, सहायक उद्यान निरीक्षक के मोबाइल नंबर 8423624133 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, जौनपुर में भी संपर्क किया जा सकता है।

# तीन वाहनों को एआरटीओ ने पकड़कर किया सीज




ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज क्षेत्र में बुधवार सुबह एआरटीओ एसपी सिंह ने अभियान चलाकर स्कूली वाहनों की चेकिंग की। एआरटीओ ने ड्रमंडगंज में स्कूली बच्चों को ले जा रहे तीन मालवाहक वाहनों को पकड़ा।

एआरटीओ ने नियम विरुद्ध बच्चों को बैठाकर स्कूल छोड़ने जा रहे तीनों मालवाहक वाहनों को ड्रमंडगंज थाना परिसर में खड़ा करवाते हुए सीज कर दिया। मालवाहक वाहनों पर बैठे स्कूली बच्चों को एआरटीओ ने अपने वाहन पर बैठाकर स्कूल तक छोड़ा। एआरटीओ की इस कार्रवाई से मालवाहक वाहनों से बच्चों को ढोने वाले चालकों में अफरातफरी मच गई। परिवहन विभाग के निर्देश के बाद भी स्कूल संचालक नियम विरुद्ध मालवाहक वाहनों से बच्चों को ढोने का काम कर रहे हैं। इस संबंध में एआरटीओ एसपी सिंह ने बताया कि अभियान चलाकर ड्रमंडगंज क्षेत्र में स्कूली वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान तीन मालवाहक वाहन स्कूली बच्चों को बैठाकर ले जाते मिले। तीनों वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सीज कर दिया गया है। मालवाहक वाहन से स्कूली बच्चों को उतारकर अपने वाहन से उन्हें स्कूल तक छोड़ा। स्कूल संचालकों और मालवाहक वाहन के चालकों को भविष्य में ऐसा नही करने की चेतावनी दी गई है।

## गर्भवती को दहेज के लिए पीट कर घर से निकाला

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के मजगवां कला गांव में दहेज के लिए गर्भवती महिला को मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस छानबीन कर रही है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के सुलतानपुर निवासी असलम की बेटी शायदा बानो का निकाह 9 जुलाई 2023 को जलालपुर के मजगवां कला निवासी रिजवान उर्फ राजा से हुआ था। शादी में मायके वालों ने हैसियत के अनुसार सामान दिया था। आरोप है कि शादी के बाद पति राजा, सास यासमीन, ननद सोनी और मौसी रुकसाना ने दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि 30 जून को चारों ने उसे बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और लात-घूंसों से मारा-पीटा। गहने और सारा सामान भी छीन लिया। धमकी दी कि दहेज नहीं लाई तो तलाक देकर राजा दूसरी शादी कर लेगा। शोर मचाने पर आस-पास के लोग पहुंचे और पीड़िता की जान बचाई। ससुराल वालों ने कार में बैठाकर मायके भेज दिया। पीड़िता ने पिता के साथ थाने पर जाकर तहरीर दी। पुलिस से मेडिकल कराने की गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने एसपी से घटना की शिकायत की। एसपी के निर्देश पर केराकत पुलिस ने केस दर्ज किया।

संक्षेप

## ट्रेन में महिला से लूट के मामले में तीन दिन बाद मुकदमा दर्ज

**भटनी(देवरिया)** ।ट्रेन मे महिला के साथ हुई लूट के मामले मे जी आर पी पुलिस भटनी ने घटना के तीन दिन बाद मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है ।बताया गया है कि पीडिता महिला भटनी थाने के ग्राम बनकटा तिवारी निवासिनी आफत निशा पत्नी अकबर अंसारी के पुत्र अशरफ अली थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि मेरी माँ हमारे बहन के घर मैरवा जाने के लिए शनिवार के सुबह प्लेटफार्म संख्या-2पर जाकर गार्ड के बगल वाली डिब्बे मे बैठ गयी ।ट्रेन खुलने से पहले एक युवक गार्ड से बात करने के बाद उसी डिब्बे मेचढ गया ।मेरी माँ उस डिब्बे मे अकेली बैठी थी ।ट्रेन खुलते ही युवक डिब्बे का दरवाजा बन्द कर गाली देते हुए टुपट्टा से मुँह व हाथ बाँधकर भटनी से ही कान का बाली निकाल लिया ।दुसरे का नोच दिया ।जिससे कान फट गया ।एक हजार रुपया निकाल कर नोनापार उतर गया ।

# मोतिचक में किसानों को मिली राहत समिति पर शुरू हुआ यूरिया वितरण

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जनपद के मोतिचक विकासखंड क्षेत्र के किसानों को आखिरकार बुधवार को राहत मिली जब बनकटा स्थित सहकारी समिति पर यूरिया खाद का वितरण शुरू हुआ। खाद की उपलब्धता की सूचना मिलते ही आसपास के दर्जनों गांवों से किसान समिति पर पहुंच गए और वितरण केंद्र पर भारी भीड़ जुट गई।

पिछले कई सप्ताहों से सरकारी गोदामों में यूरिया खाद की भारी किल्लत बनी हुई थी। किसानों को मजबूरी में निजी दुकानों से अधिक दामों पर यूरिया खरीदनी पड़ रही थी, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा था। किसानों का आरोप है कि सरकारी दावा केवल कागजों तक ही सीमित है, जबकि खेतों में समय पर खाद न मिलने से फसलें प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय किसान रामचंद्र, संजीव, अमित, रामाश्रय और रामभुआल ने बताया कि वे पिछले कई हफ्तों से सहकारी समिति के चक्कर काट रहे थे। जब यूरिया नहीं मिला, तो उन्हें बाजार से ऊंचे दामों पर खाद खरीदनी पड़ी। लेकिन जैसे ही उन्हें बुधवार को समिति पर खाद मिलने की सूचना मिली, वे तुरंत पहुंच गए। किसानों ने सरकार से मांग की है कि यूरिया की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि कृषि कार्यों में कोई बाधा न आए। साथ ही, बाजारों में कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की भी मांग की गई है, जिससे किसानों को उचित मूल्य पर समय से खाद मिल सके और उनकी फसलें समय पर तैयार हो सकें।

## पैनल अधिवक्ताओं के चयन के लिए साक्षात्कार की तिथियाँ घोषित

**देवरिया** । सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण /अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया मनोज कुमार तिवारी ने बताया है कि उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (निःशुल्क और सक्षम विधिक सेवा) विनियम 2010 के अन्तर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समितियों में पैनल अधिवक्ता का पैनल तैयार किया जाना है। जिसमें मुख्यालय स्तर पर 10 फौजदारी व 10 सिविल अधिवक्ता और प्रत्येक तहसील देवरिया, सलेमपुर, बरहज, रूद्रपुर, व भाटपाररानी में 01 फौजदारी व 01 सिविल अधिवक्ता का चयन किया जाना है, जिस हेतु पूर्व में विज्ञापन जारी कर आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसके अनुक्रम में आवेदन प्राप्ति के अन्तिम तिथि तक कुल 110 आवेदकों के । जिनका साक्षात्कार प्राप्त आवेदन पत्रों में संलग्न सूची के कमांक 01 से लगायत 27 तक के आवेदकों का साक्षात्कार 18 जुलाई को अपराह्न 02:30 बजे, क्रमांक 28 से तक के आवेदकों का साक्षात्कार 1 बजे से, क्रमांक 55 से लगायत क्रमांक 82 तक है।

## डीआईजी ने पुलिस कार्यालय के समस्त शाखाओं का किया निरीक्षण




**कुशीनगर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के उपस्थिति में वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस कार्यालय के समस्त शाखाओं का निरीक्षण बारीकी से किया गया।

बुधवार को निरीक्षण के दौरान प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, पेशी अपर पुलिस अधीक्षक, पेशी क्षेत्राधिकारी लाइन, महिला शिकायत प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, अपराध शाखा, विशेष किशोर पुलिस इकाई, एएचटीयू, स्थानीय अभिसूचना इकाई, आगंतुक हेल्प डेस्क, आईजीआरएस शाखा, जनशिकायत प्रकोष्ठ, सीसीटीएनएस, विशेष जांच प्रकोष्ठ, साइबर सेल, मॉनीटरिंग सेल, वाचक कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही वहां तैनात कर्मचारियों से उनके कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए अभिलेखों को दुरुस्त रखने को कहा गया। कार्यों के संपादन में यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या आती है तो अपनी समस्या को तत्काल अधिकारियों के समक्ष रखें। जिसका निदान किया जाएगा। इस दौरान इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी खड्डा/पुलिस लाइन उमेशचन्द भट्ट, पुलिस उपाधिक्षक बसन्त कुमार, प्रतिसार निरीक्षक रुपेश कुमार, पीआरओ एवं अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## श्रीलंका बुद्ध बिहार में सप्त दिवसीय श्रामणेर प्रवज्जा शिवर का हुआ समापन



**कसया, कुशीनगर।** श्रीलंका बुद्ध बिहार कुशीनगर में सप्त दिवसीय श्रामणेर प्रवज्जा शिवर का श्रामणेर भिक्षुओं द्वारा तथागत बुद्ध का विधि विधान से पूजन के साथ समापन हो गया। भिक्षुओं ने विश्व कल्याण का संकल्प लिया।

बुधवार को शिविर के समापन अवसर पर श्रामणेर भिक्षुओं ने मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में धम्म पाठ के साथ पूजन कर चीवर चढ़ाया और जगत कल्याण की कामना की। इसके बाद म्यांमार मंदिर में छांता जी जेडी महा चैत्य, माथा कुंवर मंदिर में पूजन और बुद्ध की आराधना की। आयोजक बौद्ध धर्म गुरु डॉ नन्द रतन महाथेरो ने कहा कि बुद्ध ने करुणा, मैत्री और शांति का पाठ विश्व को पढ़ाया और जीवन में उसके सरल उपाय बताए। बुद्ध के सिद्धांतों का पालन भिक्षु वर्षा वास और उसके पश्चात भी जीवन में करते हुए धम्म प्रचार और लोगों को जीवन, शांति, सदाचार का मार्ग बताते हैं। इस दौरान भिक्षु आलोक, भिक्षु संघदीप, तेजेन्द्र सहित प्रव्रज्जित श्रामणेर भिक्षु, उपासक रोशन, सुमित शाक्य, विजय शाक्य, धनंजय कुशवाहा, शंभू कुशवाहा, अवनीश आदि मौजूद रहे।

# रोटरी और समाज सेवा एक दूसरे के पर्याय

जिला संवाददाता




**देवरिया।** स्थानीय रामा बाबू के बगीचा मे रोटरी का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ.कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, श्रुति शर्मा अखिलेन्द्र शाही एवं कपिल सोनी द्वारा दीप प्रज्जवलनकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, इसके बाद पूनम मणि एवं नौशाद अहमद के गणेश वंदना से प्रारम्भ हुई ! उसके बाद स्वागत भाषण,चार्टर अध्यक्ष रोट अखिलेन्द्र शाही ने सभी अतिथियों का स्वागत किया, एवं अध्यक्ष रोट कपिल सोनी एवं सचिव पीयूष अग्रवाल द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों का बैज एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया ! सर्वप्रथम 202425 के अध्यक्ष डॉ विपिन बिहारी शर्मा ने नये अध्यक्ष रोट कपिल सोनी को कॉलर पिन एवं बैज लगाया, उसके बाद कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने अध्यक्ष कपिल सोनी को शपथ दिलाया ! अध्यक्ष कपिल सोनी ने रोट पीयूष अग्रवाल को सचिव पद की शपथ दिलाई एवं उसके बाद कार्य कारिणी के अन्य सदस्यों को विभिन्न पद की शपथ दिलाई गई. मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज की सेवा करना और परिवार के साथ सामंजस्य बनाना एक कठिन कार्य है !

अपने अलावा जो दूसरे के बारे मे सोचे वो सच्चा रोटरियन है,,विशिष्ट अतिथि जॉइंट. मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने कहा कि रोटरी समाज मे कोई ऐसा क्षेत्र नहीं बचा है जहाँ रोटरीन ने अपनी सेवा जरूर दी है, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि रोटरी इंटरनेशनल 120 वर्षो पुरानी संस्था है, जो कि पोलियो और ब्लड जैसे मरीजो की सेवा के साथ साथ रक्त दान के क्षेत्र मे महत्व पूर्ण कार्य कर रहा है. कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से रोट जावेद अहमद, रोट कुंवरविजय सिंह, रोट अरुण बैरनवाल, रोट हिमांशु कुमार सिंह, रोट अशोक सिंह, अतुल बैरनवाल, रोट लाल जी गुप्ता, रोट इमरान लारी, रोट अविनाश मिश्रा,रोट राजेंद्र जायसवाल,गोपाल कृष्ण सिंह रामू,मनोज सेठ, आशीष कंसल,नितिन बैरनवाल, डॉ मनोज मधेसिया, राजा सिंह, मयंक अग्रवाल,एस अन चतुर्वेदी, इनर व्हील से प्रेमा केडिया, चांदनी कौर,शमीलो सोनी, सीमा सोनी,सुमन जायसवाल संगीता सिंह, युवराज सिंह,माया सिंह, आभा श्रीवास्तव राजा बाबू, अखिलेश जायसवाल, रविंद्र प्रताप मल्ल कार्यक्रम का संचालन रविकांत मणि ने किया।

## कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की समय-सीमा बढ़ी

**देवरिया** ।जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अविनाश मणि त्रिपाठी ने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित ह्यओह्न लेवल एवं सी०सी०सी० कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित इस योजना के तहत प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के इंटरमीडिएट उत्तीर्ण बेरोजगार युवक एवं युवतियों को भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान से संबद्ध संस्थानों के माध्यम से निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। पूर्व में इस योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 14 जुलाई 2025 निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 21 जुलाई 2025 कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी योजना की आधिकारिक वेबसाइट ३३श्र२://ढ्ढ्रूङ्घ४श्रह३ख्लल्ल.४श्र्ढ्ढ्र.्रल्ल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने के बाद, अभ्यर्थी को अपने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन पत्र की हार्डकॉपी संबंधित प्रमाणपत्रों सहित अनिवार्य रूप से 21 जुलाई 2025 की सायं 5:00 बजे तक कार्यालय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कक्ष संख्या 134, कलेक्ट्रेट परिसर देवरिया में जमा करना होगा।

## सातवें स्थापना दिवस पर 1000 पौधें वितरित करेगा यूथ ब्रिगेड : सन्तोष मद्धेशिया वैश्य

**बरहज,देवरिया।** सामाजिक संस्था स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी ( यूथ ब्रिगेड ) अपने सातवें स्थापना दिवस पर जुलाई 2025 में निफा देवरिया के साथ संयुक्त रूप से 1000 पौधे वितरित करेगा यूथ ब्रिगेड के संस्थापक एवं निफा जिलाध्यक्ष ब्लड डोनर सन्तोष मद्धेशिया वैश्य ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 जुलाई 2018 को यूथ ब्रिगेड की स्थापना की गई थी और तभी से निरंतर स्वच्छता, रक्तदान, वृक्षारोपण, यातायात सुरक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, योग, स्वास्थ्य, शिक्षा, आर्थिक मदद, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मतदान जागरूकता, लापता की खोज व वस्त्र वितरण सहित अन्य अभियानों पर उल्लेखनीय कार्य करते हुए यूथ ब्रिगेड ने आज सात वर्ष पूर्ण कर लिए ।यूथ ब्रिगेड के सदस्य मुख्य रूप से अभी तक करीब 800 यूनिट रक्तदान कर कई हजार लोगों का जीवन बचाने के साथ साथ हजारों वृक्ष भी लगा चुके हैं ।पिछले वर्ष छठे स्थापना दिवस पर संस्था द्वारा 500 पौधे वितरित किए गए थे ।यूथ ब्रिगेड के कार्यों को देखते हुए लखनऊ में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड लंदन, इंटरनेशनल लाइफ सेवर अवार्ड, करनाल में हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय रक्तनायक अवार्ड, अयोध्या में राष्ट्रीय सेवारत्न अवार्ड, वाराणसी में काशी आइकॉन अवार्ड, पूर्वांचल रत्न सम्मान 2025, पंडित महामना आइडियल अवार्ड, गोरखपुर गौरव सम्मान, पूर्व जिलाधिकारी अखंडप्रताप सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र व देवरिया गौरव सम्मान सहित गोरखपुर, चौरीचौरा, देवरिया, रुद्रपुर, सलेमपुर, भटनी, बरहज आदि प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर दर्जनों प्रतिष्ठित अवार्डों से सम्मानित किया जा चुका है ।

## निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण के लिए अधिकारी

**कुशीनगर।** जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0 एवं न0 नि0) महेंद्र सिंह तंवर ने राज्य निर्वाचन आयोग के हवाले से बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण कार्य हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, उप जिलाधिकारी (संबंधित तहसील) को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार (संबंधित तहसील) को अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पदाभिहीत किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण- 2025 का कार्य कराये जाने हेतु उपरोक्तानुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है जो अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्य को राज्य निर्वाचन आयोग के अधीक्षण, निर्देशन एवं नियत्रण में सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे।

## ईसीसीई प्रशिक्षण संपन्न

**देवरिया** । तितली संस्था द्वारा आयोजित 7 दिवसीय पूर्व-प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण देवरिया जिले के सदर, शहर एवं बैतालपुर ब्लॉकों में 7 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक आयोजित किया गया, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं शामिल रहीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्युष पांडेय एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आदिश मिश्रा के अनुमोदन एवं सहयोग से संचालित किया गया प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विकासात्मक डोमेन्स, (सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना), कम लागत/निर्माण एवं कठपुतलियों के माध्यम से प्रस्तुति, तथा ग्रामीण हेल्थ सेनिटेशन के विभिन्न पहलुओं और उसकी महत्ता पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गयायह प्रशिक्षण आंगनवाड़ी केंद्रों की गुणवत्ता में सुधार और बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## एसपी ने निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर द्वारा आज थाना महुआडीह में निमार्णाधीन नवीन थाना प्रशासनिक भवन का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ क्षेत्राधिकारी नगर, अधिशासी अभियंता (लोक निर्माण विभाग), संबंधित ठेकेदार व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे ।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर द्वारा भवन निर्माण की गुणवत्ता, निर्माण सामग्री के मानक, कार्य की प्रगति तथा निर्धारित समयसीमा का गहन अवलोकन किया गया।

उन्होंने उपस्थित अभियंता एवं निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ताविहीन निर्माण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि थाना भवन आमजन व पुलिस कर्मियों के उपयोग हेतु बनाया जा रहा है, अतः इसकी गुणवत्ता व संरचना पूरी तरह से सुरक्षित, मजबूत एवं सुविधाजनक होनी चाहिए। थाना महुआडीह का नया भवन पुलिस प्रशासन की कार्यक्षमता में वृद्धि करेगा तथा आमजन को एक बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भवन का कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए ताकि जनता को इसकी सुविधा उपलब्ध कराई जा सके ।

## युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर इनकी 14 वर्ष की बेटी को बहलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है ।पुलिस मामले में आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ अपहरण की धारा के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पटहेरवा पुलिस को दिए तहरीर में बताया था कि 12 जुलाई की दोपहर बाद 4 बजे इनकी 14 वर्षीय बेटी को तुर्कपटी थाना क्षेत्र के जमुआन निवासी सूरज बहला फुसलाकर भगा ले गया ।उसके घर पूछताछ करने पर आरोपी के पिता ने एक दिन में बुलाने की बात कही लेकिन अब गाली गलौज देने के साथ ही मारपीट की धमकी दे रहे है ।महिला का आरोप है इनकी बेटी बकरी बेच कर रखे गए 20 हजार रुपए लेती गई है ।महिला की तहरीर पर पुलिस आरोपी सूरज व उसके पिता संजय प्रसाद के खिलाफ अपहरण व धमकी की धाराओं के तहत केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी है।

## दस किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार




**तमकुहीराज, कुशीनगर।** पटहेरवा पुलिस ने बुधवार की सुबह फोरलेन पर महुअवा गांव के सामने वाहन चेकिंग के दौरान लग्जरी कार से 10 किलो अवैद्य गांजा बरामद करते हुए चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है ।पुलिस लग्जरी कार सहित अवैद्य गांजा कब्जे में लेते हुए गिरफ्तार दोनों तस्करों के खिलाफ एन डी पी एस के तहत केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी है। बरामद गांजा की कीमत 2 लाख 50 हजार बताई जाती है।

थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा ने बताया अपराध व अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है ।इसी अभियान के तहत पुलिस बुधवार की सुबह फोरलेन पर महुअवा कांटा गांव के सामने वाहन चेकिंग में जुटी थी ।इसी दौरान गोरखपुर की तरफ से एक लग्जरी कार आती दिखी ।पुलिस टीम उसे रोकने का प्रयास किया तो चालक कार सहित भागने लगा ।पीछा कर उसे रोक लिया गया ।जांच के दौरान बीच के शीट के नीचे 16 पैकेट अवैद्य गांजा बरामद हुआ ।कार सहित बरामद अवैद्य गांजा कब्जे में लेकर पुलिस तस्करों डींगर बाग उर्फ रॉकी बाग पुत्र खगेश्वर निवासी सिंघहटी मॉल थाना तूसरा जनपद बलांगिर उड़ीसा व पदमलोचन पुत्र भजमल निवासी भगबहली थाना तूसरा जनपद बलांगीर उड़ीसा के खिलाफ एन डी पी एस एक्ट के तहत केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी है।

## डीएमयू ट्रेन के आगे विद्युत तार टुटकर गिरने से आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें प्रभावित

**भटनी(देवरिया)।** भटनी-वाराणसी डीएमयू ट्रेन के उपर सुबह 25हजार बोल्ट का तार टुट कर संयोग से ट्रेन के उपर एक सुखी लकडी पर गिरा ।जिससे भयंकर हादसा टल गया ।प्रान छपरा गाँव के पास ट्रेन रुकते ही अफरा तफरी का माहौल बन गया ।घटना की पुरी जानकारी होने पर रेलवे बडे ही तत्परता से लगभग तीन बजे से इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था सही हुआ ।इसके पहले बीच डीजल इंजन से ट्रेन चलाया गया ।

स्टेशन अधीक्षक भटनी मनोज कुमार ने बताया कि इस बीच 05030स्पेशल ट्रेन वाराणसी जाने वाली 5018लोकमान्य दादर ट्रेन 5008कृषक एक्सप्रेस ट्रेन 1056गोदाम वाराणसी जाने वाली 5104इण्टरसिटी 5502छपरा पैसेंजर 4006लिच्छवी 2538बापूधाम भटनी -बरहज एक चक्कर भटनी से गयी ।दोबारा सलेमपुर से चलायी गयीं ।इस दौरान ट्रेन घण्टों बाधित रही ।

# किसानों ने ढाढा चीनी मिल क्षेत्र में देखी गन्ने की खेती

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** प्रदेश के सबसे बड़ा गन्ना एवं चीनी उत्पादक जनपद लखीमपुर के गोविन्द सुगर मिल ऐरा क्षेत्र के कृषकों का दल कुशीनगर पहुंचा और ढाढा चीनी मिल परिक्षेत में गन्ना कृषि यंत्र, गन्ने की खेती का अवलोकन किया और जानकारी ली।

चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने लखीमपुर से आए प्रगतिशील किसानों को बताया कि अवध चीनी मिल ढाढा हाटा द्वारा गन्ने

- गन्ना कृषि यंत्रो के प्रयोग से घटेगी लगत, बढ़ेगी गन्ने की मिठास: करन सिंह

की वैज्ञानिक तकनीक को प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों के खेतों पर पहुंचाने, कृषकों की समस्या समाधान, गन्ने की बुवाई से लेकर गुडाई, कटाई-छिलाई लदाइ आदि आधुनिक तकनिक से बनी मशीनों से हो रहा है। गन्ना कृषि यंत्र एटीएसपी कृषि तकनिक सेवा प्रदाता को अनुदान पर उपलब्ध करा रही है। अधिशासी अधिकारी सिंह ने बताया कि गया कृषि यंत्रों के प्रयोग से श्रमिको की समस्या दूर होगी। गन्ना उत्पादन लागत घटेगा, औसत उपज बढ़ेगा, समय की बचत होगी। अधिशाषी अध्यक्ष ने उप्र गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक, गन्ना विशेषज्ञ, ओम प्रकाश गुप्ता के साथ गन्ना कृषि यंत्रों की उपयोगिता विषय पर विचार विमर्श किया। श्री गुप्ता ने बताया कि लखीमपुर में 3 लाख हेक्टर से अधिक क्षेत्रफल में गन्ने की खेती की जाती है जो पूर्वी उत्तर प्रदेश के चार मंडलों के 12 जिलों के गन्ना क्षेत्रफल से अधिक है। ऐरा चीनी मिल परिक्षेत से आए भ्रमण दल को उप महाप्रबंधक डीडी सिह व गन्ना प्रबंधक देवेश गिल ने कृषि यंत्रों से की गयी गन्ने की खेती को दिखाया।

विभिन्न गांवों का भ्रमण कर दल ने ग्राम परसिया के अनिश तिवारी, पिंडरा के जागवली, रधिया के सत्येन्द्र सिंह, रविन्द्र तिवारी आदि किसानों के गन्ने की फसल देखी और जानकारी ली। चीनी मिल ऑटोमेटिक केन प्लांटर, डिस्क प्लाऊ, पेडी प्रबंध डिवाइस, स्मॉल ट्रिपलर, ट्राली, गहरी जुताई-सव स्वालर, छोटा ट्रैक्टर, गन्ना, छिलाई कटाई लदाई की यंत्र, पावर वीडर, मिटटी चढ़ाने की यंत्र, सोलर ट्राली सहित कुल 14 प्रकार का यंत्र देखा। ऐरा चीनी मिल के गन्ना प्रबंधक वाई.पी राव ने भ्रमण को कृषकों के लिए लाभकारी बताया । ढ़ाढा चीनी मिल के उपाध्यक गन्ना रविंद्र कुमार सिंह ने मिल की विकास योजना की जानकारी दी।

## सुरक्षा को लेकर व्यापारियों के साथ हुई बैठक

**कुशीनगर।** जिले के खड्डा थाना परिसर में थाना प्रभारी की अध्यक्षता में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें नगर पंचायत खड्डा के युवा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे ।बैठक में क्षेत्र की कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए विचार-विमर्श किया गया। थाना प्रभारी ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने प्रमुख दुर्घटना स्थलों और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जानकारी भी ली। बैठक के दौरान व्यापारियों ने सड़क दुर्घटनाओं और त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष चर्चा की। इस बैठक में युवा व्यपार मंडल अध्यक्ष संतोष जायसवाल , राजेश सिंह, प्रदीप गुप्ता, अमित शाही, विनोद यादव, राजू गुप्ता, प्रखर मिश्रा,सलाउद्दीन अंसारी, प्रकाश मिश्रा, सत्तारुद्दीन अंसारी, सूरज वर्मा, राकेश मद्धेशिया, कपिल कनौजिया, पनेलाल गुप्ता और असलम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नही रहे प्रख्यात साहित्यकार डॉ अरुणेश नीरन

**देवरिया।** भोजपुरी को विश्व पटल पर स्थापित करने, अंचल के कवियों ,लेखकों ,पत्रकारों को प्रेरित कर आगे बढ़ाने ,साहित्यिक गतिविधियों के जरिए समाज में चेतना जगाने वाले प्रख्यात साहित्यकार डॉक्टर अरुणेश नीरन का बीती रात इलाज के दौरान गोरखपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में निधन हो गया ।वे 80 वर्ष के थे और पिछले दो माह से अस्वस्थ चल रहे थे ।उनके निधन की सूचना मिलते ही जिले सहित पूर्वांचल के साहित्य व शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई ।मुख्यालय के देवरिया खास मोहल्ले के निवासी, बुद्ध पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ नीरन ने दर्जनों पुस्तकों की रचना किया। हाल ही में उनके द्वारा संपादित पुस्तक देवरिया अतीत से वर्तमान तक ,एक ग्रंथ के रूप में प्रकाशित हुई है ।राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी सम्मेलनों के पीछे उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा ।वह वर्ष 1995 से 2004 तक विश्व भोजपुरी के राष्ट्रीय महासचिव रहे। मॉरीशस में उन्हें 2014 के लिए पुनः महासचिव निर्वाचित किया गया ।नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया को जीवंत बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके निधन की सूचना पाकर साहित्य शिक्षा पत्रकारिता समाज सेवा से जुड़े लोगों की भीड़ उनके अंतिम दर्शन के लिए सुबह से ही पहुंचने लगी ।शोक व सांत्वना देने वालों में आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, एक की मौत

सीतापुर। मानपुर क्षेत्र में मंगलवार देर रात को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई। जबकि दूसरा चालक घायल हो गया। चम्पापुर निवासी हरिश्चन्द्र 50 बाइक से बालक पुरवा किसी काम से जा रहा था। चम्पापुर गांव निवासी मुलायम भी बघइया पुल से बाइक द्वारा अपने गांव आ रहा था। जैसे यह दोनों चम्पापुर से करीब डेढ़ सौ मीटर दूर नहर पटरी पर पहुंचे दोनों बाइके आमने-सामने टकरा गई। जिसमें हरिश्चन्द गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए ले जा रहे थे रास्ते में उसकी मौत हो गई। मुलायम को भी हल्की चोट आई है। थाना प्रभारी मुकेश वर्मा ने बताया शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम कारवाई की जा रही है।

## भाकियू ने मांगों को लेकर दिया धरना सौंपा ज्ञापन

सीतापुर। भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) के युवा जिलाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार पाल के नेतृत्व में बुधवार को फिरोजपुर गांव में किसानों व जनहित की समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान मुरहाडी, काजीकोला, हैबतपुर, गनीपुर, सरवा, जल्लाबाद समेत दर्जनों गांवों के किसान शामिल हुए। उन्होंने बिजली व्यवस्था, राशन कार्ड, मनरेगा और चांदपुर घाट पुल निर्माण जैसी समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद की। धरना स्थल पर भाकियू नेताओं ने नायब तहसीलदार शशीबाला को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मांग की कि नए कैंप लगाकर छूटे किसानों और मजदूरों के जॉब कार्ड बनवाए जाएं। इसके अलावा चांदपुर घाट पर पुल निर्माण की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई ताकि छात्रों, किसानों और राहगीरों को लंबा रास्ता न तय करना पड़े। धरने में अमरेन्द्र कुमार पाल के साथ पृथ्वी पाल चैधरी, सुनील पाल, संजीव पाल, सुदेश पाल पूर्वी, बीरेंद्र कुमार पाल, मनीष पाल, अजय, सचिन यादव, आरती रावत, सबनम, विजय यादव, अमरनाथ, साबान शेख, प्रेम कुमार रावत, हिमांशु गुप्ता, कमलेश राजपूत, राजकुमार, मुकेश राजपूत, रामशंकर पासवान, पंकज, मेराज, राम करन, रामप्रसाद, पप्पू कश्यप सहित बड़ी संख्या में संगठन के प्रदेश, जनपद और तहसील स्तरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। नायब तहसीलदार शशीबाला ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्याओं के समयबद्ध समाधान का आश्वासन दिया।

## किसान की तालाब में डूबकर मौत

सीतापुर। जिले के रामकोट इलाके में स्थित बीहटगौर गांव में दुबघट्टा तालाब के पास शौच के दौरान पैर फिसलने से एक किसान की डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान सरवन कुमार कश्यप 45 पुत्र लल्लू बीहटगौर के रूप में हुई है। घटना आज सुबह की है जब सरवन कुमार शौच के लिए तालाब के किनारे गए थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे तालाब में गिर गए। पास खेल रहे बच्चों ने उन्हें डूबते देखा और तुरंत उनके घर जाकर परिवार को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और सरवन को तालाब से बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर लेखपाल अजय कुमार शुक्ला भी पहुंचे। मृतक किसानी के साथ-साथ गांव में मजदूरी का काम भी करता था। उनके परिवार में उनकी मौत से कोहराम मच गया हैं।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

सीतापुर। सिधौली कोतवाली इलाके में बुधवार दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार तीन घायल हो गए। जानकारी के अनुसार नया गांव के पास तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिसमें साइकिल सवार विजयपाल निवसी 45 वर्ष पुत्र शिवराज निवासी बालसिंहपुर थाना रामपुर कला की मौत हो गई वह साइकिल से जा रहा था। वहीं बाइक सवार मुन्ना 18 पुत्र टोरी, इरशाद पुत्र अली हुसैन और इरफान पुत्र मुनीर निवासी श्यामदासपुर थाना महमूदाबाद गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां मुन्ना की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में जारी है।

# पांच करोड़ की जमीन हुई कब्जा मुक्त



जिला संवाददाता(vol)

- चार बीघा से अधिक जमीन पर था भूमाफिया का कब्जा

सीतापुर। शहर के मोहल्ला बैजनाथ कॉलोनी में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए लगभग चार बीघा से अधिक नजूल की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। इस जमीन की अनुमानित कीमत करीब 5 करोड़ रुपये बताई जा रही है। कई सालों से भूमाफिया और उसके परिवार के द्वारा कब्जाई गई इस जमीन पर दो मोबाइल टावर भी स्थापित है जिनसे अवैध वसूली की जा रही थी।

तहसीलदार अतुल सेन सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्यवाही की गई। जेसीबी मशीन से बने निमार्णों को ध्वस्त किया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान कुछ कब्जेदारों की महिलाओं ने अधिकारियों को कथित दस्तावेज दिखाकर जमीन पर कब्जे को सही ठहराने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह जमीन नजूल की है और लंबे समय से इस पर अवैध कब्जा चला आ रहा है। तहसीलदार ने बताया कि मृतक मुसाहिब उर्फ भन्नू के पुत्रों द्वारा इस नजूल भूमि पर कब्जा किया गया था। जमीन की अहमियत इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि यह पुराने डीएम आवास के पीछे स्थित है जहां सालों से यह जमीन खाली पड़ी थी। कार्रवाई के दौरान प्रशासन की टीम ने मौके पर नगर पालिका का बोर्ड भी लगवा दिया जिससे यह स्पष्ट हो सके कि यह भूमि सरकारी स्वामित्व की है। तहसीलदार अतुल सेन सिंह ने कहा कि नजूल की लगभग चार बीघा से अधिक भूमि को खाली कराया गया है जिसकी बाजार मूल्य के अनुसार अनुमानित कीमत लगभग 5 करोड़ रुपये है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## 54 व्यापारियों ने किया 7.50 करोड़ की जीएसटी चोरी

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जिले में जीएसटी चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य कर विभाग (जीएसटी कार्यालय) की जांच में खुलासा हुआ है कि जनपद के 54 व्यापारियों ने लगभग 7.50 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी की है।

यह कार्रवाई राज्य कर विभाग की विशेष जांच की रिपोर्ट में आई है। इसमें व्यापारियों के फर्जी बिल, इनपुट टैक्स क्रेडिट और रिटर्न में हेरफेर जैसी गड़बड़ियों का पता चला। जिले में 26, 788 व्यापारी जीएसटी के तहत पंजीकृत हैं। इनसे बीते वर्ष 2024-25 में 383 करोड़ के लक्ष्य की तुलना में 207 करोड़ 80 हजार रुपये की वसूली की गई। वाराणसी से अभिलेखों की जांच में सामने आया कि दस्तावेजों में हेरफेर कर 54 व्यापारियों ने 7.50 करोड़ की जीएसटी चोरी की। जो व्यापारी जीएसटी चोरी करते हैं, साक्ष्य के ऐसे व्यापारियों को नोटिस भेजा जाता है। जांच में पाया गया कि कुछ व्यापारी फर्जी कंपनियों के नाम पर बिल जारी कर रहे थे, जबकि कईयों ने बिक्री दिखाकर टैक्स जमा नहीं किया। इस धोखाधड़ी को लेकर संबंधित व्यापारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। राज्य कर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कर चोरी गंभीर अपराध की श्रेणी है। दोषी पाए जाने पर व्यापारियों पर 25 से 100 प्रतिशत तक का जुमार्ना लगाया जाता है, तीन साल तक की सजा का भी प्रावधान है। पांच करोड़ से अधिक की चोरी मिलने पर कमिश्नर की मंजूरी लेने के बाद ही मुकदमा दर्ज किया जाता है। विभाग ने व्यापारियों को चेतावनी दी है कि वे समय से टैक्स जमा करें और नियमों का पालन करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से जिले के व्यापारिक समुदाय में सनसनी है। विभाग ने आगे भी इस तरह की जांचें जारी रखने की बात कही है ताकि टैक्स चोरी पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।संतोष कुमार तिवारी, असिस्टेंट कमिश्नर, जीएसटी ने बताया है कि..बीते वर्ष 2024-25 में 54 व्यापारियों ने जीएसटी चोरी की थी। जिसका कुल आकलन साढ़े सात करोड़ था। ऐसे व्यापारियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर सुनवाई की जा रही है। इसमें 25 से 100 फीसदी तक जुमार्ना लगाया जा सकता है। साथ ही एक से तीन साल तक सजा भी हो सकती है।

## सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन




सीतापुर। किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन से सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही किसान एवं किसान यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

किसान दिवस में उप कृषि निदेशक, सीतापुर के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया गया। गत माह के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की निस्तारण स्थिति से जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया। बैठक में किसानों एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि बाजार में यूरिया एवं डीएपी कम मात्रा में उपलब्ध है, जिससे किसानों को काफी परेशानी हो रही है। इसके क्रम में जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की लगभग समस्त साधन सहकारी समितियों पर उर्वरक उपलब्ध करा दिये गये है। जिला कृषि अधिकारी ने किसान भाई से अनुरोध किया कि आप लोग अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का क्रय करें एवं खेत में संस्तुत मात्रा में ही उर्वरक का उपयोग करें, अनावश्यक किसी भी प्रकार के उर्वरकों का भण्डारण न करें। यदि जनपद में कहीं भी उर्वरकों का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मात्रा में या किसी अन्य सामग्री को टैग करके किया जा रहा है तो उसकी सूचना तत्काल कृषि विभाग के अधिकारी को दे, उस पर त्वरित कार्यवाही की जायेगी। कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समापन की घोषणा की गयी।

## सरकारी बैंक का लॉकर तोड़ते तीन चोर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जिले में पुलिस ने एक सरकारी बैंक का लॉकर तोड़ रहे तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना कांट अंतर्गत पिपरोला में कृभको श्याम कारखाने की आवासीय कॉलोनी में स्थित पंजाब नेशनल बैंक में ये आरोपी बुधवार तड़के पिछली दीवार में छेद बनाने का प्रयास करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर उन्होंने मुख्य द्वार पर आकर कैमरे तोड़ दिए। उन्होंने बताया कि इसके बाद दो आरोपियों ने बैंक के शटर का ताला तोड़ा, अंदर दाखिल हुए और रुपयों से भरा लॉकर तोड़ने का प्रयास करने लगे। इस दौरान एक आरोपी बाहर रखवाली करता रहा। गश्त के दौरान तड़के तीन बजे थाना प्रभारी बैंक के पास से गुजर रहे थे, तभी उन्हें बैंक के बाहर कुछ आहट सुनाई दी। उन्होंने बताया कि बाहर एक व्यक्ति खड़ा था जिसे उन्होंने आवाज दी। इसके बाद पुलिस बैंक परिसर में गयी तो बैंक का शटर खुला हुआ था और कुछ लोग अंदर लॉकर खोलने का प्रयास करते दिखे जिन्हें पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की सक्रियता से बड़ी घटना होने से बच गई। पुलिस ने आरोपी शंकर (24), इच्छाराम (23) और एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया है और इनके कब्जे से एक तमंचा भी बरामद किया है।

## प्रभात उपाध्याय का भारतीय सूचना सेवा में चयन

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय जनसंचार विभाग के शोधार्थी प्रभात कुमार उपाध्याय के भारतीय सूचना सेवा में चयन पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह समेत विभाग के शिक्षकों ने बधाई दी है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।जनपद के बख्शा विकास खंड स्थित दरियावगंज गांव के मूल निवासी प्रभात कुमार उपाध्याय ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर एक नया कीर्तिमान रचते हुए संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली की प्रतिष्ठित भारतीय सूचना सेवा में चयनित होकर परिवार, क्षेत्र, तथा पूर्वांचल का नाम रोशन किया है।

## मेगा कैंप में उपभोक्ता गलत बिल का सुधार करायें

सफीपुर, उन्नाव। क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता अपने गलत बिल को सुधार हेतु अपने नजदीकी विद्युत वितरण खंड अथवा उपखंड कार्यालय पर तीन दिवसीय लगाए जा रहे मेगा कैंप का लाभ उठाए। उक्त जानकारी अधिशाषी अभियंता राजनाथ यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी, और कहा कि 17,18 व 19 जुलाई को क्षेत्र के विद्युत वितरण खंड अथवा उपखंड कार्यालय पर कैंप आयोजित किया जाएगा। जहां उपभोक्ताओं के गलत विद्युत बिलों से संबंधित समस्याओं को मेगा कैंपों के जरिए मौके पर ही 1912 पर शिकायत दर्ज कराकर यथा संभव निस्तारण किया जाएगा।जिन उपभोक्ताओं के विद्युत बिल गलत है। ऐसे विद्युत उपभोक्ता अपने नजदीकी विद्युत वितरण खंड अथवा उपखंड कार्यालय पहुंच मेगा कैंप का लाभ उठाए।

## प्रबन्ध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने किया निरीक्षण

सीतापुर। प्रबन्ध निदेशक मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा विद्युत वितरण मण्डल-सीतापुर का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारी को टर्न-अप बढ़ाने एवं राजस्व वसूली में वृद्धि करने के लिए निर्देशित किया गया।

प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल द्वारा मुख्य अभियन्ता वितरण सीतापुर जनपद में प्राथमिकता के आधार पर आदेशित किया गया कि जुलाई माह में किसी भी कार्मिक का वेतन बिना बायोमैट्रिक अटेडेन्स के निर्गत ना किया जाये। मुख्य अभियन्ता वितरण सीतापुर को रामपुर मथुरा, पोखरा कला, भवानीपुर ग्रामीण के अवर अभियन्ताओं को खराब राजस्व वसूली तथा टर्न-अप हेतु आरोप पत्र निर्गत कराये जाने हेतु निर्देश देते हुए सभी अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि प्रत्येक 11 केवी पोषक वार उपभोक्ताओं का टर्न-अप न्यूनतम 10 प्रतिशत से अधिक सुनिश्चित कराये अन्यथा की स्थिति में विभागीय कार्यवाही की जा सकती है। विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से उपभोक्ताओं को दिये जाने के दृष्टिगत अधिकारियों को निर्देश दिये कि जले परिवर्तकों का विश्लेषण कर तत्काल परिवर्तक बदलकर विद्युत आपूर्ति सामान्य करते हुए यह भी सुनिश्चित करें कि परिवर्तक क्षतिग्रस्ता लगभग शून्य रहे। निरीक्षण के दौरान प्रबन्ध निदेशक के साथ मुख्य अभियन्ता (वितरण), अधीक्षण अभियन्ता (वितरण)-सीतापुर के साथ अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## चीनी मांझे के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में मतभेद

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में प्रतिबंधित चीनी मांझे के खिलाफ पुलिस के अभियान को लेकर अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गयी है।

व्यापारियों के एक संगठन ने बुधवार को जहां इस अभियान के लिये पुलिस अधीक्षक को सम्मानित किया है। वहीं दूसरे संगठन ने पुलिस के इस अभियान में व्यापारियों के बेटों की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कोतवाल को निलंबित करने समेत कई मांगों को लेकर पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि आदर्श व्यापार मंडल के सदस्यों ने बुधवार को उनसे मुलाकात कर चीनी मांझे की बिक्री रोकने के लिये चलाये जा रहे अभियान के लिये उन्हें सम्मानित किया। आदर्श व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज वर्मा ने बताया कि उनके संगठन से जुड़े व्यापारी तथा उनके परिजन चीनी मांझे से घायल हो चुके हैं। पुलिस द्वारा चीनी मांझे के विक्रेताओं के विरुद्ध जो कार्वाई की गई है वह काफी प्रशंसनीय है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दूसरी ओर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष सचिन बाथम ने व्यापारियों के साथ आज उनसे मुलाकात की और सोमवार को चीनी मांझा लगाकर पतंग उड़ाते हुए पकड़े गए चार युवकों की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए कोतवाल को हटाने की मांग की। व्यापारियों ने इस सिलसिले में उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा है। पुलिस द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक सोमवार तथा मंगलवार को प्रतिबंधित मांझे की खरीद और बिक्री के मामलों में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में प्रतिबंधित चीनी मांझा बरामद किया गया है।

## ग्रामीणों ने की अहमदपुर में चकबंदी कराने की मांग

जौनपुर। अहमदपुर के किसानों ने बुधवार को डीएम को ज्ञापन देकर गांव में 11 वर्ष बीत जाने पर प्रथम चक्र की पूर्ण ना होने पर किसानों में आक्रोश है ।उनकी मांग है की दो वर्ष में चकबंदी कराने की मांग की। किसानों ने इस दौरान बताया कि चकबंदी न होने से ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे हो रहे हैं। किसानों की जमीन भी इधर-उधर होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर में डीएम कार्यालय पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 65 साल पहले चकबंदी हुई थी। उसके बाद चकबंदी नहीं हो पाई। किसानों के खेत गांव में अलग-अलग स्थानों पर है। खेत में आने जाने के लिए रास्ते और सिचाई को नालियों की जगह नहीं है।

# जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा




जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। बुधवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय टाउन हाल सीतापुर में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव इकबाल हुसैन अंसारी ने किया।

बैठक में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने संगठन की समीक्षा करते हुए विधानसभा अध्यक्षों को निर्देश दिया कि मासिक बैठक नियत समय पर होनी चाहिए और पीडीए जनपंचायत प्रत्येक विधानसभा में बूथ स्तर के गांव-गांव में लगातार करते रहे और उसकी दैनिक रिपोर्ट जिला कार्यालय में जमा करवाते रहे। जिलाध्यक्ष बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर आरक्षण दिवस 26 जुलाई को समाजवादी पार्टी द्वारा संविधान-मानस्तम्भ स्थापना दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इसी परिपेक्ष्य में संविधान-मानस्तम्भ स्थापना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसके पीछे मूल भावना है कि संविधान-मानस्तम्भ वस्तुतः पी.डी.ए.-प्रकाश स्तम्भ के रूप में समाजिक न्याय के राज की स्थापना के संकल्प का मार्ग सदेव प्रकाशित और प्रशस्त करता रहे। जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा। संविधान ही ढाल है, संविधान ही कवच है। भाजपा के एजेंडे में कभी भी शिक्षा, नौकरी, रोजगार नहीं रहा है। प्रदेश में हजारों की संख्या में स्कूलों को बंद करने का सीधा असर बालिकाओं की शिक्षा पर पड़ेगा। भाजपा सवालों से डरती है। लोगों को शिक्षित करने के बजाय उन्हें अशिक्षित बनाए रखना चाहती है।

बैठक में मुख्य रूप से एमएलसी जासमीर अंसारी, विधायक अनिल वर्मा, पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, रामहेत भारती, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह झीन बाबू, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, पूर्व प्रत्याशी अफजाल कौसर, कमलेश यादव पूर्व मंत्री, प्रदेश सचिव शब्बीर खां, जिला उपाध्यक्ष अशफाक खां, कौशलेन्द्र सिंह, कय्यूम कुरैशी, सुयश, महासचिव रोबिन सिंह यादव, सचिव चंद्रशेखर यादव, राकेश जोशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल में नहीं है, आईड्रॉप



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। मौसम परिवर्तन के साथ-साथ जिला अस्पताल में वायरल बुखार, खांसी, सर्दी जुखाम, और नेत्र इंन्फेक्शन के मरीज तेजी से बढ़ रहें हैं। इसी बीच आईड्रॉप जैसी जरूरी दवाएं 20 दिन से अस्पताल स्टोर में नहीं हैं ।वायरल इंन्फेक्शन के कारण आंख लाल होने के मरीज बढ़े हैं। डॉक्टर उन्हें आईड्रॉप लिख रहें हैं वह भी जिला अस्पताल के दवा वितरण कक्ष में नहीं है। मजबूरन मरीजों को बाहर मेडिकल स्टोर से आईड्रॉप खरीदनी पड़ रही है। रोजाना औसतन 400 मरीज खांसी, 200 आंखों और बुखार, जोड़ों के दर्द के जिला अस्पताल में पहुंचते हैं। ऐसी स्थिति में 20 दिन से जिला अस्पताल में आईड्रॉप नहीं है।

### बोले जिम्मेदार

आईड्रॉप दवा वितरण कक्ष में नहीं है, उसके लिए मांग पत्र भेजा गया है। उम्मीद है कि तीन दिन में आईड्रॉप उपलब्ध हो जाएगी। ताकि मरीजों को मेडिकल स्टोर से ना लेनी पड़े। सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता!

## सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल नगर में लाखों की चोरी

सीतापुर। शहर कोतवाली इलाके में पुलिस चौकी से महज 2 सौ मीटर की दूरी पर स्थित मोबाइल स्टोर में छत के रास्ते दुकान की दीवार में सेंध लगाकर 25 लाख का माल चोरी कर अज्ञात चोरों ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। मोबाइल स्टोर के प्रोपराइटर विनोद राठौर के अनुसार चोरों ने मंगलवार की देर रात दुकान में घुसकर लगभग 200 कीमती मोबाइल फोन चोरी कर लिए। चोरी गए मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये करीब बताई जा रही है। यही नहीं चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले गए जिससे उनकी पहचान में मुश्किलें आ रही हैं। बुधवार सुबह घटना की जानकारी होते ही अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही सीओ सिटी अमन सिंह, नगर कोतवाली प्रभारी अनूप शुक्ला, चौकी प्रभारी हर्षित सिंह तथा फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य संकलन शुरू किया गया। पुलिस ने दुकान में सेंधमारी के रास्ते फिंगरप्रिंट व अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कर सुराग जुटाने का प्रयास किया। घटना ने पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। दुकान के आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही खुलासे की बात कह रही है।

## युवक का मिला शव

सीतापुर। लहरपुर नगर क्षेत्र के मोहल्ला मीरा टोला निवासी हाजी रफीक अंसारी के 27 वर्षी पुत्र अजीम अंसारी का शव बुधवार को कोतवाली तालगांव क्षेत्र के ग्राम न्यामूपुर के निकट शारदा सहायक नहर से बरामद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत सोमवार को नगर के मोहल्ला मीरा टोला निवासी हाजी रफीक अंसारी के पुत्र अजीम अंसारी ने स्लाटर हाउस के निकट बीमारी के चलते नहर में छलांग लगा दी थी अजीम के शव की तलाश में स्थानीय गोताखोर पीएसी व एसडीआरएफ टीम के द्वारा नहर को खंगाला जा रहा था बुधवार को शव की तलाश कर रहे परिजनों ने अजीम को न्यामूपुर के निकट शारदा सहायक नहर में बहता हुआ देखकर ग्रामीणों की सहायता से बाहर निकाला और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची तालगांव पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया अजीम के शव की बरामदगी के बाद भारी संख्या में लोगों ने हाजी रफीक के आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी नगर के गुरखेत कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में अजीम के शव को सुपुर्द खाक किया गया इस मौके। सीतापुर सांसद राकेश राठौर, सपा विधायक अनिल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, हसीन अंसारी, मोहम्मद रफी, रहमत अली, समीर राईन, अखलाक अंसारी, मुन्ना अंसारी, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## वन विभाग की बाघ को पकड़ने की कोई ठोस योजना के नहीं दिख रही कामयाब

महोली/सीतापुर। महोली क्षेत्र में बाघ का आतंक लगातार जारी है। वन विभाग के द्वारा बाघ को पकड़ने की कोई ठोस योजना कामयाब होती नहीं दिख रही। महोली क्षेत्र के पिपरझला गांव में बाघ की दहशत से ग्रामीण व क्षेत्रवासी परेशान है। बुधवार को उप प्रभागीय वन अधिकारी बृजेश पांडेय अपने दलबल के साथ पिपरझला गांव पहुंचे। वहां मौजूद ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि गुरुवार को पिजड़ा लगा दिया जाएगा। हमारी टीम बाघ को पकड़ने का प्रयास कर रही है। विभाग के कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों को सतर्क रहना होगा वहीं खेतों में समूह के साथ जाये ।शीघ्र ही बाघ को पकड़ा जाएगा। मालूम हो की दो दिन पहले एक लड़की बकरी चराने गई थी वहीं खेत में छिपे बाघ ने बकरी को अपना निवाला बना लिया था। गांव की निवासिनी शिवपति व शांति देवी बकरी चरा रही थी तभी खेतों में छिपा बाघ ने दोनों पर हमला बोल दिया था। शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे जिसके चलते उनकी जान बच सकी। अभी बाघ सिर्फ मवेशियों को अपना निवाला बना रहा है ग्रामीणों का आरोप है कि बाघ को पकड़ने में वन विभाग लगातार लापरवाही कर रहा है जिसके चलते जनहानि भी हो सकती है। वहीं वन विभाग सिर्फ कांबिंग कर अपनी खानापूर्ति कर रहा है। इस मौके पर भाजपा नेता मनोज मिश्रा, रेंजर कल्पेश्वर नाथ, डिप्टी रेंजर राहुल, जहीरूद्दीन, वन दारोगा नंदलाल, संतराम, नीरज सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## नगर आयुक्त ने शहीदों के प्रतिमा स्थल पर सुंदरीकरण कराने का दिया आश्वासन

शाहजहांपुर। नगर निगम के नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा ने मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव डॉ पुनीत मनीषी को आश्वासन दिया की वह शीघ्र ही एवी रिच इंटर कॉलेज (मिशन स्कूल) में लगी शहीदों की प्रतिमाओं का सुंदरीकरण किया जाएगा। जिसके अंतर्गत रेलिंग सहित कई काम किए जाएंगे। इसके बाद शहीदों की प्रतिमाओं को भी नवीन स्वरूप दिया जाएगा। उक्त आश्वासन आज संभव के अंतर्गत की जा रही जनसुनवाई के मध्य श्री मनीषी जी के द्वारा स्मृति पत्र दिए जाने पर दिया गया। ज्ञातव्य है कि गत 26 जनवरी को कचहरी परिसर में आयोजित एक बैठक में डॉक्टर पुनीत मनीषी ने मांग की थी कि मिशन स्कूल में लगी शहीदों की प्रतिमाएं अपनी भव्यता को चुकी हैं।अतः नई प्रतिमाएं लगाई जाए, और माल्यार्पण करने के लिए पहुंच बनाई जाए। इस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम को निरीक्षण कर कार्यवाही करने के आदेश दिए थे। उसी क्रम में आज मनीषी ने नगर आयुक्त महोदय को स्मृति पत्र देकर कार्य की याद दिलाई थी।

## पेड़-हैं-तो-प्राण-हैं युवाओं ने लिया संकल्प

सोनभद्र। पेड़-हैं-तो-प्राण-हैं के संयोजक सन्दीप मिश्र ने बताया की पृथ्वी पर पेड़ है तो मनुष्य सहित जीव जंतुओं का भी प्राण हैं का संकल्प लेकर युवाओं के साथ 401 विधानसभा के विभिन्न बूथ पे पेड़ लगाकर जो संकल्प लिया गया है कि विधानसभा के हरेक बूथ पर पेड़ लगाकर व पर्यावरण के प्रति लोगों को पूरे विधानसभा में जनजागरण किया जायेगा उसी क्रम में बुधवार को मुख्यालय के रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों नौजवानो के साथ पेड़ लगाया गया व विधानसभा के आमजन की सबसे बड़ी पिडा रेलवे क्रासिग ओबर ब्रीज को बनाकर जन जन की पिडा को दूर करने की मांग नौजवानो द्वारा की गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से अतुल चैबे रिसब चैबे सत्यम पाण्डेय सर्वेष तिवारी आकाश चैहान सत्रुधन बिन्द धीरज कनौजिया सुनील यादव विवेक जाटव सुरेस बियार गुड्डू धागर बबलू चेरो सियाराम पनिका सिवा पटेल धीरेन्द्र मौर्य राजू कुशवाहा मनोज प्रजापति रामाधार विश्वकर्मा पवन बिन्द रोहित सिंह उदित चैहान रवि चैहान पियुस केसरी राबिन श्रीवास्तव मनोज अग्रवाल अछय गुप्ता सजय केसरी सतोष कुमार लालू गोण अजय सोनी मनीष सोनकर सचिन सोनकर रामबाबू पटेल अरविन्द पटेल सुरेन्द्र गुप्ता व सैकड़ों नौजवान उपस्थित रहे।

## दोषी विजेंद्र वियार को 3 वर्ष की कैद

सोनभद्र। साढ़े चार साल पूर्व कुल्हाड़ी से प्रहार कर गम्भीर चोट पहुंचाने व जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित करने के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी विजेंद्र वियार को 3 वर्ष का कारावास व 32 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के कम्हारडीह गांव निवासी विनोद कुमार पुत्र रामसखी ने रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 15/16 अक्तूबर 2020 को रात करीब 12 बजे उसके पिताजी खेत मे पानी लगाने गए थे जहां पर गांव का विजेंद्र वियार पुत्र पुनवासी वियार ने 4 अन्य साथियों के साथ कुल्हाड़ी से उसके पिता के गर्दन पर प्रहार कर गम्भीर चोट पहुँचाई और जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित किया तथा पिताजी को मरा समझकर छोड़कर भाग गए। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा तो पिताजी गिरे पड़े थे और खून भी गिरा था। घटना के बारे में पूछा तो पिताजी ने उपरोक्त बातें बताई। तब 112 नम्बर पुलिस को सूचना देकर बुलाया तो अस्पताल में लेजाकर भर्ती कराया। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, 8 गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषसिद्ध पाकर दोषी विजेंद्र वियार को 3 वर्ष का कारावास व 32 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सी शशांक शेखर कात्यायन ने बहस की।

संक्षेप

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गोविंद नगर में विवाहिता ने मायके में सुबह सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत है। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है व आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है। बताया गया है कि कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला गोविंदनगर में शाबरीन पत्नी आमिर ने कमरे में सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि महिला की शादी मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ में हुई थी। कुछ दिनों पूर्व ही महिला ससुराल से अपने मायके मोहल्ला गोविंदनगर में आई हुई थी। मृतका के मायकेजनों ने बताया कि शाबरीन सुबह खाना खाकर कमरे में चली गई थी। काफी देर तक नहीं लौटी तो परिजन उसे खोजने के लिए गये, जहां उन्होंने देखा कि शाबरीन रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल रही है। मृतका के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने ससुरालीजनों पर आत्महत्या को प्रेरित किये जाने के आरोप लगाये है।

## बोरबेल के ट्रैक्टर से बैटरी चोरी

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला अजीतापुरा निवासी अजहर अहमद पुत्र इलयास अहमद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह बोरबेल का काम करता है, जिसकी ट्रैक्टर-ट्रॉली व मशीन लेकर 11 जुलाई को शाम करीब 6.45 से 7.30 बजे शाम को अजीत फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पम्प पर खड़ा हुआ था। तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर ली, जो कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में नहीं पायी गयी है, जिसकी वीडियो फुटेज पीड़ित के पास है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कंटेनर की टक्कर से हुई थी महिला की मौत, केस दर्ज

**ललितपुर।** पूराकलां थानान्तर्गत ग्राम चैबारा में रहने वाले अमर सहरिया पुत्र धनसी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 10 जुलाई को शाम करीब 4 बजे उसका बड़ा भाई रघवर पुत्र धनसिंह और उसकी पत्नी रामदेवी, पुत्र कालू अपनी मोटर साइकिल से मालथौन में गंगाजली में शामिल होने जा रहे थे। तभी रास्ते में कैलगुवां तिराहा के पास पीछे से कंटेनर नं. एच.आर. 38 ए.जे. 2544 ने उसके भाई की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके भाभी रामदेवी की मौके पर मौत हो गयी, जबकि भाई व भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 106, 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ज्ञान परंपरा हमें वेदों एवं मनीषीयों से हुई प्राप्तः प्रो. अम्बिका

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ह्ल द इंडियन परस्पेक्टिव ऑफ इकोनॉमिक्सः एनेलिटिक्स एंड रिलेवेंसह्न विषय पर कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुर्नवास विश्वविद्यालय, लखनऊ अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. अम्बिका प्रसाद तिवारी रहे। मुख्य अतिथि प्रो. अम्बिका प्रसाद तिवारी ने कहा कि पूंजीवाद एवं समाजवाद दोनों ही केवल भौतिकता को ही प्रधानता देते हैं। इसी कारण वे लक्ष्य को प्राप्त करने में असफल रहे हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा भौतिकता के साथ अध्यात्म को जोड़ने की बात करती है। यही विचारधारा प्रसिद्ध अर्थशास्त्री पैरेटो की इष्टतम की अवधारणा को सिद्ध करती है।

प्रो. तिवारी ने लोक-परलोक, पुनर्जन्म एवं ह्लपराह्न की अवधारणा को भारतीय ज्ञान परंपरा का अभिन्न अंग बताया।

श्रीरामचरितमानस की चैपाई को उद्धरित करते हुए उन्होंने बताया की सुमति से प्राप्त विकास ही हमें समृद्ध बनाएगा और कुमति हमें विनाश की ओर ले जाएगी। भारतीय ज्ञान धारा हमें संतोष एवं तृप्ति की ओर ले जाती हैं। वहीं पाश्चात्य विचार हमें टकराव एवं संघर्ष की तरफ ले जाते हैं।

अर्थशास्त्र के सिद्धांत की भारतीय ज्ञान परंपरा हमें वेदों एवं संतो-मनीषीयों से प्राप्त हुई है। उसमे नैतिकता का महत्वपूर्ण स्थान है।

# यूपी के कोटेदारों ने भी मांगा लाभांश

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** उचित दर विक्रेताओं के सब्र का बांध उस समय टूट गया, जब पिछले छह माह का लाभान्श प्राप्त न होने और लाभान्श बढ़ाये जाने की मांगों को लेकर ऑल इण्डिया फेयर प्राइज शॉप डीलर एसोशियेशन ने कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन किया।

- समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन
- मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर उठायी कार्यवाही की मांग

कोटेदारों ने प्रदर्शन करते हुये मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। मुख्यमंत्री को कोटेदारों ने अवगत कराया कि वर्तमान में फोन से फीडबैक लिया जा रहा है, जिसमें कोटेदारों के विरोधियों से उल्टा-सीधा जबाव दिया जाता है और जिसे फोन जाता है उसे जानकारी नहीं होती। इन्हीं कारणों के चलते कोटेदार का शोषण बढ़ता है। मांग की है कि सरकार किसी एक विभाग से जांच कराये, जिससे कोटेदारों का शोषण रूक सके।

इसके अलावा कोटेदारों का लाभांश खाद्यान्न पर 90 रुपये प्रति कुन्तल, चीनी पर 70 रुपये प्रति कुन्तल ही मिलता है, जबकि अन्य प्रदेशों में हरियाणा में 200 रुपये कुन्तल, गोवा में 200 रुपये कुन्तल, दिल्ली में 200 रुपये कुन्तल, गुजरात में 20 हजार रुपये न्यूनतम दिया जा रहा है। इसलिए कोटेदारों ने अन्य की भांति लाभांश दिये जाने की मांग उठायी।

बताया कि शासनादेश अनुसार डोर स्टेप डिलीवरी गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न कोटेदार के यहां पहुंच कर दिया जाये और पूर्व में सभी बकाया का भुगतान किया जाये। कोटेदारों द्वारा ऑनलाइन वितरण किया जा रहा है, जबकि सत्यापन अधिकारी, वितरण अधिकारी, वितरण प्रमाण पत्र, स्टॉक रजिस्टर बंद किया जाये, जबकि राज्य सरकार द्वारा पेपरलैस का आदेश दिया जाये। स्वयं सहायता समूह के दुकान संचालन में सभी जिम्मेवारी होती है, संचालक द्वारा भाड़ा, बिजली बिल, मजदूरी भी दी जाती है और कमीशन का रुपया भी संचालक के खाते में दिया जाये। साथ ही एमडीएम और आईसीडीएम के खाद्यान्न पर भी एनएफएसए खाद्यान्न की भांति कमीशन प्राप्त करें। इन समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग उठाते हुये कोटेदारों ने अन्यथा की स्थिति में माह अगस्त का वितरण प्रथम तीन दिन रोक दिये जाने की चेतावनी दी है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष जुगल किशोर तिवारी, नगराध्यक्ष आलोक रिछारिया, संजय कटारे, नीरज जैन, सुमन बाई, सुमन पटैरिया, चन्द्रकांत, प्रताप सिंह के अलावा अनेकों कोटेदार मौजूद रहे।

## भारत को मिला पहला पूरी तरह से एआई बेसेड फिंटेक सॉफ्टवेयर

**सोहावल-अयोध्या।** भारत के इतिहास में फिंटेक ने आज एक बड़ा कदम उठाया है। लरावेर प्राइवेट लिमिटेड नें देश का पहला पूरी तरह से एआई टेक्नोलॉजी पर आधारित फेंटेक साफ्टवेयर प्लेटफार्म लॉन्च कर दिया है। जो सिर्फ एक सॉफ्टवेयर नहीं बलिक डिजिटल फाइनेंस की नई परिभाषा है क्या है खास? इस साफ्टवेयर में मिलने वाले एक साथ 50 से अधिक फिंटेक एपीआईएस, एईपीएस, बीबीपीएस, डीएमटी, रिचार्ज, आधार पे, माइक्रो एटीएम सभी टॉप फाइनेंशियल सर्विसेज आधार पैन जीएसटी बैंक खाता वेरिफिकेशन फेस मैचिंग और लाइवनेश चेक जियो टैगिंग डिवाइस फिंगरप्रिंट बैंकिंग सेवाएं आदि अब फिंटेक सॉफ्टवेयर की लेटेस्ट टेक्नोलॉजी एआई से पूरी तरह संचालित होगा जिससे अब इस सॉफ्टवेयर को संचालित होने पर धोखाधड़ी फ्राड संभव नहीं हो पाएगा यह देश की पहली एआई स्वचालित उन्नयन प्रणाली है। यह प्रणाली डेवलपर्स और बैंकों के लिए वरदान है इस ऐतिहासिक सॉफ्टवेयर की पूरी आर्किटेक्चर और एआई केयर टेक्नोलॉजी को अंवेष तिवारी ने डेवलप किया है। जो भारत के चुनिंदा टेक डीलर्स में गिने जाते हैं। जो डिजिटल इकोनामी की दिशा में एक ठोस कदम है।

## नाबार्ड की संगोष्ठी में किसानों को दी जानकारी



**बांदा।** नाबार्ड ने क्रय-विक्रय में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया। अतर्रा समिति क्षेत्र के किसानों को नाबार्ड डीडीएम संदीप कुमार गौतम ने बैंकों से किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा और किसानों के लिए चलाई जा रही अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रगतिशील किसान हरिमोहन श्रीवास्तव ने जैविक खेती के बारे में बताया। अध्यक्ष बी पैक्स दीन दयाल द्विवेदी ने किसानों को नैनो डीएपी, नैनो यूरिया व जैविक उर्वरकों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक सहकारिता अध्यक्ष क्रय-विक्रय उदित नारायण द्विवेदी ने किसानों को जैविक उर्वरकों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि रासायनिक उर्वरकों से लगातार जमीन की स्थिति खराब हो रही है। इस दौरान रामप्रसाद तिवारी, श्यामसुंदर यादव, कृष्ण कुमार, कुलदीप कुशवाहा, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता, रामसिंह शाखा प्रबंधक, शिवनंदन सेवा संस्थान के घनश्याम मौर्य, सीईओ ललित तिवारी, समिति कर्मी कृष्ण कुमार मिश्रा, आशीष तिवारी, अराधना और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव बी पैक्स रामेन्द्र द्विवेदी ने किया।

## जल संरक्षण जागरुकता को निकले प्रचार वाहन

**बांदा।** जल संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 16 से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह मनाया जाएगा। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मालती बासू ने बुधवार को प्रचार वाहनो को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। भूगर्भ जल विभाग ने जल संचयन का संदेश देते हुए बताया कि सबमर्सिबल पम्पों से आवश्यकतानुसार ही जल का दोहन करें। यह सन्देश जनमानस में सबको प्रसारित करना चाहिए और स्वयं जल दूत बनकर नदियों, तलाबों व कुओं का पुनरोद्वार करना चाहिए एवं जल संचयन, जल संरक्षण के सम्बन्ध में बैनर एवं पंपलैट के माध्यम से जीवन के लिये जल के महत्व को बताया एवं अपनी छोटी-छोटी आदतों में सुधार कर गिरते जल स्तर को कैसे बढाया जा सकता है, के बारे में जागरूक किया। प्रदेश भर में भूजल अधिनियम लागू है जिसके अन्तर्गत समस्त वाणिज्यिक, व्यवसायिक उद्यमियों को विभागीय वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कडाई से अनुपालन करने के लिए जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में भूगर्भ जल विभाग के हाइड्रोलाजिस्ट अक्षय कुमार, श्वेता गुप्ता, अवर अभियंता सौरभ शुक्ला के साथ प्रतीक श्रीवास्तव, लाल बहादुर सिंह, प्रेमबाबू, अमिल शुक्ला, कमलेश, सदानन्द अवस्थी, मुस्तकीम मौजूद रहे। इस दौरान जल सपथ दिलायी गयी।

# एससीएसटी आयोग सदस्य ने सुनी समस्याएं, दिया आश्वासन



**ललितपुर।** अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के सदस्य रमेशचंद्र कुंडे अपने दो दिवसीय दौरे पर ललितपुर पहुंचे। ललितपुर में आयोग सदस्य ने मलिन बस्ती का निरीक्षण किया और भी तमाम व्यवस्थाओं को देखा। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये समस्याओं के समयबद्ध तरीके से निस्तारण के निर्देश भी दिये। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बाल्मीकि समाज के लोगों व नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने एससीएसटी आयोग सदस्य रमेशचंद्र कुंडे का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आयोग सदस्य को तिलक लगाकर, फूलमालाएं पहनाकर, शॉल-श्रीफल भेंट करते हुये स्मृति चिह्न भी प्रदान किया गया। तदोपरान्त सफाई कर्मियों ने आयोग सदस्य रमेशचंद्र कुंडे का मंजीत करौसिया के गांधीनगर स्थित नज निवास स्थान पर पहुंच कर भव्यता से स्वागत सम्मान किया। साथ ही समाज की समस्याओं को भी आयोग सदस्य के समक्ष रखा, जिस पर आयोग सदस्य रमेशचंद्र कुंडे ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मंजीत करौसिया, उ.प्र.पंचायती राज ग्रामीण सफाई संघ अध्यक्ष विवेक सिंह, संजय करौसिया (संजू कप्तान), राजकुमार नाहर, कुंजबिहारी बाबरा, प्रियंक करौसिया, जितेन्द्र करौसिया, अभय करौसिया, बृजेश बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

- मंजीत करौसिया के आवास पर हुआ जोरदार स्वागत-सम्मान

# भारतीय मानक और उपभोक्ता अधिकारों पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजित कौर के मार्गदर्शन में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) देहरादून के सहयोग से ह्लभारतीय मानक एवं उपभोक्ता अधिकारोंह्न पर जिला स्तरीय संवेदीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) देहरादून के सहयोग से बुधवार को विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में (बीआईएस) देहरादून के प्रमुख एवं निदेशक सौरभ तिवारी द्वारा सभागर में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भारतीय मानकों, उपभोक्ता अधिकारों, गुणवत्ता प्रबंधन और मानकीकरण से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि (बीआईएस) के मानक केवल उत्पादों की गुणवत्ता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उपभोक्ता स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं समग्र जीवन गुणवत्ता से सीधे जुड़े हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि (बीआईएस) प्रमाणन से न केवल बाजार में उत्पाद की विश्वसनीयता बढ़ती है, बल्कि उपभोक्ता का विश्वास भी सुदृढ़ होता है। (बीआईएस) के संयुक्त निदेशक सचिन चैधरी द्वारा (बीआईएस) केयर ऐप तथा (बीआईएस) की वेबसाइट के माध्यम से उपभोक्ता अधिकारों, हॉलमार्किंग, प्रमाणन प्रणाली, नकली उत्पादों से बचाव एवं शिकायत समाधान प्रक्रिया पर प्रस्तुति दी गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उपभोक्ता (बीआईएस) केयर ऐप के माध्यम से प्रमाणन से जुड़ी जानकारी ले सकते हैं और अपनी शिकायत दर्ज भी कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में विदुर ब्रांड के स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) द्वारा निर्मित मसाले, खाद्य पदार्थ इत्यादि उत्पादों के संबंध में (बीआईएस) प्रमाणन की आवश्यकता, प्रक्रिया और लाभ पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया गया कि (बीआईएस) प्रमाणन से न केवल उत्पाद की विश्वसनीयता बढ़ती है, बल्कि विपणन के नए अवसर भी प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर उपायुक्त एनआरएल वीरेन्द्र यादव, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अमित जुरेल, सीएमओ, सीवीओ, इरीगेशन विभाग के एवं स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## किसान महापंचायत की 30 जुलाई को लखनऊ में होने की तैयारियां शुरू



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर गुट) ने लखनऊ में 30 जुलाई 2025 को एक विशाल महापंचायत आयोजित करने का निर्णय लिया है। महापंचायत लखनऊ के जेपी वीआईपी गेट के सामने हाइवे अंडरपास पर आयोजित की जाएगी। महापंचायत की तैयारियों को लेकर बीते दिन धामपुर में नहटौर रेलवे फाटक के पास स्थित संगठन कार्यालय पर एक अहम बैठक हुई। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैधरी संजीव तोमर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए किसानों से आह्वान किया कि भारी संख्या में वह लखनऊ पहुंचें और अपनी एकता का परिचय दें। उन्होंने कहा कि यह महापंचायत सिर्फ एक विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि किसानों की वेदना और अधिकारों की मुखर अभिव्यक्ति होगी। सरकार को अब किसानों की बातें सुननी होंगी और उनकी समस्याओं का समाधान भी समय से करना होगा। यूनियन की योजना है कि इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के कोने कोने से हजारों की संख्या में किसान शामिल हों, जो अपनी आवाज बुलंद करते हुए सरकार के समक्ष अपनी समस्याएं रखें। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष सचिन गुप्ता, जिला सचिव पंकज शर्मा, जिला महासचिव नसीम फारूकी, नगर अध्यक्ष नासिर, ब्लॉक अध्यक्ष आजम, मौ0 फरीम, मास्टर अलाउद्दीन, शादाब अहमद सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चिकित्सा प्रकोष्ठ ने की सर्पदंश से बचाव को लेकर बैठक, अभियान चलाने का लिया निर्णय





जिला संवाददाता

**धामपुर, बिजनौर।** बरसात के मौसम में बढ़ते सर्पदंश से हुई मौतों की घटनाओं को देखते हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ चिकित्सा प्रकोष्ठ ने एक अहम कदम उठाया है। महासंघ की एक बैठक क्षत्रिय नगर स्थित न्यू स्टाइल इंग्लिश कोचिंग सेंटर में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता डॉ. राघव प्रताप सिंह ने की तथा संचालन महासंघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चैहान ने किया।

बैठक में सर्पदंश को एक गंभीर व बढ़ती हुई समस्या बताते हुए विशेष चिंता व्यक्त की गई। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बारिश के कारण सांप अपने बिलों से निकलकर इंसानी आबादी में आ जाते हैं। असावधानी, जागरूकता की कमी और झाड़-फूंक जैसे अवैज्ञानिक उपचारों के कारण काटने पर उपचार कई लोगों की जान चली जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए महासंघ अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चैहान ने 11 डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम गठित की है, जो नगर के विद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जागरूकता फैलाएगी।

इस अभियान में विद्यार्थियों, अभिभावकों और आम नागरिकों को सर्पदंश से बचाव, प्राथमिक उपचार और अस्पताल पहुंचने तक के जरूरी कदमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। डॉक्टरों की टीम ने सुझाव दिए कि रात को जमीन पर न सोएं, चारपाई या पलंग का प्रयोग करें, मच्छरदानी का उपयोग करें, पैरों की सुरक्षा करें और खेत या झाड़ियों में जाने से पहले जूते व पूरी पैंट पहनें। अंधेरे में टॉर्च का उपयोग करें और घर के आसपास सफाई रखें। झाड़-झंखाड़, लकड़ी व कचरा न रखें और चूहों पर नियंत्रण रखें क्योंकि वे सांपों का भोजन होते हैं।

सांप दिखने पर उसे छेड़ने या मारने की कोशिश न करें, घबराएं नहीं, कम हिलें और घाव को काटें या चूसें नहीं। हल्के से घाव साफ करें और तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाएं जहां एंटी-नेक वेनम उपलब्ध हो। डॉ. राघव प्रताप सिंह ने बताया कि यह अभियान एक मानवीय और जीवन रक्षक प्रयास है। डॉक्टरों की टीम समय-समय पर व्याख्यान और परामर्श शिविर आयोजित करेगी। बैठक में कुवंर आशीष राजपूत, भूपेंद्र सिंह चैहान, ठाकुर रविकांत, नागेश्वर दयाल गहलोत, अरविंद वत्स और संतोष राजपूत का विशेष सहयोग रहा।

## मुख्यमंत्री की युवा उद्यमी योजनाओं में भ्रष्टाचार के आरोप

ललितपुर। जनपद के न्याय दूत संगठन अध्यक्ष रामबाबू चैबे ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित एक प्रार्थना पत्र में सीएम द्वारा युवाओं के लिए चलाई जा रही उद्यमिता योजनाओं के कार्यान्वयन में गहरे भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने पत्र में कहा है कि मुख्यमंत्री की योजनाओं में स्टार्टअप, मुद्रा और उद्यमिता विकास योजना के लक्ष्य को तोड ? का काम जमीनी स्तर पर नियुक्त अधिकारी और कर्मचारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि युवा उद्यमी जब सॉल्वेंसी और चरित्र प्रमाण पत्र हेतु आवेदन करते हैं, तो उन्हें महीनों तक सेवा शुल्क और दस्तावेजों की मांग के नाम पर लटकाया जाता है। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि जब आवेदन मंजूर हो जाते हैं, तब भी संबंधित संस्थाएँ युवाओं से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से 4 से 10 हजार रुपये तक दान के नाम पर राशि वसूलती हैं, जो न केवल विधि-विरोधी है, बल्कि मुख्यमंत्री की योजना का मूल उद्देश्य यानी प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त करना को प्रभावित करता है। उन्होंने ने न्याय सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने हेतु उच्च स्तरीय जांचकर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, उन्होंने भविष्य में योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु नये दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। इस समाचार के प्रकाशन के बाद जिले के युवा उद्यमियों और नागरिकों में काफी हलचल मची हुई है। अधिकांश लोग चैबे की शिकायत से सहमत दिख रहे हैं, और प्रशासन तथा सरकार से शीघ्र एवं कड़ी कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने इस संबंध में फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। बताया गया है कि जांच अधिकारियों को सौंप दी गई है और सत्यापन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मूल्याकंन सूची की पुर्नरीक्षित वार्षिक दरों पर 22 जुलाई तक करें आपत्तीः डीएम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 1997 एवं द्वितीय संशोधन नियमावली 2013 के अनुसार जनपद में जारी मूल्याकंन सूची की पुर्नरीक्षित वार्षिक दरें निर्धारित की जानी है। जिनकी प्रस्तावित एक-एक प्रति अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०), बिजनौर, सहायक महानिरीक्षक निबंधन बिजनौर तथा सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार के कार्यालय में उपलब्ध रहेगी एंव एक प्रति सम्बन्धित उपनिबंधक कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा रहेगी। यदि किसी व्यक्ति को उक्त रेट लिस्ट की किसी दर के सम्बन्ध में आपत्ति है तो वह आपत्ति मय साक्ष्य उक्त किसी भी कार्यालय में व्यक्तिगत या प्रतिनिधि के माध्यम से 22 जुलाई, 2025 की सांय 5 बजे तक दर्ज करवा सकते है, इसके बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। 22 जुलाई, 2025 तक प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण 25 जुलाई, 2025 को सक्षम स्तर से किया जायेगा तथा संशोधित रेट लिस्ट 01 अगस्त, 2025 से प्रभावी की जायेगी।

## डेंगू बुखार एक वायरल है, जिसे रोकना उद्देश्यः एडी स्वास्थ्य





**ललितपुर।** जुलाई को डेंगू रोधी माह मनाये जाने के उपलक्ष्य में सीएमओ कार्यालय सभागार में अपर निदेशक झांसी डा.सुमन के निर्देशन में डेंगू रोग प्रशिक्षण/गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधीक्षक एवं वी.बी.डी. यूनिट की टीम ने प्रतिभाग किया। जिनमें डेंगू रोग के कारण, लक्षण एवं बचााव के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि डेंगू बुखार एक वायरल है, जिसमें बुखार के साथ कुछ लक्षण, जिसमें बुखार के साथ तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, त्वचा पर चकत्ते पड ?ा एवं उल्टी आदि भी हो सकते साथ ही बुखार आने पर घबराएं नहीं तथा रोगी को निकट के सरकारी अस्पताल में निशुल्क उपचार दिलवायें। डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने पावर पॉइन्ट प्रस्तुतिकरण के द्वारा प्रशिक्षण देते हुए बताया कि बुखार उतारने के लिए एवं अन्य दवाईयां चिकित्सक की सलाह से ही लें। सभी सरकारी अस्पतालों में निशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। इसमें विशेष रूप से प्लेटलेट्स कम होने पर ही स्थिति बिगड ? की सम्भावना होती है। बुखार आने पर किसी भी नीम हकीम से उपचार न लें। केवल प्रशिक्षित चिकित्सक से ही उपचार करायें। डेंगू एडीज एजिप्टाई मच्छर द्वारा काटने से होता है, इस मच्छर पर काली सफेद धारियां होती हैं, इसलिए इसे टाइगर मॉस्कीटो भी कहते हैं। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रूके हुए साफ पानी में पनपता है। अतएव घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। पानी की टंकी, कूलर, पशु पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे, गमले आदि का पानी नियमित रूप से बदलते रहें। नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर आदि में पानी एकत्रित न होने दें एवं ऐसे पात्रों को नष्ट कर दें। पानी के भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखें। डेंगू का मच्छर दिन में काटता है। अतएव ऐसे कपड़े पहने जिसमें शरीर का अधिकतम भाग ढका रहे।

## वीडियो, फोटोग्राफी, लाइव मॉडल वर्कशॉप का आयोजन



**बांदा।** फोटोग्राफर एसोसिएशन के तत्वाधान में फोटोग्राफर एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश बांदा इकाई के सौजन्य से अवस्थी पार्क में वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी विधा से जुड़ा हुआ एक दिवसीय वर्कशॉप आयोजित हुआ। एसोसिएशन ने प्रत्येक माह की 15 और 30 तारीख को निः शुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया है जिसमें जनपद के फोटोग्राफर अपने हुनर को निखार सकते हैं। बुधवार को वर्कशॉप में वरिष्ठ, योग्य एवं अनुभवी फोटोग्राफर एवं मेंटर दया शंकर चौहान की उपस्थिति में साथियों के साथ अपने कैमरों सहित लाइव डेमो, वेडिंग फोटोग्राफी, कैंडिडेट शूट, प्री वैडिंग शूट को किस तरह शूट किया जाता है इस बारे में फोटोग्राफरों को तकनीकी एक्सपर्ट ने जानकारी दी। फोटोग्राफरों ने अपने इंस्ट्रूमेंट के माध्यम से फोटो एवं वीडियोग्राफी कर जहां भी उनका कलर कलेक्शन, स्पीड, अपर्चर में समस्या पैदा हुई उन्हे जानकारी दी गई जिससे वह फोटोग्राफी से अच्छे विजुअल निकाल कर बिजनेस कार्य को आगे बढ़ाएं। लो लाइट, ओवर लाइट की कमियों, कैमरों में मौजूद सेटिंग्स के बारे में अवगत कराया गया ताकि उन्हें कार्य करते समय किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। फोटोग्राफर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष, मंडल प्रभारी सुनील सक्सेना ने बताया कि निःशुल्क दो दिवसीय फोटोग्राफी सीखने की कला का आयोजन किया जाएगा।

## अपर एसपी ने पेंशनर्स की सुनी समस्याएं, निस्तारण के निर्देश



**बांदा।** अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक की। उन्होंने पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को सुन उनके शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। पुलिस पेंशनर्स को वरिष्ठ नागरिकों के लिए डायल यूपी-112 की चल रही सवेरा योजना तथा साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई। सवेरा योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही एक विशिष्ट योजना है जिसके तहत पंजीकृत वरिष्ठ नागरिकों को किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाती है। बैठक के दौरान सभी को साइबर अपराध के तरीकों तथा उससे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई और बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में घबराएं नहीं बल्कि तुरंत इसकी शिकायत 1930 एवं स्थानीय थाने पर दर्ज कराएं। अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पेंशनर्स से अपील की, कि वह सभी नौकरी से रिटायर हुए हैं सेवा से नहीं, उनकी अब भी कानून-व्यवस्था बेहतर बनाएं रखने तथा अपराधों पर कार्यवाही करने में उनके अहम योगदान की जरूरत है।

# महंगाई में कमी

बीते कई सालों के बाद ऐसी स्थिति बनी है जब महंगाई दर दो फीसद के आसपास पहुंच गयी है। यह मौका तब आया जब भू-राजनीतिक स्थितियां पूरी तरह अस्थिर हैं। दुनिया भर में तनाव और युद्ध का वातावरण है। इसके बावजूद अगर महंगाई दर कम हुई है तो इसके पीछे सप्लाई चेन का बेहतर प्रबंधन है। महंगई दर उम्मीद से ज्यादा कम है ऐसे में रिजर्व बैंक के पास भी मौका है कि ब्याज दरों में और कटौती के करके विकास को आगे बढ़ाये। भारत सरकार द्वारा सोमवार को जारी आंकड़े दिखाते हैं कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर मई के 2.8 फीसदी से कम होकर जून में 2.1 फीसदी रह गई। मुद्रास्फीति की दर में यह गिरावट मोटे तौर पर खाद्य कीमतों में कमी की बदौलत आई। अखिल भारतीय उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक में 1.06 फीसदी की गिरावट आई। इसमें सब्जियों की कम कीमत का काफी योगदान रहा जिनमें 19 फीसदी की कमी देखी गई। अच्छे मॉनसून के पूर्वानुमान को देखते हुए



उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी खाद्य कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। बहरहाल, यह भी ध्यान देने लायक है कि खाद्य क्षेत्र में कीमतों की कमी में एकरूपता नहीं है। उदाहरण के लिए तेल एवं वसा की कीमतों में 17 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखी गई और इस पर नीतिगत स्तर पर ध्यान देने की जरूरत पड़ सकती है। हालांकि आने वाले महीनों में समग्र मुद्रास्फीति दर पूरी तरह नियंत्रण में बने रहने की उम्मीद है। बहरहाल, उम्मीद से कम मुद्रास्फीति की दर होने के बावजूद भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) आगामी अगस्त माह में होने वाली बैठक में शायद नीतिगत रेपो दर में फिर कटौती न करे। इसके पीछे कई कारण हैं। पहली बात, मुद्रास्फीति के अनुकूल परिणामों के अनुमान के कारण एमपीसी ने जून की बैठक में ही नीतिगत रेपो दर में 50 आधार अंकों की कटौती कर दी थी। मौजूदा चक्र में उसने अब तक नीतिगत दर में 100 आधार अंकों की कटौती कर दी है और वह चाहती है कि व्यवस्था में इसका प्रभाव नजर आए। दूसरी बात, रिजर्व बैंक ने व्यवस्था में नकदी की स्थिति बेहतर बनाने के लिए कई उपाय किए हैं। नकद आरक्षित अनुपात यानी सीआरआर में कमी का प्रभाव नजर आने पर बैंकिंग व्यवस्था में और अधिक नकदी नजर आ सकती है। रिजर्व बैंक ने जून में सीआरआर में 100 आधार अंकों की कटौती की थी जिसे चार चरणों में लागू होना है। अतिरिक्त नकदी और डब्ल्यूएसीआर के नीतिगत दर से नीचे रहने के कारण शायद एमपीसी समायोजन में तत्काल इजाफा न करना चाहे। तीसरा, मौद्रिक नीति को दूरदर्शी होना चाहिए और उसे पिछले महीने के मुद्रस्फीति के आंकड़ों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। यह ध्यान देना उचित रहेगा कि एमपीसी की जून की बैठक में अनुमान जताया गया था कि चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में मुद्रास्फीति दर 4.4 फीसदी रह सकती है जो चार फीसदी के लक्ष्य से ऊपर है। इसके अलावा अगस्त और उसके बाद की बैठकों में एमपीसी 2026-27 के मुद्रास्फीति संबंधी अनुमानों पर केंद्रित हो जाएगी। ऐसे में जब तक अगले वर्ष के मुद्रास्फीति संबंधी अनुमान 4 फीसदी के लक्ष्य से काफी कम नहीं रहते तब तक एमपीसी शायद नीतिगत दरों में कटौती को समझदारी न माने। रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्रियों के शोध के मुताबिक वास्तविक नीतिगत दर, जो न तो बढ़त वाली है और न ही संकुचन वाली, 2023-24 की चौथी तिमाही में 1.4 से 1.9 फीसदी के बीच रही। ऐसे में अगर आगामी समय में मुद्रा स्फीति की दर 4 फीसदी के लक्ष्य के करीब बनी रहती है तो एमपीसी संभवतः रेपो दर को वर्तमान स्तर यानी 5.5 फीसदी के स्तर पर बनाए रखेगी। दरों में कटौती की संभावना तब बनेगी जब मुद्रास्फीति अनुमान लक्षित दर से काफी नीचे हो जाये। जहां तक वृद्धि को सहारा देने की बात है तो फिलहाल जो हालात हैं उनमें एमपीसी और रिजर्व बैंक ने अपनी भूमिका निभा दी है। अब सरकार को टिकाऊ सुधारों के साथ कारोबारी जगत तो प्रोत्साहित करना है कि वे निवेश करें ताकि देश की आर्थिक प्रगति दर और तेज हो सके।

## विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

संसार रूपी इस वाटिका में फूलों के अतिरिक्त कुछ नहीं है। अपना भ्रम ही एक कांटा है।

–स्वामी रामतीर्थ.

वह मनुष्य सचमुच बुद्धिमान है जो क्रोध की हालत में भी बुरी बात मुंह से नहीं निकालता।

–शेख सादी.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

जब दुख अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाता है, तब हमसे सुख ज्यादा दूर नहीं होता है।

–महात्मा गांधी.

# अब अंतरिक्ष मिशन को मिलेगी नयी रफ्तार



संजय श्रीवास्तव

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर विभिन्न प्रयोग करने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला का धरती पर स्वागत। अब जरूरत इस बात की है कि हम इस यात्रा और उसके दौरान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर किए गये वैज्ञानिक प्रयोगों के हासिल पर बात करें और विज्ञान तथा तकनीक के क्षेत्र विशेष में इन प्रयोगों के महत्वपूर्ण और विस्तृत प्रतिफलनों, उन प्रेक्षणों, परिणामों का विश्लेषण करके यह जानें कि अंतरिक्ष क्षेत्र के क्रियाकलापों, उसके वैश्विक बाजार और इस मामले में इसरो तथा देश की साख पर उनका कितना सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा? इसके साथ ही इस यात्रा से मिलने वाली व्यावहारिक और व्यक्तिगत सीख तथा अनुभव इत्यादि की चर्चा एवं संभावित उपलब्धि का आंकलन भी अत्यावश्यक है। भारत ने इस चौथे एक्सिओम स्पेस मिशन का हिस्सा बनने और ड्रैगन क्रू में शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में भेजने के लिए तकरीबन 550 करोड़ रुपये खर्चे हैं। गगनयान के लिए चुने व्योमनॉट्स में से एक पर इतना खर्च तो वाजिब है, लेकिन मिशन के पूरे होने के बाद इस सवाल का बेहतर जवाब मिल सकेंगे कि इतने खचीर्ले अभियान से क्या मिला?

> वैश्विक अंतरिक्ष विज्ञान में देश को एक नई पहचान देने वाला यह ऐतिहासिक मिशन एक साथ कई उद्देश्यों की पूर्ति करता है। यह मिशन गगनयान अभियान के लिए मददगार होने के अलावा भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के लिये तमाम तरह से लाभप्रद एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

शुभांशु को इस चौथे एक्सिओम स्पेस मिशन अभियान में भेजने के पीछे इसरो तथा भारत सरकार का जो मूल उद्देश्य था, उसमें वह किस हद तक कामयाब रहा? पोलैंड और हंगरी ने अपने जिन वैज्ञानिकों को इस मिशन में भेजा उनकी सरकारों के सामने इस प्रकार की अपेक्षाओं की पूर्ति का प्रश्न शायद न हों, क्योंकि वहां इसरो जैसी गगनयान का कोई महत्वाकांक्षी अभियान जारी नहीं है, पर भारतीय आमजन में यह प्रश्न अवश्य होगा कि आगामी गगनयान अभियान के लिए यात्रा किन स्तरों पर, किस प्रकार, कितनी सहायक होगी? अंतरिक्ष यात्रियों के साथ करीब पौने तीन सौ किलो सामान आया है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर किए गये प्रयोगों के आंकड़े हैं। अंतरिक्ष से आये प्रयोगों के प्रेक्षण और आंकड़े यह कहने का संभवतः बहुत मजबूत आधार बनेंगे कि शुभांशु की यात्रा भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी और वैश्विक मंच पर देश की वैज्ञानिक क्षमता को



मजबूती देगी। परंतु इससे पहले उनके प्रयोगों के प्रेक्षणों, परिणामों पर राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक जगत की सम्मति, सहमति मिलनी होगी। शुभांशु शुक्ला को अभी चिकित्सकीय जांच और पुनर्वास प्रक्रिया से गुजरने में महीनाभर लगेगा लेकिन उन्होंने वहां जो 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोग किए हैं, जिनमें 7 भारतीय और 5 नासा के एक्सपेरिमेंट भी शामिल हैं, धरती पर आये उनके आंकड़ों का विश्लेषण जारी रहेगा। महीनेभर बाद शुभांशु शुक्ला प्रयोगों के दौरान हुए अपने अनुभव साझा करेंगे। यह भी कम रोचक और प्रेरक नहीं होगा पर संभव है कि इससे पहले इसरो इस बात की आधिकारिक घोषणा करे कि शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा को ले कर उसने जो दूरदेशी उद्देश्य तय किए थे, उनकी पूर्ति के बारे में उसका क्या आंकलन है। 2030 तक वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय स्टेशन के ध्वस्त होने और अपना अंतरिक्ष स्टेशन बन जाने से पहले, अपने अंतरिक्ष विज्ञानियों, पायलटों को वहां का अनुभव देने में कितनी कामयाबी मिली, ताकि जब 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन आरंभ हो तो व्यावहारिक अनुभव वाले कुछ क्रू सदस्य उसके पास मौजूद हों।

### शुभांशु शुक्ला की वापसी

निस्संदेह यह यात्रा इस दूरगामी सोच को भी दर्शाती है। माइक्रोग्रैविटी में जैविक प्रक्रियाओं को समझने के लिए इसरो ने इस बार अत्यल्प गुरुत्वाकर्षण में कई जैविक प्रयोगों में हिस्सा लिया। इसरो, नासा और रेडवायर के सहयोग से 'स्पेस माइक्रो एल्गी प्रोजेक्ट' पर यहां किया काम कैसा रहा पता चलेगा। ये शैवाल अपनी प्रोटीन प्रचुरता, लिपिड और बायोएक्टिव घटकों के चलते लंबे स्पेस मिशनों के लिए स्थायी भोजन बनेंगे। यह एक्सपेरिमेंट शैवालों के विकास, मेटाबॉलिज्म और आनुवांशिक हरकतों पर माइक्रोग्रैविटी के असर को बताएगा। इसके अलावा यूरोपीय अंतरिक्ष संगठन और इसरो ने मिलकर दो तरह के जलीय बैक्टीरिया में वृद्धि दर, कोशकीय प्रतिक्रिया तथा जैव रासायनिक गतिविधि को समझने की जो कोशिश की है, उसके नतीजे भी मिलेंगे। देखना होगा कि इसरो, नासा और बायोसर्व स्पेस टेक्नोलॉजीज ने मिलकर 'अंतरिक्ष में सलाद बीज अंकुरण' की जो कोशिश की वह कितना सफल हुआ।

शुभांशु ने अंतरिक्ष में मूंग और मेथी के जो बीज उगाए उनका अध्ययन पृथ्वी पर होगा। प्रयोग सफल हुआ तो भविष्य में चंद्रमा या मंगल पर खेती और अंतरिक्षयात्रियों के लिए विश्वसनीय खाद्य स्रोत सुनिश्चित होंगे। इस बार मिले आंकड़े यह भी बताएंगे कि अंतरिक्ष यात्रियों की मांसपेशियों में आने वाली शिथिलता, लंबे अभियानों के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों के मांसपेशी क्षय की वजह क्या है? पता लगा तो धरती पर ऐसे लक्षणों वाली बीमारी के इलाज में यह तजुर्बा मददगार होगा। इसरो के अलावा नासा और वायजर ने खौलते पानी से लेकर बर्फ तक की चरम स्थितियों में जिंदा रहने की क्षमता वाले टार्डिग्रेड्स नामक छोटे जीव पर जो प्रयोग किए हैं, वह अंतरिक्षीय और धरती पर कठिन परिस्थितियों में जीवन कैसे बचे, इसके लिए जैव प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों को बढ़ावा देगा। एक प्रयोग का परिणाम बताएगा कि भविष्य के अंतरिक्षयानों के लिए अत्यधिक यूजर फ्रेंडली कंप्यूटरों तथा डिस्प्ले के डिजाइन कैसे बनाएं? अंतरिक्ष में किए गए ये सभी प्रयोग निश्चित तौरपर आने वाले समय में अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में काफी लाभकारी होंगे। ये प्रयोग परिणाम सभी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और स्पेस इंजीनियरों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ आगामी अभियानों के लिए संदर्भ सामग्री बनेंगे। प्रयोगों से प्राप्त ज्ञान पृथ्वी पर स्वास्थ्य, औषधि, जैव प्रौद्योगिकी और नई सामग्री के विकास में सहायक बनेगा।

जहां तक भारत की बात है, इससे भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण, मिशन डिजाइन और संचालन में व्यावहारिक सुधार को दिशा मिलेगी। मिशन ने भारत के वैज्ञानिकों और तकनीशियनों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशाला में काम करने और अत्याधुनिक अंतरिक्ष तकनीक से रूबरू होने का बहुत बढ़िया अवसर दिया। इससे मिली सीख स्वदेशी अंतरिक्ष कार्यक्रमों की गुणवत्ता और फलस्वरूप आत्मनिर्भरता बढ़ायेगी। भले मिशन दूसरों का था पर इस बहाने हमें मानव सहित अंतरिक्ष उड़ान के लिए आवश्यक प्रशिक्षण, सुरक्षा प्रोटोकॉल, अभियान योजना जैसी आवश्यक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव मिला।

इस मिशन में हिस्सा लेने के चलते अंतरिक्ष क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियां और मजबूत हुईं, भविष्य में संयुक्त अनुसंधान, तकनीकी आदान-प्रदान और सहयोग के कई नए रास्ते खुलेंगे। भविष्य में अंतरिक्ष आधारित तकनीक, चिकित्सा, कृषि, दूरसंचार और रक्षा क्षेत्रों में भी इसका अप्रत्यक्ष लाभ होगा। अंतरिक्ष में मानव भेजने से जुड़े जोखिमों, आपातकालीन प्रक्रियाओं और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को समझने का व्यावहारिक अनुभव ऐसे मिशनों से ही मिलेगा। इस मद में 550 करोड़ रुपये का निवेश भारत के लिए दीर्घकालिक दृष्टि से तर्कसंगत है, इससे गगनयान जैसे स्वदेशी मानव अंतरिक्ष मिशनों की सफलता की नींव मजबूत हुई है। वैश्विक वैज्ञानिक प्रगति के लिए भारत की प्रतिबद्धता को पहचान और पुख्ता हुई। इससे अंतरिक्ष अनुसंधान की क्षमता में वृद्धि होगी, तो देश अत्याधुनिक स्पेस टेक्नोलॉजी में और आगे जायेगा। अब अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय में भारत की उपस्थिति ज्यादा प्रभावशाली होगी।

## सोशल मीडिया

भाजपाई धराशायी समाचार: भाजपा राज में 10 करोड़ की लागत से बना चित्रकूट का पुल उद्घाटन से पहले गिर गया। भाजपा का भ्रष्टाचार भरभरा कर गिर रहा है। अखिलेश यादव.



चुनावी रोल रिवीजन लोकतांत्रिक प्रकिया का हिस्सा है, यह एन आर सी नहीं है। स्वच्छ निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए मतदाता के सत्यापन के लिए यह है। चिराग पासवान.



मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के ससुर और विद्याभारती महाकौशल प्रांत के पूर्व संगठन मंत्री ब्रह्मानंद यादव जी के निधन का समाचार दुखद है। केशव प्रसाद मौर्य.



# अनीति के विरुद्ध

## अंतर्दृष्टि

आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मों में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठिापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

# भूतों के रोने की आवाज

## व्यंग्यलोक

महंगाई, भ्रष्टाचारी और बेरोजगारी के माहौल में इंसान तो कब का रोना भूल चुका है। इंसान रोते-रोते इतना रोने लग गया है कि अब अच्छे-खासे भूत भी रोने लगे हैं। भूतों के रोने की आवाज बहुत ही अटपटी सी होती है। भूत इंसान की तुलना में जोर-जोर से रोता है। भूत इसलिए रोता है क्योंकि इंसान के मरने के बाद भी उसकी आवश्यकताएं पूरी नहीं हो पाती है और ना ही कोई उसकी इच्छाओं को पूरी करता है। आजकल भूतों के रोने का कार्यक्रम बहुत तेज गति से बढ़ा है। जितनी भी सरकारें आती है, वे जनता की इच्छाओं को पूरी करने का झुनझुना बजाती है। संकल्प पत्र सजाती हैं। पार्टी का घोषणा पत्र हवा में लहराती हैं। वोट खींचने के लिए यात्राओं के मेले रचाती है। वोट लेने के बाद व्यक्तियों की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो पाती है। जितने भी पार्टी बाज नेता खड़े हैं। ये सब अच्छे-खासे इंसान को भूत बनाने में सिद्धहस्त हैं। इंसान कभी भी किसी भी समय रोने लगते हैं। अपनी आंखों के दीये खोने लगते हैं।



राम विलास जॉगिड़

भूत लोग बहुत बड़े टाइम के पक्के होते हैं। जैसे ही रात के 12 बजते, ये नियमानुसार रोने लगते हैं। भूत लोग भूत आयोग के द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः पालन करते हैं। भूतों के टाइम मैनेजमेंट से ही देश दुनिया के बड़े-बड़े नेता, व्यापारी और अफसर अपना मैनेजमेंट करते हैं। समय के पक्के और कर्तव्यनिष्ठ भूत दिन के उजाले में किसी भी प्रकार का अनिष्ट नहीं करते हैं, लेकिन नेताओं के लिए यह बात लागू नहीं होती है। वे चौबीसों घंटे अपनी कुर्सी बचाने के लिए किसी का भी अनिष्ट करने के लिए तत्पर रहते हैं। मार्केट में भूत भगाने की दुकानों का भी बड़ा जलवा है। इन दुकानों की आड़ में ही अघोरियों का बड़ा बलवा है। देश की तमाम राजधानियों के तहखानों-कैंटीनों आदि में भ्रष्टाचारी, अपचारी तांत्रिकों का काला धंधा खुलेआम चल रहा है। अगरबत्तियां और चिराग जल रहे हैं। सत्ता के दलाल तांत्रिक दरवाजा पकड़कर अपने ढंग की माला फेर रहे हैं। शासन सचिवालय के कोने-कोने में इस तरह के दलाल टाइप तांत्रिक मिल जाएंगे, जो फाइलों में लगी चुड़ैलों को भगाने के लिए, नोट शीट पर अटके पड़े कामों के भूत मारने के लिए तंत्र-मंत्र करते हैं। वातावरण में भ्रष्टाचार के गुलाबी फूलों की पंखुड़ियां उड़ रही है। परेशान लोगों को भूत भगाने का सब्ज बाग दिखा रहे हैं। बहुत पुराने समय में जीर्ण इमारतें, शाही मकान, किले, बंगले, घाट आदि भूत पीड़ित स्थान हुआ करते थे। समय बदला और अब नेताओं निवास स्थान, शासन सचिवालय, सरकारी कार्यालय आदि भूत पीड़ित स्थल बन गए हैं।

# रात में जागना मजबूरी हो तो करें सेहत की भरपाई



स्वास्थ्य

यह जानने के बावजूद भी कि रात सोने के लिए होती है और दिन काम करने के लिए। कई बार ऐसी मजबूरी आ जाती है कि न चाहते हुए भी हमें रतजगे करने पड़ते हैं। नौकरी में नाइट शिफ्ट या किसी अन्य कारण से अगर हमें रतजगे करने पडें, तो इससे सेहत को होने वाले नुकसान की भरपायी कैसे करें? इसके लिए हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, नेशनल स्लीप फाउंडेशन और ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली ने कई ऐसे उपाय सुझाये हैं, जिससे लोग रात में जगने के कारण अपने स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान की भरपायी कर सकते हैं।

**दिन में 'एंकर स्लीप' लें**

अगर किसी वजह से आपके लिए रात में जागना मजबूरी है, तो रात में न सोने से होने वाले स्वास्थ्य की भरपायी करने के लिए दिन में कम से कम एक एंकर स्लीप जरूर लें। एंकर स्लीप का मतलब होता है 4-5 घंटे तक लगातार सोना। अगर आपको रात में जगना पड़ रहा है, तो दिन में जब भी सोएं कोशिश करें कि 4-5 घंटे की नींद एक साथ लें। वास्तव में यही आपकी मुख्य नींद मानी जायेगी। कोशिश करें कि यह नींद दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे के बीच हो। दरअसल इस समय शरीर कुदरती रूप से थकता है और इस समय आने वाली नींद प्राकृतिक होती है।

**सोने का माहौल सुधारें**

अगर रात में नहीं सो पा रहे, तो सिर्फ इतनाभर जरूरी नहीं है कि दिन में नींद लें बल्कि यह भी जरूरी है कि दिन में जब भी सोएं, आपके सोने का एक हेल्दी माहौल होना चाहिए। हेल्दी माहौल से मतलब है, दिन में जब सोएं तो सोने की जगह ऐसी हो, जहां अंधेरा हो, ठंडक हो और शांति हो। अगर जरा भी इन स्थितियों में कमी हो तो आंखों पर स्लीप मास्क और कानों में ईयर प्लग लगाकर सोएं। प्राकृतिक प्रकाश हमेशा नींद में सबसे बड़ी बाधा डालता है।

**भारी भोजन से करें परहेज**

अगर आप रात की शिफ्ट में काम करते हैं तो कॉफी, चाय या एनर्जी ड्रिंक का इस्तेमाल सिर्फ रात की शिफ्ट में काम करते वक्त शुरूआत के समय ही करें यानी जब सोने जा रहे हों तो सुनिश्चित करें कि उसके 6 घंटे पहले तक ऐसी किसी चीज का सेवन न किया हो। अगर आपने दिन के समय सोने के पहले 6 घंटों में इन चीजों का इस्तेमाल किया है, तो नींद में खलल पड़ती है और तमाम कोशिशों के बाद भी संतोषजनक नींद नहीं आती, जिससे कि रतजगे की भरपायी हो सके। एक और बात का ध्यान रखें, जब भी रात में जगने के कारण दिन में सोना हो तो सोने के पहले भारी भोजन बिल्कुल न करें।

**संभव हो तो रात में लें पावर नैप**

रात की शिफ्ट के दौरान अगर संभव हो तो 20 मिनट या आधे घंटे की कम से कम एक 'पावर नैप' या नींद की तेज झपकी जरूर ले लें। क्योंकि अगर ऐसी एक झपकी ले ली जाए तो इससे न केवल रात में जगने के दौरान सतर्कता बनी रहती है बल्कि किसी हद तक दिन में सोते समय रात की नींद की कमी भी पूरी हो जाती है। पावर नैप कुछ ही मिनटों की होने के बावजूद भी यह अच्छी गुणवत्ता की नींद देती है। इसी तरह अगर रात में जगने के कारण दिन में नींद आने में दिक्कत हो तो अपने डॉक्टर से मिलें और उनकी सलाह से मेलाटोनिन सप्लीमेंट ले सकते हैं। दरअसल यह नींद को नियंत्रित करने वाला प्राकृतिक हार्मोन है। लेकिन इसे लेने का फैसला कभी अपने आप न करें, डॉक्टर की सलाह पर ही यह फैसला करें।

**प्राकृतिक रोशनी से बचें**

रात की शिफ्ट से जब सुबह घर आएं तो कोशिश करें कि आंखें धूप से दो-चार न हों। आंखों को धूप के एक्सपोजर से बचाने के लिए चश्मा लगाएं या फिर उजाले से दूर रहें ताकि शरीर को रात की स्थिति में रहने का एहसास बना रहे। इसी तरह रात की शिफ्ट के शुरूआती समय रोशनी वाली जगह पर रहें, जिससे दिमाग में सतर्कता बनी रहे। साथ ही अगर लगातार रात में जगना पड़ रहा हो और दिन में सोना, तो कम से कम सप्ताहांत यानी जिस दिन आपकी छुट्टी हो, बहुत ज्यादा नींद या बाकी दिनों से बिल्कुल अलग रूटीन से बचें। अगर आप छुट्टी वाले दिन बाकी दिनों के मुकाबले देर तक सोते हैं, तो इससे शरीर का रिद्म बिगड़ जाता है और बाकी दिनों में आपकी नींद में खलल पड़ती है।

**मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें**

अगर लगातार नाइट शिफ्ट करनी पड़ रही है या किसी वजह से लगातार आपको रात में जगना पड़ रहा है, तो सिर्फ दिन के समय रात की नींद की भरपायी नहीं करनी होती बल्कि अपने मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी होता है। इसके लिए नियमित रूप से ध्यान करें, योगा अभ्यास करें। **डा. माजिद अलीम.**

## आप की बात

### ई-वेहिकल पर टैक्स घटायें

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

### रोड इंजीनियरिंग सुधारें

देश में बढ़ती दुर्घटनाओ का एक कारण खराब रोड इंजीनियरिंग भी है। हर दिन कोई न कोई भीषण दुर्घटना होती है और इसमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। सड़कों पर दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय है। चाहे नियमों का पालन न करने से दुर्घटनाएं हो रही हों, रोड इंजीनियरिंग खराब होने के कारण हो रही हैं या फिर खराब सड़कों के कारण, जो भी वाजिब कारण हो उसे तलाशना चाहिए और दुर्घनाएं रोकने के लिए गंभीरता से प्रयास करना चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं में हर साल करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और यह दुनिया में सबसे अधिक है। इसे कम करने के लिए और लोगों की जान बचाने के लिए यह जरूरी है कि रोड़ इंजीनिरिंग में सुधार की पहल हो। देश की सड़कें दुनिया में सबसे अधिक खतरनाक हैं। इसके कारण यहां सबसे अधिक दुर्घटनाएं होती हैं और हर साल करीब डेढ़ लाख लोग अपनी जान गंवा देते हैं। दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। पिछले दिनों एक ही दिन आगरा एक्सप्रेस वे पर सीबीएसई के एक अधिकारी सहित उसके परिवार के कई सदस्यों की दुर्घटना में मौत हो गयी जबकि शहीद पथ पर स्वास्थ्य अधिकारी के साथ दो लोगों की मौत हो गयी। हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं।

**प्रदीप कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## साकेत महाविद्यालय में कक्षाओं का संचालन शुरू

**अयोध्या।** का सु साकेत महाविद्यालय में सत्र 2025 - 26 के बी.ए., बी.एस-सी. और बी.कॉम. की कक्षाओं का संचालन 16 जुलाई से किया गया।

जिसमें उत्साहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही। साथ ही बी.ए., बी.एस-सी.गणित वर्ग और बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर में बची हुई सीटों पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जिसमें छात्र-छात्रा निरन्तर प्रवेश ले रहे हैं। जो छात्र-छात्रा अभी प्रवेश नहीं लिए हैं, वह शीघ्रातिशीघ्र रजिस्ट्रेशन करा कर प्रवेश ले लें।बीएससी गणित वर्ग का प्रवेश प्रो प्रतिभा सिंह रसायन विज्ञान विभाग में कला वर्ग का प्रवेश महाविद्यालय के मुख्य भवन के कक्ष संख्या 16 और वाणिज्य का प्रवेश वाणिज्य विभाग में किया जा रहा है। महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान हेतु महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ बी के सिंह और छात्र कल्याण अधिकारी डॉ कुमुद रंजन के द्वारा अनवरत महाविद्यालय परिसर में भ्रमण किया गया।

# सरयू नदी के किनारे गांव में बाढ़ का मंडराने लगा खतरा

## नौनिहाल बच्चे तक अब अपने स्कूल ढेमवा प्रतिदिन जान जोखिम में डाल कर सीढ़ी के रास्ते ही आ जा रहे





जिला संवाददाता

**सोहावल-अयोध्या।** बरसात की शुरूआत होते ही सरयू नदी के समीप के गांव पर बाढ़ के पानी का खतरा मडराने लगा है।

निवासी गोंडा के हैं लेकिन गुजर बसर जिले की सोहावल तहसील क्षेत्र से करते है। भोजन पानी आबो हवा सब यही से लेते आ रहे सरयू पार जनपद की सीमा पर बसे ब्यौदा, साखीपुर, बहादुरपुर, दत्तनगर इन चार गांव के लोगों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। पानी बढ़ने पर सोहावल की ओर आने के लिए सरयू में पुल के सहारे ग्रामीणों ने लगभग 100 फिट लंबी सीढ़ी ढेमवा पुल के सहारे खड़ी कर निकलने का रास्ता बना लिया है। जिसके सहारे ही लगभग दो दर्जन परिषदीय स्कूल के बच्चे रोज ढेमवा आ जा रहे हैं। गत वर्ष भी इन गांव के प्रभावित लोगों को ढेमवा के आस-पास ही शरण दिया गया था।ढेमवा पुल बनने के बाद नवाबगंज गोण्डा की सीमा पर बसे दर्जन भर से ज्यादा गांव के लोगों की दिनचर्या सोहावल से पूरी होती रही है।

व्यवसाय से लेकर खरीदारी तक लोगों का आना-जाना इसी क्षेत्र से बना हुआ है। पिछले तीन वर्ष पहले जब से गोण्डा जनपद की ओर जाने वाली संपर्क सड़क कटकर नदी में विलीन हुई है। तब से इन गांव की जिंदगी दांव पर लगी हुई है। आज इनके आवागमन का एक मात्र सहारा तीन स्टीमर बने हुए हैं। जिन्हें गोण्डा पुलिस के रहमोंकरम से ठेकेदार चलवा रहे हैं। आने जाने वालों से 50 रूपया प्रति बाइक, सवारी, बोरी, सायकिल आदि का जबरन वसूला जाता है। सबसे नजदीकी ब्यौदा निवासी राम सुघर , जगजीवन, राम दयाल, निबरू, जगदीश आदि कहते हैं कि हमेशा हमें मदद सोहावल से ही मिलती रही है। गोण्डा प्रशासन ने कभी हमारी ओर झांका तक नहीं। जो चार गांव आज खतरा महसूस कर रहे है। इनका जीवन भगवान भरोसे है। इनके नौनिहाल बच्चे तक अब अपने स्कूल ढेमवा प्रतिदिन जान जोखिम में डाल कर सीढ़ी के रास्ते ही आ जा रहे हैं। उप-जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। परिस्थितियों का निरीक्षण कर जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## बिना फिटनेस के मिट्टी लदा डंपर, डग्गामार बस समेत 5 वाहन सीज



**बाराबंकी।** अवैध खनन, ओवरलोड एंव अनाधिकृत डग्गामार की समस्या से निपटने के लिए परिवहन विभाग ने विशेष संघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना फिटनेस के मिट्टी लदे डंफर एंव अनाधिकृत डग्गामार बस समेत 5 वाहनो को सीज किया गया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि अवैध खनन, ओवरलोड़ समेत अनाधिकृत डग्गामार वाहनो के विरुद्ध यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने लखनऊ-अयोध्या, गोण्ड़ा-बहराइच मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना प्रपत्र एंव बिना फिटनेस के ओवरलोड़ मिट्टी लदे डंफर एंव अनाधिकृत डग्गामार बस संख्या एनएल 01 बी 5760 समेत 5 वाहनो को थानो मे निरुद्ध किया गया।

## संगठन सृजन अभियान का मकसद संगठन को सशक्त और निर्भीक बनाना: तनुज पुनिया



**बाराबंकी।** संगठन सृजन अभियान 2025 की बैठक महादेवा एवं सूरतगंज में मुख्य अतिथि काग्रेस सांसद तनुज पुनिया की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक से पूर्व काग्रेस सांसद श्री पुनिया ने महादेवा स्थित लोधेश्वर महादेव मन्दिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की एवं सर्वसमाज के कल्याण की कामना की। मुख्य अतिथि सांसद श्री पुनिया ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का सही मकसद यह है कि संगठन को सशक्त एवं निर्भीक बनाना है। साथ ही साथ संगठन की नींव को मजबूती के साथ इस अभियान के द्वारा रक्खी जा रही है ताकि संगठन को खड़ा करने में किसी भी प्रकार की कमी का एहसास न हो। सांसद ने कहा कि 21 साल की अवस्था में मतदान का अधिकार नौजवानों को था। लेकिन भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी ने देखा कि पूरे विश्व में एक भारत ही ऐसा देश है जहां नौजवान हष्ट पुष्ट और तादात में है। तो संविधान में कैबिनेट की बैठक में 18 साल की अवस्था का मतदान का अधिकार पारित करवाकर नौजवानों को एक नयी दिशा दी थी। बैठक मे जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, रामहरख रावत, मोहम्मद सपाम, सुरेन्द्र वर्मा, अहमद पठानी, नेकचन्द्र त्रिपाठी, अनूप सिंह, बद्री विशाल गुप्ता, ब्रिजेश सिंह, राजकुमार वर्मा, रामदयाल वर्मा मौजूद रहे।

## बेसिक विभाग के 1911 बच्चों को मिला स्काउट गाइड प्रमाण पत्र



**अयोध्या।** बेसिक शिक्षा विभाग में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित स्काउट गाइड कार्यक्रम के तहत प्रादेशिक मुख्यालय से प्राप्त 1911 प्रमाण पत्र सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कमलेश द्विवेदी द्वारा सौंपे गए।

इस मौके पर जिला स्काउट मास्टर लीडर ट्रेनर अनूप मल्होत्रा एवं गाइड कैप्टन निधि महिंद्रा मौजूद रही। साथ ही एसपीओ स्मिता श्रीवास्तव ने सभी को संबोधित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार स्काउट भवन में आयोजित कब बुलबुल संगोष्ठी में जनपद में कब और बुलबुल योजना के विकास पर चर्चा की गई तथा बेसिक शिक्षा विभाग के नौनिहालों को तृतीय चरण के प्रमाण पत्र प्रशिक्षण योजना पर विचार किया गया मौके पर प्रथम सोपान के 1213 और द्वितीय सोपान के 698 प्रमाण पत्र विभिन्न विकास खंडों के ब्लॉक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन को सौंपे गए।

## बंद हुए विद्यालयों के छात्र प्राइवेट विद्यालयों में करा रहे नामांकन




● विद्यालय विलय के विरोध में जनपद के विभिन्न ब्लाकों में संगठन के पदाधिकारी में अभिभावकों के साथ बैठक कर संवाद कायम किया

**अयोध्या।** विद्यालयों के बंद करने का दुष्परिणाम सामने आने लगा है। बंद हुए विद्यालयों के छात्र नजदीकी प्राइवेट विद्यालयों में नामांकन करा रहे हैं। जहां पर नजदीक में प्राइवेट विद्यालय नहीं है वहां के छात्र घर बैठने पर मजबूर हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय ऑडिटर एवं जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा की सरकार को बंद पड़े विद्यालयों के बच्चों की सूचना मंगवाकर समीक्षा करनी चाहिए। और तत्काल इस निर्णय को निरस्त कर विद्यालयों को खोलकर उनमें नामांकन बढ़ाने हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाना चाहिए। बंद हुए विद्यालयों के छात्रों के अभिभावकों से संवाद कार्यक्रम जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में कल भी किया जाएगा।विद्यालय -विलय के विरोध में आज जनपद के विभिन्न ब्लाकों में संगठन के पदाधिकारी में अभिभावकों के साथ बैठक कर संवाद कायम किया। पूरा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पठकौली में अभिभावकों के साथ बैठक की गई । बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री दो चक्रवर्ती सिंह ने कहा विद्यालयों को बंद किया जाना शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है। इससे नौनिहालों की बुनियादी शिक्षा में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। दूरी के कारण अथवा निर्जन रास्ते एवं नहर नाला आदि समस्याओं के चलते दूसरे विद्यालयों में अभिभावक अपने पाल्यों को नहीं भेज रहे हैं।

मर्जर से जहां एक तरफ नन्हे मुन्ने बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में समस्या होगी वहीं दूसरी तरफ बच्चों के ड्रॉप आउट की समस्या बढ़ेगी, शिक्षकों के प्रमोशन नहीं हो पाएंगे, पद समाप्त हो जाने से नए शिक्षक नहीं नियुक्त हो पाएंगे जिससे प्रशिक्षित बेरोजगारों में भी चिंता व्याप्त है। सरकार को उदारता पूर्वक इस निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

ग्रामीण महिलाओं ने गुस्सा जाहिर करते हुए विद्यालय बंद न किए जाने की मांग की।बैठक में पर्यवेक्षक संचराज वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, ब्लॉक मंत्री सुमित सिंह, अजय सिंह समेत अभिभावकों में बड़ी संख्याओं में महिलाएं मौजूद थी। बीकापुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय ससौली में आयोजित संवाद बैठक में ब्लॉक मंत्री रविंद्र गौतम, अनिल सिंह, ब्लॉक कोषाध्यक्ष विद्या यादव, अखिलेश यादव, महेंद्र तिवारी, सुनीता, निर्मला, राम सिंह, राधिका प्रसाद मौजूद रहे। जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती ने गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद करने की मांग करते हुए कहा कि इससे सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ सकता है। विद्यालयों का बंद किया जाना अव्यवहारिक है।

## पूरेडलई ब्लॉक परिसर में निःशुल्क बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**टिकैतनगर, बाराबंकी।** पूरेडलई ब्लाक परिसर में निःशुल्क बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ खंड विकास अधिकारी शिवजीत सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे खंड विकास अधिकारी ने 70 किसानो को मिनीकिट बीज वितरित किये। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर किसान तक उन्नत बीज व तकनीक पहुंचे। जिससे वह आत्मनिर्भर बन सके और कृषि आय में इजाफा हो। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि मिनीकिट वितरण का उद्देश्य किसानों को उन्नत किस्मों की जानकारी देना और उन्हें प्रयोग में लाकर उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान एडीओ कृषि डॉ0 रमेश कुमार ने बताया कि यदि किसी किसान ने अब तक फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। तो उसकी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि रोकी जा सकती है। अतः सभी किसान जनसेवा केंद्र या किसान कल्याण केंद्र पूरेडलई में आकर अपनी रजिस्ट्री अवश्य कराएं। कार्यक्रम में रत्नेश सिंह, वीरेंद्र पांडेय, अभिषेक कुमार मौर्य, राम अक्षयबर लोधी, श्याम नाथ साहू, दिलीप कुमार विश्वकर्मा, कमल सरोज, अनिल कुमार, आशीष प्रताप सिंह, आशीष सिंह, अमित शुक्ला, शिवम भारती आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त को आजीवन कारावास और 60,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया

जिला संवाददाता

**बहराइच।** वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दी गयी कि वादी जनपद बहराइच के थाना पयागपुर क्षेत्र के एक ईट भट्ठा पर अपने परिवार के साथ रहकर ईट पथाई का कार्य करता है जहां विपक्षी शंकर चौहान उर्फ विष्णु चौहान पुत्र उमेश चौहान निवासी ककरहवा मौजा दिगितपुरवा थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच वहीं पर भट्ठे पर ईट भराई का काम करता था दिनांक 18.02.2021 को समय करीब 04.00 बजे अभियुक्त अपने अज्ञात साथी के साथ मोटरसाइकिल से वादी की पुत्री(पीड़िता) उम्र करीब 14 वर्ष को भट्ठे से बहला-फुसलाकर भगा ले गया जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना पयागपुर में दिनांक-19.02.2021 को दी गयी तहरीरी सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 46/2021 धारा-363 भा.द.वि. बनाम शंकर चौहान उर्फ विष्णु चौहान पुत्र उमेश चौहान निवासी ककरहवा मौजा दिगितपुरवा थाना विशेश्वरगंज जनपद बहराइच के पंजीकृत किया गया । तत्कालीन विवेचक उ0नि0 श्री महांत शर्मा द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त शंकर चौहान उर्फ विष्णु चौहान उपरोक्त के विरुद्ध आरोप-पत्र दिनांक 09.06.2021 को अन्तर्गत धारा 363, 376 भा.द.वि. व 3/4 पॉक्सो एक्ट में प्रेषित किया गया

तथा माननीय न्यायालय द्वारा आरोपों को दिनांक 23.07.2021 को विरचित किया गया।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच के निर्देशन में ₹ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे उक्त अभियोग मे माननीय न्यायालय/पीठासीन अधिकारी श्री दीप कान्त मणि, अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) बहराइच द्वारा प्रभारी थाना पयागपुर, मॉनीटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, जिला शासकीय अधिवक्ता श्री सन्त प्रताप सिंह तथा कोर्ट मोहर्रिर का0 बृजेश कुमार साहनी, म0आ0 सुषमा गौतम व थाना पैरोकार का0 शिवपूजन वर्मा की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दिनांक-16.07.2025 को दोषी अभियुक्त शंकर चौहान उर्फ विष्णु चौहान उपरोक्त को आजीवन कारावास व ?60,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

## अवध विश्वविद्यालय के छात्र ने फतह की कांग यात्से की दो चोटियां



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग , एम. बी. ए. के छात्र लेफ्टिनेंट कर्नल जय प्रकाश कुमार, एसएम के नेतृत्व में भारतीय सेना के 45 वीर जवानों की एक टीम ने जंस्कार रेंज के दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में 01 जुलाई से 04 जुलाई 2025 के बीच मार्का घाटी की दो प्रमुख चोटियों कृ माउंट कांग यात्से-1 (6,400 मीटर) और माउंट कांग यात्से-2 (6,250 मीटर) कृ को सफलतापूर्वक फतह कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस साहसिक अभियान में सेना के दल ने प्रतिकूल मौसम और दुर्गम भू-भाग की कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए पर्वत की पूर्वी ढलानों पर एक नया चढ़ाई मार्ग तैयार किया तथा लगभग 1,000 मीटर तक रस्सियाँ लगाईं। 02 जुलाई 2025 को जब माउंट कांग यात्से 1 की चोटी पर तिरंगा लहराया गया तो हर भारतीय का सिर गर्व से ऊँचा हो गया।

लेफ्टिनेंट कर्नल जय प्रकाश कुमार ने बताया कि यह अभियान यहीं समाप्त नहीं होगा। इसी वर्ष भारतीय सेना का यह दल माउंट कुन (7,077 मीटर) और माउंट नंदा देवी ईस्ट (7,434 मीटर) पर भी तिरंगा फहराएगा। इसके बाद 2026 में यह तिरंगा एक बार फिर विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट और माउंट ल्होत्से पर लहराया जाएगा। विश्वविद्यालय परिवार में इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष की लहर है। विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. विजेंद्र सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, कुलसचिव विनय सिंह प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा, डॉ. राणा रोहित सिंह, डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. प्रवीण कुमार राय एवं डॉ. रामजी सिंह डा.कपिल देव डा. महेंद्र पाल सिंह नवनीत श्रीवास्तव सूरज सिंह आदि ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल जय प्रकाश कुमार को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## 45 लीटर कच्ची शराब बरामद, 250 किलोग्राम तैयार लहन की गई नष्ट



**बाराबंकी।** कच्ची शराब का गोरखधंधा करने वाले शराब माफियाओ के खिलाफ शासन द्वारा चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान की गति जनपद मे भी देखने को मिल रही है। यंहा तैनात निरीक्षको समेत प्रवर्तन टीमे लगातार दंबिश अभियान चलाकर भारी मात्रा मे शराबखोरो के कब्जे से अवैध शराब को बरामद कर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुचांने वालो के खिलाफ कार्यवाही करते हुये देखे जा रहे है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के अनुसार आज आबकारी निरीक्षक रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल व प्रवर्तन अयोध्या निरीक्षक रामतीरथ मौर्या की संयुक्त टीम ने थाना असंन्द्रा अन्तर्गत ग्राम मझौटी, अशरफपुर समेत 12 संदिग्ध स्थानों पर दंबिश दी। जंहा से 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। मौके से 250 किलोग्राम लहन को नष्ट किया गया। इसके साथ ही 2 अभियोग पंजीकृत किये गये। टीम ने नदी पार जाकर गोरखधंधा करने वालो के खिलाफ कार्यवाही भी की। दंबिश देने वाली टीम मे प्रधान सिपाही दीप नारायण वर्मा, सिपाही दीपक मिश्रा, विशाल सिंह, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस संपन्न

**बहराइच।** कृषकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि धान की रोपाई के दृष्टिगत निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाय। यदि कहीं पर फाल्ट की समस्या की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर फाल्ट को दुरूस्त कराकर विद्युत आपूर्ति बदहाल की जाय। ताकि किसानों को धान की रोपाई में किसी प्रकार की समस्या न आने पाये। सीडीओ ने कृषि विभाग व सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में पर्याप्त उर्वरक की व्यवस्था सुनिश्चित कराये ताकि किसानों को किसी प्रकार उर्वरक प्राप्त होने में कोई समस्या न हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित कराये कि ओवर रेटिंग की शिकायत न प्राप्त हो। यदि कहीं से शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक जाचोपरान्त नियमानुसार सम्बन्धित विक्रेताओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। यदि कोई विक्रेता उर्वरकों की बोरी के साथ टैगिंग करके खाद्य बिक्री की शिकायत प्राप्त होती है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंनें जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि जिले में लगातार भ्रमणशील रहकर ऐसे विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

आकांक्षी जनपद के किसानों का आहवान किया कि विषमुक्त प्राकृतिक खेती वर्तमान एवं भविष्य की जरूरत है। सीडीओ ने कहा कि अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अधिकाधिक प्रयोग से जहां धरा की उर्वरा शक्ति कम हो रही है वहीं पैदा होने वाली फसलें भी विषाक्त होने के कारण मानवजाति के स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। जिसके कारण प्रति परिवारों पर चिकित्सा पर अनावश्यक धन व्यय हो रहा है जिसे प्राकृतिक खेती कर विषमुक्त खाद्यान्न उत्पादन कर रोकना होगा। सीडीओ ने कहा कि हमें गौवंश आधारित प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा ताकि हमारे खेत की मृदा स्वस्थ होकर हमें अच्छी व स्वस्थ उपज दे सकें।

## राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ ने तोड़फोड़ के संबंध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बहराइच।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ जनपद बहराइच के द्वारा श्री परशुराम चौक पर हुए तोड़फोड़ के संबंध में एक ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश जी को द्वारा एसडीम महोदय बहराइच को दिया गया जिसमें भगवान श्री परशुराम चौक पर हुए तोड़फोड़ के संबंध में आवश्यक कार्यवाही प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं असामाजिक तत्वों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए की मांग रखी गई है श्री परशुराम चौक पर ब्राह्मण समाज के द्वारा 40 मिनट तक धरना प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ जनपद बहराइच के जिला महामंत्री श्री प्रदीप त्रिपाठी जी, परशुराम सेना प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र नाथ तिवारी जी, परशुराम सेना प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्री भानु पांडे जी, श्री विशाल पाठक अंकुर पांडे अमरदीप पांडे पिंटू पांडे जी श्री पिंटू मिश्राहैप्पी दुबे जी, श्री पुष्पेंद्र मिश्रा प्रेम नाथ तिवारी एडवोकेट शाश्वत मिश्रा एडवोकेटदीपक त्रिपाठी एडवोक सूर्यकांत मिश्रा एडवोकेट अजय पांडे एडवोकेट बालकृष्ण पाठक एडवोकेटसंतोष शुक्ला एडवोकेट पंकज पाठक एडवोके वरिष्ठ अधिवक्ता रामचंद्र पाठक एडवोकेटअधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राकेश नाथ त्रिपाठी एडवोकेट वरिष्ठ अधिकता आलोक शुक्ला एडवोकेट दीपांकर त्रिपाठी कुलदीप पांडे हरि ओम मिश्रा जी श्री दीपेंद्र पाठमहेंद्र पाठक श्री महेंद्र मिश्रा शिवांकर शुक्ला जय जय राम तिवारी जय मिश्रा जी श्री चुनमुन पांडे विनय पांडे दीपक त्रिपाठी देवीपाटन मंडल अधिवक्ता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदीयश मिश्रा जी, श्री सुधाकरश्री अनिल शुक्ला एडवोकेट विवेक पांडे एडवोकेटअजीत पांडे एडवोकेटरामेंद्र मिश्रा एडवोक बाबूराम तिवारी एडवोकेट जी श्री रमेश जायसवाल एडवोकेट नवीन श्रीवास्तव एडवोकेट ऋषि पांडे जी श्री कृष्ण कुमार मोर अरुण दुबे एडवोकेट गौरव मिश्रा जी श्री सुशीलपंकज जी श्री आशीष मिश्रा जी श्री प्रखर पांडे जी श्री पंकज श्रीवास्तव पवन शर्मा पयागपुर श्री अनुज गौर अरुण तिवारी राहुल मिश्रा जी श्री राहुल पांडे जी श्र संतोष त्रिपाठी जी श्री वीडियो मिश्रा जी श्री बलराम पाठक जी श्रीमती संतोष पांडे जी श्रीमती मीना द्विवेदी जी देवीपाटन मंडल महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी श्री अभिलाष दुबे जी राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्री अद्भुत शर्मा जी राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ आदि ने ज्ञापन सौंपा।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होंगे प्रशिक्षक

**बहराइच ।** जनपद के 52 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाने के उद्देश्य से मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यता प्रमाण-पत्र धारक 17 लोगों का 03 माह के लिए प्रशिक्षक के रूप में चयन किया जायेगा। चयनित प्रशिक्षकों को सम्बन्धित प्रधानाचार्य द्वारा रू. 5,000=00 की दर से मानदेय दिया जायेगा। चयन की योग्यता रखने वाले 18 से 45 आयु वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी पंजीकृत डाक के माध्यम से अपने आवेदन पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक बहराइच के कार्यालय में 28 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए डीआईओएस सर्वदा नन्द ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी नाम, अभिभावक का नाम, जन्म तिथि, लिंग, निवास का पता, शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता से सम्बन्धित विवरण तथा एक अदद फोटो के साथ निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर सकते हैं। श्री नन्द ने बताया कि प्रशिक्षक के रूप में यथा संभव महिला प्रशिक्षक का ही चयन किया जायेगा।

## ट्रांसफार्मर फ्यूज जोड़ते समय संविदा लाइनमैन की मौत

**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईगंज कस्बे में एक संविदाकर्मी लाइनमैन की ट्रांसफार्मर की फ्यूज जोड़ते समय विद्युत स्पशार्घात से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। जानकारी के मुताबिक गोसाईगंज कोतवाली इलाके के रेहड़ी गांव निवासी 45 वर्षीय राकेश वर्मा पुत्र आशाराम वर्मा विद्युत विभाग में संविदाकर्मी लाइनमैन के रूप में कार्य करता था। बुधवार को दोपहर में वह अकेले ही कस्बे के पूर्वी छोर पर स्थित सांसद गली में एक ट्रांसफार्मर का टूटे फ्यूज को जोड़ने गया था।उसने गददौपुर पावर हाउस से 1नम्बर के लिए शटडाउन मांगा, जबकि वह ट्रांसफार्मर 2नम्बर में आता है। वह लोहे की सीढ़ी लगाकर फ्यूज जोड़ने के लिए चढ़ा।

वह जैसे ही फ्यूज जोड़ना चाहा तो चलती लाइन की चपेट में आ गया और झुलस कर नीचे गिर पड़ा।उसे गिरता देख लोगो ने उसे बगल में ही मौजूद सीएचसी ले गए जंहा चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।संविदाकर्मी की मौत की खबर सुनकर जेई विकास पटेल अपने टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सारी जानकारी ली।एसएचओ विजयंत मिश्र के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वंही उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन संविदाकर्मी संघ ने सरकार से 10 लाख की आर्थिक सहायता की मांग की व सपा जिला उपाध्यक्ष राजेश पटेल ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए शासन से 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

संक्षेप

## पीड़ित ने न्यायालय से लगायी गुहार

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। थाना गोसाईगंज क्षेत्र के फतेहपुर संगत गांव निवासी सलमा बानो ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल कर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट की। कपड़े फाड़े और अश्लील हरकतें कीं, लेकिन पुलिस अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही। पीड़िता के अनुसार उनकी बेटी अलीशा को पूर्व में गांव के ही महमूद के पुत्र अब्दुल फहद ने पीटा था। इस पर विरोध करने पर महमूद, मोफीद, शहनशाह, मुजाहिद, बादशाह और आरिफ ने रंजिश पाल ली। सलमा बानो ने बताया कि 19 मार्च 2025 की शाम करीब 6 बजे ये सभी लोग लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पहुंचे, गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। जब वह जान बचाकर घर में घुसीं तो आरोपियों ने पीछा करते हुए घर में घुसकर मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि महमूद और शहनशाह ने उनके कपड़े फाड़े और अश्लील हरकतें कीं। शोर सुनकर पति नसरुद्दीन मौके पर पहुंचे तो उन्हें भी पीटा गया। ग्रामीण गरीबुलनिशा व मुजीब ने बीच-बचाव किया। सलमा बानो का कहना है कि उन्होंने थाने में कई बार लिखित शिकायत दी, मेडिकल भी कराया, यहां तक कि पुलिस अधीक्षक को भी पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने न्यायालय से गुहार लगाई है कि रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, क्योंकि उन्हें और परिवार को जान का खतरा है।

## पुलिस ने पिता-पुत्र पर दर्ज किया केस

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। उधार लिए पैसे वापस न करने पर पुलिस ने पिता पुत्र के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद सरैया के राहुल कुमार अग्रहरी ने अपने रिश्तेदार अंबेडकरनगर जिले के जैतपुर थाने के पैकौली बाजार के रवि गुप्ता को वर्ष 2022-23 में उनकी जरूरत पर चार लाख रुपए उधार दिया था। पैसा मांगने पर वे देने में आनाकानी कर रहे हैं। आरोप है कि रवि के पिता गुलाबचंद मात्र एक लाख रुपये जो ऑनलाइन ट्रांजैक्शन हुआ था। उसी को देने की बात कर रहे हैं। शेष तीन लाख रुपया जो नगद लिए थे। उसे देने से मना कर रहे हैं। जबकि मोबाइल पर चार लाख रुपए वापस करने की बात रिकॉर्ड की गई है। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि राहुल कुमार अग्रहरि की मंगलवार को दी गई तहरीर पर पुलिस ने रवि गुप्ता एवं उनके पिता गुलाब चंद्र के विरुद्ध नामजद केस दर्जकर लिया है।

## चिल्ड्रेन पार्क के लिए निर्माण हेतु भूमि का हुआ चिन्हांकन

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। नगर पंचायत वैश्विक योजना के अंतर्गत चिल्ड्रेन पार्क के निर्माण के लिए भूमि चिन्हांकन का कार्य संपन्न हुआ। बुधवार को कस्बे के पटेल नगर मोहल्ले में सरस्वती शिशु मंदिर झारखंड के सामने स्थित भूखंड में पार्क निर्माण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने भूमि चिन्हांकन के बाद कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि यह योजना केंद्र एवं प्रदेश के डबल इंजन सरकार की देन है। लगभग दस विश्वा भूमि में बनने वाले चिल्ड्रेन पार्क की लागत 67 लाख रुपए होगी। जो तीन महीने में बन कर तैयार हो जाएगा। पार्क में व्यायामशाला, पथवे और स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर सभासद बृजेश बहादुर सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र, हनुमान यादव, शिवम अग्रहरी, गौरव तिवारी, राजकुमार शर्मा, शशांक पांडेय सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## अभिभावक गोष्ठी कल

इकदिल, इटावा। कस्बा के मोहल्ला कायस्थान में स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन 18 जुलाई दिन शुक्रबार को प्रातः 8 बजे से किया जाएगा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल के प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक माह आयोजित होने वाली अभिभावक गोष्ठी में शिक्षण व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये अभिभावकों के साथ विचार विमर्श किया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ. सम्राट ने समस्त अभिभावक बंधुओं से अभिभावक गोष्ठी में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# तालाब और मार्ग पर किये गये अवैध कब्जे पर गरजा बुलडोजर



महराजगंज रायबरेली। सुरक्षित जमीनों पर अवैध कब्जे के मामलों में एसडीएम सचिन यादव लगातार सख्त हैं, उनके दिशा निर्देश में प्रशासन का चाबुक अवैध कब्जेदारों पर अनवरत चल रहा है। बुधवार को भी कैलाश सिंह का पुरवा मजरे ज्योना गांव में बुलडोजर चलवाकर अवैध कब्जा हटाया गया प्रशासन की कार्रवाई से अवैध कब्जे दारों में हड़कंप है।

एसडीएम सचिन यादव के निर्देश पर तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने कानूनगो आबिद के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे बुधवार को भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में रास्ता और तालाब की जमीन पर अवैध रूप से लगे घूरा व शौचालय, पक्का निर्माण एवं मलबा, हटाया गया किसी प्रकार कोई परेशानी उत्पन्न ना हो इसलिए बड़ी तादाद में पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रही। अवैध कब्जे के संबंध पिछले दिनों गांव निवासिनी सोनी पत्नी विनय कुमार ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर अवैध कब्जे की शिकायत की थी जिसके बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की है। तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने बताया कि प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए कानूनगो और लेखपाल को जांच कर रिपोर्ट तलब की गई थी जिसमें श्याम लाल पुत्र मंगल अजय पुत्र छेदी लाल, रामसुमेर, पुत्र कल्लू, जग प्रसाद, पुत्र मंगल, विनय कुमार पुत्र सुंदर लाल ने अवैध रूप से तालाब और अभिलेखों में दर्ज रास्ते पर कब्जा कर रखा था जिसे खाली कर दिया गया है।

एसडीएम सचिन यादव ने बताया कि तालाब और अभिलेखों में दर्ज रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया है, अवैध कब्जे दारों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## शेरनी रूपा का तीसरा शावक भी नहीं बचा

इटावा। बीते 21 अप्रैल को बब्बर शेरनी रूपा ने 4 शावकों को जन्म दिया था। जिसमें 2 शावकों की मृत्यु शेरनी रूपा के असामान्य व्यवहार के कारण हो गया था तथा शेष दो शावकों को सुरक्षा की दृष्टि से हैंड रियरिंग कर पाला जा रहा था। 4 जुलाई से उक्त शावकों में से एक नर शावक कुछ अस्वस्थ दिखाई पड़ा जिसका तत्काल उपचार सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सकों द्वारा प्रारम्भ किया गया। जिसके सम्बन्ध में समय समय पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाता रहा है तथा सभी उपलब्ध वन्यजीव विषेषज्ञों से परामर्ष लेते हुए इस शावक का उपचार नियमित रूप से सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा था जिससे उक्त शावक के स्वास्थ्य में कुछ सुधार हो रहा था परन्तु शावक द्वारा अपना आहार बहुत ही कम मात्रा में लिया जा रहा था। 16 जुलाई को सुबह 5.30 बजे उक्त शावक की मृत्यु हो गयी है।

## दहेज प्रतिषेध अधिनियम के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



सुलतानपुर (वीओएल)। एसपी के निर्देश पर जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज बड़ी सफलता हाथ लगी। श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना बन्धुआकला पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उ0नि0 रामप्रकाश सिंह मय हमराह फोर्स मुखबिर की सूचना पर ग्राम नान्हू लोनिया का पुरवा स्थित गभड़िया नाला पुल के पास पहुंचे, जहां से मु0अ0सं0 104/2025 धारा 80/85 बीएनएस एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम में वांछित चल रहे अभियुक्त बृजेश कुमार पुत्र दूधनाथ (उम्र 27 वर्ष), निवासी ग्राम नान्हू लोनिया का पुरवा, मजरे हसनपुर, थाना बन्धुआकला, जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी से क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना से जुड़े मामलों में न्याय प्रक्रिया को गति मिलेगी। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## डीएम ने कई अधिकारियों का किया फेरबदल

सुलतानपुर (वीओएल)। डीएम कुमार हर्ष के निर्देश पर तहसील प्रशासन में व्यापक बदलाव किया गया है। अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए चार तहसीलों में नए तहसीलदारों की तैनाती की गई है। बल्दीराय के तहसीलदार देवानंद तिवारी को अब तहसीलदार सदर का कार्यभार सौंपा गया है। वहीं अरविंद तिवारी, जो पूर्व में लंभुआ में कार्यरत थे, को पुनः बल्दीराय तहसीलदार नियुक्त किया गया है। गैर जनपद से स्थानांतरित होकर आए उमेश चंद्र यादव को तहसीलदार कादीपुर का दायित्व सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त नायब तहसीलदार प्रांजल त्रिपाठी को लंभुआ तहसील का अतिरिक्त चार्ज अंतरिम आदेश तक सौंपा गया है। इस प्रशासनिक बदलाव का उद्देश्य राजस्व कार्यों में तेजी लाना और क्षेत्रीय प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाना है। जिलाधिकारी ने सभी नव नियुक्त तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि वे पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

## विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की इलाज के दौरान मौत

रायबरेली। विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। उल्लेखनीय है कि लालगंज कस्बे के रामलीला मैदान निवासी अवधेष सिंह (40) पुत्र विष्णुदेव ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसके बाद परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे जहां हालत गंभीर होने के चलते उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वहां भी हालत में सुधार न होने के चलते परिजनो ने उसे एम्स में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अवधेष की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रषासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी है।

## दो अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट के मामलों में मुकदमा दर्ज

लालगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट के मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पहली घटना अम्बारा पष्चिम गांव में हुई है। गांव निवासी षषिभान सिंह पुत्र चंद्रभान ने बताया कि पुरानी रंजिष को लेकर सत्येंद्र भदौरिया व दो अन्य लोगों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की है। जिसमें उसे चोटें भी आई है। पुलिस ने षषिभान की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी घटना हसनापुर गांव में हुई है। गांव निवासिनी मधु पत्नी राहुल ने बताया कि गांव के ही सोहन, मोहन, जय भगवान व रामकुमार ने बरसाती पानी को लेकर उसे गालियां दी। जिसका उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की है। बचाने के दौरान उसके भाई दीपक की भी आरोपियो ने पिटाई कर दी। पुलिस ने मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## गांवों में गंदगी का अंबार, बजबजा रहीं नालियां

सलोन रायबरेली। गाँवों में गंदगी का अंबार और बजबजाती नालियों की समस्या एक गंभीर चिंता का विषय है। यह न केवल पर्यावरण को प्रदूषित करता है, बल्कि संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा भी बढ़ाता हैं। सफाईकर्मियों की हीलाहवाली और ग्राम प्रधानों तथा सचिवों की लापरवाही के कारण यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। सलोन विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम सभा दुबहन में गंदगी का अंबार है। गाँवों में जगह-जगह कूड़े-कचरे के ढेर लगे रहते हैं, जिससे वातावरण दूषित होता है। नालियां चोक हो जाने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहता है, जिससे दुर्गंध आती है और बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि सफाईकर्मियों गांव में नही आते जिससे सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो जाती है। ग्राम प्रधानों और सचिवों की मिलीभगत और लापरवाही के कारण भी सफाई व्यवस्था चरमरा जाती है। जिसका समस्या के परिणाम संक्रामक रोगों का खतरा व गंदगी और बजबजाती नालियों के कारण मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है। वहीं ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी गंदा पानी सड़कों पर बहने से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। जिसका स्वास्थ्य पर बुरा असर गंदगी और दुर्गंध के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। एडीओ पंचायत जितेंद्र सिंह ने बताया कि इसकी जानकारी नही हैं, जानकारी करके सफाई कर्मी के ऊपर कार्यवाही की जाएगी।

## नेता प्रतिपक्ष लोकसभा व सांसद राहुल गांधी का कार्यक्रम आज

रायबरेली। नेता प्रतिपक्ष लोकसभा माननीय सांसद राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली आगमन व कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सांसद अमेठी केएल षर्मा ने बताया कि सांसद राहुल गांधी 17 जुलाई दिन बृहस्पतिवार पूर्वान्ह 10:00 बजे ऊंचाहार विधानसभा के बाबूगंज में बूथ कार्यकताओं के साथ संवाद कार्यक्रम, मध्यान्ह 12:00 बजे प्रजापति समाज से मुलाकात व सम्मान समारोह स्थान होटल षान्ती ग्रान्ड रायबरेली एवं अपरान्ह 2 बजे हरचन्दपुर विधानसभा के गौरा-पार्वती मेला प्रांगण सतांव में बूथ कार्यकताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## 21 जुलाई को बाबा बाल्हेश्वर मंदिर परिसर में किया जायेगा विशाल भंडारा

लालगंज रायबरेली। 21 जुलाई को लालगंज क्षेत्र के बाबा बाल्हेश्वर मंदिर परिसर में रघुवीर हॉस्पिटल के चेयरमैन और प्रसिद्ध समाजसेवी रमेश दीक्षित के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। विशाल भंडारे में रघुवीर मिल्स के प्रबंधक शशांक दीक्षित, रघुवीर हॉस्पिटल की निदेशक डॉ मोनिका मिश्रा, डॉक्टर मणि मिश्रा का भी सहयोग रहेगा। समाजसेवी रमेश दीक्षित ने क्षेत्र के लोगों से बाल्हेश्वर मंदिर पहुंचकर भोले बाबा के दर्शन के साथ-साथ भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## अवर अभियन्ता प्रवर्तन कार्यों में करे प्रभावी कार्यवाहीः एडीएम फाइनेंस

रायबरेली। जिलाधिकारी व उपाध्यक्ष रायबरेली विकास प्राधिकरण हर्षिता माथुर के निर्देशन व अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०)/सचिव रायबरेली विकास प्राधिकरण अमृता सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में भवन मानचित्र व शमन मानचित्र की स्वीकृति हेतु समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमे शमन एवं ओबीपीएएम से सम्बन्धित 23 मानचित्रों का निस्तारण किया गया है, जिसके अन्तर्गत लगभग कुल धनराशि 50 लाख रुपए प्राधिकरण को प्राप्त होगी। समाधान दिवस में 11 आवेदक आये, जिनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अवर अभियंताओं को प्रवर्तन कार्यों में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता एम० अहमद, सहायक अभियंता राजेश कुमार अग्रवाल, अवर अभियंता ओम त्यागी, निष्ठा साहू सहित आरडीए के संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय मेगा बिजली बिल समाधान शिविर का होगा आयोजन



महराजगंज रायबरेली। बिजली विभाग द्वारा मेगा बिजली बिल समाधान शिविर का आयोजन 3 दिन के लिए किया जा रहा है जिसमें उपभोक्ता आकर अपनी बिजली संबंधित मामलों का शिकायती पत्र देकर निस्तारण कराए और सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ लें। यह उद्गार विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता संदीप कुमार पत्रकारों को जानकारी देते हुए व्यक्त कर रहे थे। बताते चलें कि मेगा बिजली बिल समाधान शिविर उपभोक्ताओं को राहत देने हेतु किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को विद्युत संबंधित समस्याओं से छुटकारा व निजात मिल सके तथा उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए 17, 18, व 19 जुलाई को तीन दिवसीय विशेष शिविर महराजगंज खंड कार्यालय, शिवगढ़ उपखंड कार्यालय, व बछरावां उपखंड कार्यालय में ऐसा आयोजन किया जाएगा तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान विभाग की प्राथमिकता है इस शिविर में बिना किसी देरी के समाधान की दिशा में कार्य किया जा सके और सौ फीसदी शिकायतों का समाधान शिविर स्थल पर या 1912 पर पंजीकरण के अनुसार किया जाएगा उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाएगा बिल जमा काउंटर भी शिविर में सक्रिय रहेंगे। जिससे कि सरकार की मंशा को अमली जामा पहनाया जा सके।

## पेयरिंग हुई तो शिक्षा से वंचित रह जायेंगे नौनिहाल



नसीराबाद रायबरेली। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर अभिभावक संवाद के अंतर्गत बुधवार को सबसे अधिक नामांकन वाले पेयरिंग विद्यालय प्रा वि भगवतपुर के सम्मानित ग्राम प्रधान विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सम्मानित अभिभावकों की बैठक का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं अभिभावकगण बैठक में शामिल हुए सभी ने अपने विचार से अवगत कराया कि हम सभी विद्यालयों के पेयरिंग के नाम पर विद्यालय बंद नहीं होने देंगे विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष कविता ने कहा कि हमारे गांव से महानंदपुर विद्यालय दूर है जिससे छोटे बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महानंदपुर रमाकांत तिवारी ने कहा कि हम अपनी ग्राम पंचायत का विद्यालय बंद नहीं होने देंगे। नकछेद ने कहा कि छोटे बच्चों को होने वाली बहुत परेशानी होगी शिक्षा से वंचित रह जाएंगे जगपता ने कहा कि विद्यालय बंद न किए जाए बच्चियां पढ़ नहीं पाएंगी रोशन लाल ने कहा कि हम सभी बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराएंगे विद्यालय बंद न किए जाए हीरा लाल ने सभी अभिभावकों से विद्यालय में नामांकन कराने को कहा ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य नारायण पाण्डेय ने कहा कि हम आप सभी के विचार और निर्णय से शासन को अवगत करायेगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुरेंद्र श्रीवास्तव अंशुमान सिंह गीता सिंह शिवेंद्र श्रीवास्तव हरिलाल शैलेश कुमार नसीम अहमद पुष्पेन्द्र सिंह सहित ब्लॉक कार्य समिति के पदाधिकारी एवं अभिभावक/ग्रामीण उपस्थित रहे।

## करंट से हुई मौत के मामले में जनप्रतिनिधियों ने व्यक्त की शोक संवेदना

महराजगंज रायबरेली (स्वरूप संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के रानी का पुरवा मजरे ओथी गांव निवासी 35 वर्षीय व्यक्ति को करंट लगने से हुई मौत के मामले में जहां गांव सहित पूरा क्षेत्र शोक की लहर में डूबा है। तो वहीं घटना की सूचना मिलते ही पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत रावत व भाजपा नेता सरोज गौतम सहित अनेक दल के नेताओं ने मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा शासन द्वारा मिलने वाली हर संभव सहयोग दिलाने का आश्वासन भी दिया। जानकारी के अनुसार रानी का पुरवा मजरे ओथी गांव में मंगलवार को शाम करीब 7:30 बजे एक 35 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र श्रीपाल की बिजली करंट लगने से मौत हो गई। प्रदीप कुमार अपने घर में पंखा लगा रहे थे, तभी अचानक करंट की चपेट में आ गए। जिससे प्रदीप कुमार की मौत हो गई जैसे ही प्रदीप कुमार की मृत्यु की खबर परिजनों व गांव वालों को हुई पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

## शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने कम छात्र संख्या को आधार बनाकर विद्यालयों के मर्जर के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम को सौपा। बुधवार को निरीक्षण गृह के परिसर में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि परिषदीय विद्यालयों के काम छात्र संख्या को आधार बनाकर मर्जर किए जाने की कार्यवाही गतिमान कर दी गई है। जो कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 एवं बाल अधिकार के सर्वथा विपरीत है। अधिनियम में प्रावधानित है कि प्रति बच्चों के घर से एक किलोमीटर की परिधि में 300 की आबादी में प्राथमिक एवं 3 किलोमीटर की परिधि में 800 की आबादी में उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थापित किया जाएगा।

विभिन्न कारणों से कुछ विद्यालयों में छात्र संख्या कम हुई है। जिसका प्रमुख कारण परिषदीय विद्यालय के निकट निजी विद्यालयों को मानक के विरुद्ध मान्यता दी गई है। गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों का निर्वात गत से संचालन हो रहा है। शिक्षक विहीन विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य कराया जा रहा है। इन्हीं कारणों से छात्र संख्या घटी है। जिसका दोषी शिक्षक नहीं है। विद्यालयों के मर्जर करने से छोटे बच्चे विशेष कर बच्चियों को प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करना एक दुष्कर कार्य हो जाएगा। ज्ञापन में हर विद्यालयों में छात्र संख्या के अनुरूप शिक्षकों की तैनाती व प्रत्येक विद्यालय में प्रधानाध्यापकों की तैनाती तथा शिक्षकों से शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त दूसरा कार्य न लेने एवं एवं एक किलोमीटर की परिधि में दिए गए मान्यता की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। विधायक राजेश गौतम ने आश्वासन दिया कि उनके ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर सारी समस्याओं से अवगत कराएंगे। ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, रामानुज यादव, रमेश तिवारी, चंद्रपाल राजभर, केसी मिश्र, अरुण कुमार सिंह, राहुल मिश्र, विनोद कुमार, मुकेश सिंह सहित अनेक शिक्षक रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

बकेवर, इटावा। कस्बा के औरैया रोड स्थित प्राइमरी विद्यालय के समीप एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर कमरे में फंखे में कपड़ा डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने पुत्र को फांसी के फंदे पर लटका देख गेट को आनन फानन में खोलकर मृतक के शव को फांसी के फंदे से उतारकर पच्चास शैय्या अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। कस्बा के पटेल नगर निवासी कन्हैया पुत्र राम लखन उम्र 25 बर्षीय ने घर के अंदर कमरे में लगे फंखे में कपड़ा डालकर अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्वजनों ने कन्हैया को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो कमरे को खोलकर युवक को फांसी के फंदे से उतार कर। युवक को बकेवर स्थित पच्चास शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार को कोहराम छा गया वहीं मामले के संबंध में मृतक कन्हैया के पिता राम लखन ने बताया कि वह सब्जी लेने के लिऐ बाहर गये थे घर में मां थी उसी समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक दो भाई थे जिसमें एक भाई की कुछ बर्ष पहले ही सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है तथा कन्हैया की दिसम्बर 2024 में कंचैसी के समीप एक गांव से शादी हुई थी। मृतक युवक जजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था मृतक की पत्नी एक माह से अपने मायके में गयी हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज मय पुलिस फोर्स के घटना स्थल पर पहुंचे और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु इटावा भेजा गया।

## बच्चों को वितरित किया गया निःशुल्क सब्जी बीज




मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। कंपोजिट स्कूल खनुहट में कृष्णा सीड बैंक की तरफ से बच्चों को निःशुल्क सब्जी का बीज वितरित कर बच्चो को घर के आसपास खाली जमीन पर शुद्ध ताजी सब्जी के उपयोग रसायनिक उर्वरक खाद से बचाव की जानकारी दी गई। बुधवार को शिक्षा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय खनुहट में 67 बच्चों को कृष्णा सीड बैंक दियरा (करौंदी) की तरफ से आयोजित अपनी सब्जी कार्यक्रम के तहत सेवानिवृत्त शिक्षक खेताऊ यादव ने लौकी, कद्दू, करैला, सरपुतिया व सेम का बीज वितरित करते हुए बताया की यह बीज कृष्णा सीड बैंक निःशुल्क देती है जिससे सबके पास अपनी सब्जी हो। इस बीज को घर के आसपास खाली जगहों पर बोकर देशी खाद से तैयार करेंगे तो बाजार में मिल रहे रासायनिक खादों से तैयार सब्जियों को नहीं खाना पड़ेगा। जिससे अनेक बीमारियों से बचाव भी हो पाएगा। इस मौके पर शिक्षक केसरी प्रसाद दूबे, अशोक गुप्ता, अजय सिंह, महेंद्र कुमार वर्मा, कमल कुमार यादव, रामजीत, सुधा, भूमिका सिंह आदि मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से गांव में मंडरा रहा खतरा

### टूटे खंभों से हो रही हाई वोल्टेज सप्लाई



मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते सुलतानपुर कला गांव में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ढेमा स्थित मोतिगरपुर उपकेंद्र से इस गांव में दो जगह बिजली के खंभे टूटे हुए हैं, लेकिन उन्हीं जर्जर खंभों के सहारे हाई वोल्टेज बिजली की आपूर्ति लगातार जारी है। इससे ग्रामीणों की जान हमेशा खतरे में बनी हुई है। ढेमा स्थित मोतिगरपुर उपकेंद्र ग्रामीणो ने इस समस्या की जानकारी कई बार विभागीय अधिकारियों को दी, लेकिन अब तक समस्या का निदान नही पाया। लोगों का आरोप है कि विभाग को शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार है, तभी कार्रवाई होगी। ग्रामीणों ने बताया कि खंभों के पास से बच्चों का स्कूल आना-जाना होता है और आसपास खेत भी हैं, जहां किसान नियमित रूप से काम करते हैं। ऐसे में एक छोटी सी चूक भी बड़ी अनहोनी का कारण बन सकती है। गांव के रामप्रसाद, लालजी, सुरेश कुमार, बृजेश शुक्ला, रमापति पांडे आदि ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने बिजली विभाग के जेई को भी इस स्थिति की जानकारी दी थी, लेकिन इसके बावजूद न तो टूटे खंभे बदले गए और न ही अस्थाई रूप से कोई वैकल्पिक सुरक्षा व्यवस्था की गई। हाई वोल्टेज लाइन के कारण लोग खंभों के पास से गुजरते हुए डरते हैं। कई बार चिंगारी गिरने की घटनाएं भी हो चुकी हैं, लेकिन विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। विभागीय उदासीनता और लापरवाही का खुला उदाहरण है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही टूटे खंभों की मरम्मत नहीं कराई गई और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे मजबूर होकर विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। जेई रामशरण त्यागी ने बताया कि दोनों खंभों को बदलने के लिए ठेकेदार से कहा गया है, शीघ्र बदल दिया जाएगा।

संक्षेप

## छात्र को ट्रक ने कुचला, दोनों पैर कटे

**आगरा।** शमसाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ। राजाखेड़ा मार्ग तिवरिया पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूल से लौट रहे 6 वर्षीय छात्र को टक्कर मार दी। हादसे में छात्र के दोनों पैर बुरी तरह कुचल गए। घटना दोपहर करीब 1 बजे की है। शाहपुर टूला निवासी विवेक पुत्र जितेंद्र यूकेजी का छात्र है। वह शमसाबाद स्थित स्कूल से बस से उतरकर सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान ट्रक (नंबर फख 11 ऋउ 9714) ने उसे टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने ट्रक को रोका और घायल छात्र को ट्रक के नीचे से निकाला। उसे तुरंत आगरा के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। छात्र के दादा हरी विलास ने थाने में ट्रक चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शमसाबाद थानाध्यक्ष डीपी तिवारी ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## बालिका को कोबरा ने डसा, मौत

**आगरा।** नौ वर्षीय बालिका को कोबरा ने डस लिया। मासूम के चेहरे पर सर्पदंश के ऐसे निशान मिले, जिन्हें देखकर घरवालों के होश उड़ गए। बालिका को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिले में एक बालिका की सर्पदंश से मौत हो गई। बालिका जब कमरे में बिस्तर पर सो रही थी, उस समय सांप ने उसे चेहरे पर काटा। सांप के डसते ही बच्ची जोर से चीखने लगी। बेटी की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर कमरे में पहुंचे। बालिका के चेहरे पर नाक के पास सर्पदंश से के निशान दिखे। इसके बाद वो बेहोश हो गई। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाह के हनुमान नगर में अमित गुप्ता की 9 साल की बेटी अनन्या गुप्ता सो रही थी। मंगलवार की भोर सोते समय वह चीख पड़ी। परिजन मौके पर पहुंचे तो उसके चेहरे पर नाक के पास सर्पदंश से के निशान दिखे। इस बीच अनन्या बेहोश हो गई। परिजन तत्काल ही बेटी को लेकर बाह सीएचसी पर पहुंचे, जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची बाह पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बालिका की मौत से परिवार में मातम छा गया।

## ट्रेन के आगे कूदी युवती, मौत

**आगरा।** बरहन रेलवे स्टेशन पर मोबाइल पर बात करते-करते अचानक युवती ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। उसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। उसने ये आत्मघाती कदम क्यों उठाया ये स्पष्ट नहीं हो सका है। बरहन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर मंगलवार दोपहर काफी देर से फोन पर बात कर रही एक युवती ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। इससे उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव तिहैया निवासी दिव्या (20) पुत्री महेंद्र सिंह के रूप में हुई है। जीआरपी टूंडला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन भी ट्रेन के आगे कूदने की कोई वजह नहीं बता सके। स्टेशन अधीक्षक रामपाल बघेल ने बताया कि मंगलवार दोपहर 1:34 बजे पुरी से नई दिल्ली जा रही 12815 नंदन कानन एक्सप्रेस को स्टेशन से पास कराने ने लिए वह हरी झंडी दिखाने बाहर आए थे। तभी प्लेटफार्म नंबर दो से एक युवती लूप लाइन को पारकर दौड़ती हुई आई और ट्रेन के इंजन में आगे कूद गई। उन्होंने बताया कि इंजन से सिर टकराते ही युवती की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, प्लेटफार्म नंबर दो पर मौजूद पोर्टर ने स्टेशन अधीक्षक को बताया कि युवती काफी देर से फोन पर बात कर रही थी। सूचना पर परिजन भी मौके पर आ गए। जीआरपी घटना की जांच कर रही है।

## 25 क्वार्टर देशी शराब जब्त एक गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर एक अभियुक्त कन्हैलाल पुत्र रामचन्द निवासी भट्टा की पीपरी थाना डौकी जनपद आगरा को पीपरिया से नगला सिंघी जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। ी

जसके कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब बरामद हुई, थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध थाना पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

# दो उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित, पांच को कारण बताओ नोटिस




● टीम ने 33 छापेमार कार्रवाई करते हुए आठ नमूने भेजे जांच

**मथुरा।** शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद में उर्वरक की दुकानों पर छापे डालने के लिए चार टीमों का गठन किया गया। इस दौरान कल 33 छापे डाले गए और गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु उर्वरक के आठ नमूने लिए गए ।बिहटा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी बिहटा विकासखंड छाता द्वारा पांच किसानों को उनके जमीनों के अभिलेख देखे बिना 50-50 बोरी यूरिया बिक्री की गई जिसके कारण तत्काल प्रभाव से इनका लाइसेंस निरस्त किया गया। वितरण एवं स्टॉक रजिस्टर तथा स्टॉक एवं रेट बोर्ड न होने के कारण भूमित्र खाद एवं बीज एजेंसी चैमुंहा का लाइसेंस निलंबित किया गया। किसानों को बिना अभिलेख देखें अधिक मात्रा में यूरिया एवं डीएपी की बिक्री करने के कारण एग्री जंक्शन जाचैड़ा. साधन सहकारी समिति बरसाना एवं सहकारी संघ लिमिटेड बरसाना को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही सहकारी समिति बरसाना पर पोस मशीन में 50 बोरी डीएपी प्रदर्शित हो रही थी परंतु मौके पर केवल तीन बोरी डीएपी की पाई गई वहीं दूसरी ओर सहकारी संघ लिमिटेड बरसाना पर एक ही दिन में डीएपी की 263 बोरी की बिक्री दिखाई गई जो संदिग्ध प्रतीत हो रही है जिसके कारण इन दोनों समितियां को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। जनपद के सभी उर्वरक विक्रेता सुनिश्चित कर ले कि प्रत्येक उर्वरक विक्रेता के प्रतिष्ठान पर स्टॉक रजिस्टर बिक्री रजिस्टर स्टॉक एवं रेट बोर्ड अनिवार्य होना चाहिए। सभी उर्वरक विक्रेता किसानों को निर्धारित दर पर ही यूरिया डीएपी की बिक्री करें तथा किसी भी किसान को यूरिया डीएपी के साथ कम प्रचलित उर्वरकों की टैगिंग ना करें।

# डीएम का फिर बना फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, रिपोर्ट दर्ज

जिला संवाददाता




**मथुरा।** जनपद में साइबर अपराधियों पर लगातार तबाड़तोड़ कार्यवाही के बाबजूद भी अपनी हरकतों से बाज नही आ रहे है। कान्हा की नगरी में लगातार साइबर अपराध का मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। आम लोगों के साथ साइबर अपराधी अधिकारियों को भी निशाने पर ले रहे हैं।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एक बार फिर से साइबर अपराध के शिकार हो गए हैं। डीएम के फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर लोगों को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने लोगों से अकाउंट से ना जुड़ने की अपील की है। इससे पहले भी फर्जी अकाउंट बनाने और पैसे मांगने का मामला भी सामने आया था। डीएम ने कहा कि फर्जी अकाउंट बनाने के संबंध में कार्यवाई की जा रही है। जिलाधिकारी के फर्जी अकाउंट से हड़कंप मच गया है। गत माह पूर्व डीएम का फर्जी व्हाट्सअप एकाउंट बनाकर साइबर ठगों ने जिला उद्यान अधिकारी (डीएचओ) से 50 हजार रुपये की मांग की थी। हालांकि सूझबूझ से वह बच गए थे। डीएम का मैसेज पढ़ने के बाद डीएचओ दंग रह गए। उन्होंने डीएम के पर्सनल नंबर पर फोन किया और मामले की जानकारी दी। तब जाकर जालसाजी पकड़ में आई। उन्होंने इसकी जानकारी डीएम को दी। जिलाधिकारी ने नंबर के आधार पर सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## एसएसपी ने किया18वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**फिरोजाबाद।** 18वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता आगरा जोन आगरा का शुभारम्भ पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा किया गया ।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण समस्त क्षेत्राधिकारीगण प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। 18वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता में आगरा कमिश्नरेट सहित जोन के कुल 06 जनपदों जनपद अलीगढ़ जनपद हाथरस जनपद आगरा जनपद एटा, जनपद मैनपुरी व जनपद फिरोजाबाद की महिला पुरूष पुलिस टीम हिस्सा ले रही हैं ।फुटबॉल प्रतियोगिता का आज बुधवार से शुभारम्भ होकर दिनांक 18-07-2025 को समापन होगा। फुटबॉल टीम प्रतियोगिता में 06 जनपदों में से जिस भी जनपद की टीम विजयी होगी वह यूपी स्टेट लेवल पर मैच खेलने जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त खिलाडियों कोच एवं निर्णायकों का परिचय प्राप्त करते हुए हाथ मिलाकर शुभकामनाएँ दी गयी । 06 जनपदों की पुलिस टीम द्वारा अपने-2 टीम कप्तानों सहित पुलिस बैंड के साथ भव्य फ्लैग मार्च करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद को सलामी दी गयी साथ ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले समस्त खिलाडियों द्वारा खेल भावना से खेलने की शपथ ग्रहण की गयी। आज बुधवार को जनपद अलीगढ एवं जनपद आगरा दूसरा मैच जनपद एटा व हाथरस एवं तीसरा मैच जनपद हाथरस व जनपद फिरोजाबाद के मध्य खेला गया।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने पीड़ित महिलाओं की समस्याएं सुनी




**फिरोजाबाद।** महिला आयोग की सदस्या मीना कुमारी ने निरीक्षण भवन में पीड़ित महिलाओं की व्यथा को सुना और संबंधित अधिकारियों को इन महिलाओं के कष्ट निवारण के निर्देश भी दिए, इन महिलाओं में वह महिला शामिल थी,जो परिवार से पीड़ित थी,कुछ महिलाएं रेप पीड़िता भी थी।

महिलाओं की सहायता और पुनर्वास हेतु समस्त व्यवस्था करने के निर्देश भी महिला आयोग की सदस्या ने संबंधित अधिकारियों को दिए, उन्होंने कहा कि जो भी पीड़ित महिलाएं, आपके पास आती हैं, उनके कष्ट का निवारण तुरंत करें, इसके बाद महिला आयोग की सदस्या ग्राम दौकेली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को देखने गई, जहां उन्होंने लाभार्थी महिलाओं की गोद भराई की, तथा बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया, साथ ही उन्होंने वहां के बच्चों को खिलौने की किट का वितरण भी किया।

# इंडियन मीडिया काउंसिल को मिला नया अध्यक्ष



**मथुरा।** इंडियन मीडिया काउंसिल ने हाल ही राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक में सर्वसम्मति से अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह जिम्मेदारी वरिष्ठ पत्रकार रमाकांत गोस्वामी को दी गई है ।उन पर प्रदेश अध्यक्षों और राज्य इकाईयों की समीक्षा करने और उनकी नव-नियुक्ति करने की जिम्मेदारी होगी। साथ ही देश के जिन राज्यों में संस्था की इकाई गठित नहीं है, वहां उन पर जल्द इकाईयों के गठन करने की जिम्मेदारी भी होगी। आपको बता दे कि रमाकांत गोस्वामी इससे पहले भारतीय प्रेस आयोग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित रह चुके हैं तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहे हैं। नियुक्ति के बाद रमाकांत गोस्वामी ने कहा कि प्रेस की आजादी एवं पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के साथ साथ डिजिटल माध्यम में कार्यरत पत्रकारों को भी एक मंच पर लाने का कार्य किया जायेगा। साथ ही सभी राज्यों में पत्रकारों का एक्रिडेशन, डिजिटल मीडिया एवं यूट्यूब, न्यूज पोर्टल जर्नलिस्ट की समस्याएं दूर करने के लिए काम करेंगे। इसके अलावा पत्रकारों के परिवारों के लिए स्नेह मिलन, मनोरंजन कार्यक्रम, क्रिकेट मैच और सामूहिक गोठ के आयोजन हर राज्यों में आयोजित होंगे। केंद्र सरकार के साथ लगातार संवाद कर पत्रकारों की सभी समस्याएं दूर की जाएंगी। गोस्वामी ने देश के सभी मुख्यमंत्रियों से मांग की है कि पत्रकारों को आवास मार्केट रेट की पंद्रह प्रतिशत राशि पर दिए जाने चाहिए। सरकार आवास योजना में आवास के लिए ऐसे बैंक से अनुबंध करे जो पत्रकारों को सौ प्रतिशत फाइनेंस कर आवास उपलब्ध करवा सके। साथ ही इंडियन मीडिया काउंसिल संस्था के माध्यम से पत्रकारों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए विशेष कार्य किये जाएंगे। गौरतलब है कि रमाकांत गोस्वामी इन दिनों सेटेलाइट चेनल हॉर्नबिल टीवी में राजस्थान संपादक की भूमिका में है। इसके साथ ही हिन्दी समाचार पत्र राजस्थान की राजनीति और टीएनआई आवाज में भी संपादक के रूप में कार्यरत है।

## सिपाही की कांवड़ लाते समय मौत

**आगरा।** यूपी पुलिस के 2018 बैच में भर्ती हुए 28 वर्षीय सिपाही की उस समय मौत हो गई, जब वे कांवड़ लेकर बटेश्वर मंदिर पहुंचे। मंदिर से चंद कदमों की दूरी पर सिपाही के कदम डगमगा गए। हालत बिगड़ गई। अस्पताल ले जाया गया। जयपुर ले जाते समय सिपाही की मौत हो गई। कांवड़ लेने गए फतेहाबाद थाना क्षेत्र के गढ़ी छतर निवासी सिपाही सुनील गुर्जर (28) की सोमवार को बटेश्वर में तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उपचार के लिए जयपुर ले जाया जा रहा था। रास्ते में उनकी मौत हो गई। नौकरी लगने के कुछ वर्षों बाद ही इस तरह सिपाही की मौत से हर कोई हैरान है। वो पूरी तरह से स्वस्थ बताए जा रहे थे। फिर किस तरह जान चली गई, इसे लेकर कई सवाल हैं। दो साल पहले ही शादी हुई थी। सुनील गुर्जर थाना किशनी की कुसमरा पुलिस चौकी पर चालक के पद पर तैनात थे। वह तीन दिन की छुट्टी लेकर घर आए थे और परिजनों के साथ कांवड़ यात्रा पर निकले थे। सोमवार को बटेश्वर पहुंचने पर मंदिर से लगभग 20-25 मीटर पहले उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने किसी तरह सुनील के हाथों कांवड़ बटेश्वर मंदिर में चढ़वाई। इसके बाद अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर आगरा रेफर कर दिया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद जयपुर ले जाने की सलाह दी। मंगलवार की शाम जयपुर ले जाते समय रास्ते में ही सुनील ने दम तोड़ दिया। सुनील की शादी दो वर्ष पूर्व पूजा से हुई थी। उनके कोई संतान नहीं है। सुनील का एक भाई सेना और दूसरा आईटीबीपी में तैनात है। सुनील की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। वर्ष 2018 बैच के सिपाही सुनील गुर्जर की तैनाती 7 सितंबर 2024 को किशनी थाने में हुई थी, जिसके कुछ समय बाद उन्हें कुसमरा चौकी पर वाहन चालक के पद पर भेज दिया गया था। सुनील ने नौकरी की मन्नत पूरी होने पर कांवड़ चढ़ाने की बात कही थी। इसी के चलते वह 13 जुलाई को तीन दिन का अवकाश लेकर घर गए थे। सोमवार को वह कासगंज के सोरों जी से कांवड़ लेकर आगरा के बटेश्वर धाम पहुंचे। वहां कांवड़ चढ़ाने के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने सुनील को इलाज के लिए आगरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां स्वास्थ्य लाभ नहीं मिला तो जयपुर ले जा रहे थे। जयपुर ले जाते समय मंगलवार दोपहर को ही सुनील गुर्जर का निधन हो गया। थाना किशनी प्रभारी ललित भाटी ने बताया कि आरक्षी सुनील गुर्जर का अंतिम संस्कार बुधवार को उनके पैतृक गांव गढ़ी छत्तर, फतेहाबाद, आगरा में होगा। जिले के अधिकारी भी अंतिम संस्कार में शामिल होंगे। सुनील की आकस्मिक मृत्यु से उनके साथी पुलिसकर्मियों में गहरा शोक है।

# डंपिंग यार्ड प्रभारी की मिली भगत से दयाचरण एंड कम्पनी ने तलब में डाला जहरीला आरडीएफ



**मथुरा।** कहते है कलयुग आते आते आदमी आदमी को मारने पर उतारू हो जाएगा। ऐसा ही देखने को मिल रहा है मथुरा वृंदावन नगर निगम में जहां चंद पैसों की खातिर जनमानस को मारने उतारू है नगर निगम के कुछ अधिकारी। जिन्हें बचाने की जिम्मेदारी दी गई वही अब मारने पर उतारू है। प्रदेश के मुखिया ने करोड़ों रुपए मथुरा के जनता की भलाई के लिए दिए। मगर कुछ पैसों के लालची अधिकारियों ने कम्पनी के साथ मिलकर जो जहरीले चीज को निस्तारण करने की बजाय, जगह जगह फिकवा दिया। हम बात कर रहे ही जहरीले आरडीएफ की जो कि इतना खतरनाक होता है कि अगर ज्यादा दिन पानी डाला रहे तो आस पास के भूजल को भी जहरीला बना देता है और ऐसा ही मामला देखने को मिला मथुरा वृंदावन नगर निगम के नगला कोलू डंपिंग यार्ड पर जहां पास ने ही बने तालाब का एक चैथाई हिस्सा जहरीले आरडीएफ से पाट दिया गया।

इतना ही नहीं कम्पनी के द्वारा आरडीएफ का निस्तारण न करते हुए। उस जहरीले आरडीएफ को जगह जगह खाली पड़े प्लॉटों में डलवा दिया। ताकि इनका घोटाला सामने ना आ सके। आज इस जहरीली आरडीएफ से तालाब और आसपास के भूजल में स्लो पॉइजन फैल रहा है। यही नहीं जहां जहां ये आरडीएफ डाला गया है ।वहां वहां कैंसर जैसी गम्भीर बीमारी फैलने की पूरी पूरी संभावना बनी रहती है। अगर आज उस तालाब के पानी को देखा जाए तो ऐसा हो गया है मानो इसमें कोई बहुत ही बेकार तेजाब डाल दिया हो। अगर जानकारों की माने तो इस आरडीएफ में से बहुत ही गम्भीर बीमारी फैलाने वाली गैसे निकलती है। वही उन्होंने बताया कि ये अगर आग की चपेट में आ जाए तो धुएं में बहुत ही गैस निकलती है जोकि हवा के माध्यम से इंसान फेफड़ों में जाकर उन्हें खत्म भी कर सकती है। तो वही बताया कि अगर ये पानी के सम्पर्क में ज्यादा दिन रहे तो ये पानी को बहुत ही जहरीला बना देते है और वो धीरे धीरे जमीन में समाने लगती है जिससे आसपास का जल भी जहरीला हो जाता है। जिससे कि आसपास के लोग जब इस पानी को पीते है तो धीरे धीरे उनके शरीर में गम्भीर बीमारियां फैलने लगती है। आपको बताते चले कि ऐसा नहीं है कि नगर निगम के अधिकारी और कम्पनी को ये सब नहीं पता था उनको सब कुछ पता था और पता होते हुए भी जानबूझ कर इस जहर रूपी आरडीएफ को तालाब में डाला गया ताकि आसपास के लोग इस ग्रसित हो जाए और ये सरकारी पैसे का गबन कर पाए। मगर देखने वाला कोई नहीं है। क्यों डंपिंग यार्ड प्रभारी खुद दयाचरण एंड कम्पनी पर मेहरबान थे, सब कुछ उनकी देखरेख में हो रहा था। तो फिर उन्हें डर कहे का। इसलिए जिस चीज का टेंडर उन्हें दिया गया था उसका निस्तारण न करते हुए उल्टा उसे जनता को मारने के लिए वही डाल दिया गया।

ताकि उनकी जेब भर सके। ऐसे ही अधिकारियों के कारण आज हमारे देश में जगह जगह समय से पहले लोग मर रहे है। जानबूझ कर किए गए इस कृत्य और सरकारी पैसे के गबन करने वालों पर उच्च अधिकारियों को उचित कार्यवाही कर दंड देना चाहिए।

# चंबल और उटंगन के जलस्तर में उफान से किसानों के बाजरा की फसल हुई जलमग्न



**आगरा।** ।पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र से बहने वाली चंबल नदी का जलस्तर बीते दो दिनों में तेजी से बढ़ा है। राजस्थान के कोटा बैराज से दो लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद नदी का जलस्तर 121 मीटर तक पहुंच गया। फिलहाल चंबल का स्तर स्थिर है, लेकिन खतरे की स्थिति बनी हुई है। राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश के चलते उटंगन नदी में भी जलस्तर तेजी से बढ़ा है। नदी के उफान से कई गांवों की पुलियाओं पर पानी बह रहा है, जिससे आवाजाही बंद हो गई है। ग्रामीणों को अब अपने ही क्षेत्र में आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उटंगन नदी के उफान से नदी किनारे बसे गांवों के बाजरा सहित अन्य फसलों वाले खेतों में पानी भर गया है। इससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरने की आशंका बढ़ गई है। खेतों में पानी रुकने से फसलें सड़ने का खतरा भी बना हुआ है। चंबल, यमुना और उटंगन नदी क्षेत्रों में प्रशासन ने संभावित खतरे को देखते हुए बाढ़ चौकियां सक्रिय कर दी हैं। निगरानी दल लगातार जलस्तर पर नजर बनाए हुए हैं और प्रभावित क्षेत्रों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। चंबल नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण स्टीमर सेवा बंद कर दी गई है, जिससे कांवड़ यात्रा पर निकले श्रद्धालु और ग्रामीण यात्रियों को परेशानी हो रही है। लोग प्रशासन से जल्द स्टीमर सेवा दोबारा चालू करने की मांग कर रहे हैं ताकि आवागमन सामान्य हो सके। जलस्तर बढ़ने से कई संपर्क मार्गों पर पानी भरने की स्थिति बन गई है। यदि यही हालात रहे तो कई गांवों का आपस में संपर्क कट सकता है।

## भाजपा पदाधिकारियों ने किया पौधरोपण



**टूंडला।** नगर के शक्तिकेन्द्र एनसीआर कॉलेज के बूथ संख्या 160 पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के निमित्त पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर प्रत्येक बूथ पर पौधारोपण किया जा रहा है जिसमे समस्त भाजपा कार्यकर्ता एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधारोपण कर रहे है।

वृक्ष धरती के आभूषण होते हैं उनके द्वारा हम सभी को शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त होता है। हर व्यक्ति को अपने जीवनकाल में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और जब तक वह पेड़ बड़ा न हो जाए तब तक उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता सुशील चक,रामतीर्थ सिंह चक,संजीव दीक्षित गुड्डा,प्रेमचंद्र शास्त्री,रिंकू उपाध्याय विष्णु तिवारी सोनू कश्यप,अग्रज जैन,विनोद बाबू,दीपक ठेनुआ,विकास बाल्मीकि, आदि लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जागरूकता शिविर का शुभारंभ




**फिरोजाबाद ।** जन आधार कल्याण समिति द्वारा रोवर्स रेंजर्स एनएसएस एनसीसी के छात्र छात्राओं और विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों के साथ सीएल जैन महाविद्यालय में कार्यक्रम रेड टेप मूवमेंट व एक पेड़ प्रकृति के नाम के साथ साथ विधिक जागरुकता साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें, वरिष्ठ समाज सेविका जया शर्मा प्राचार्य वैभव जैन विवेक शर्मा मयंक वर्मा व अन्य संस्था सदस्यों ने रेड टेप मूवमेंट व ₹एक पेड़ प्रकृति के नाम₹ रोपित करते हुए कैंपस में एंटी वायरस पार्क की स्थापना की और आगामी 13 सितंबर को आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु बैनर व विधिक जागरूकता शिविर का शुभारंभ किया। तथा कानूनी अधिकारों के साथ साथ लोक अदालत की प्रक्रिया लाभ कानूनी अधिकारों एवं सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के विषय में विस्तार से समझाया। शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण के पराविधिक स्वयंसेवक प्रवीन कुमार शर्मा व समाज सेविका जया शर्मा ने बताया कि आगामी 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत न्यायपालिका की एक सुलभ और प्रभावी व्यवस्था है, जिसमें विवादों का निस्तारण आपसी सहमति से कराया जाता है। यह प्रक्रिया पारंपरिक अदालतों की तुलना में अधिक तेज और बिना किसी आर्थिक बोझ के होती है। लोक अदालत में होने वाले समझौतों को अंतिम निर्णय की तरह माना जाता है। उन्होंने बताया कि, लोक अदालत के माध्यम से बिजली और पानी के बिल, बैंक ऋण चेक बाउंस पारिवारिक विवाद और मोटर दुर्घटना मुआवजा जैसे मामलों का समाधान किया जाता है। इसके लिए न तो पक्षकारों से कोई फीस ली जाती है और न ही लंबी अदालती कार्यवाही का सामना करना पड़ता है। साथ ही उन्होंने युवाओं से यह भी अपील की कि वे इस जानकारी को अपने परिवार और आसपास के लोगों तक भी पहुंचाएं। ताकि, अधिक से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ ले सकें। इस अवसर पर मुख्य रूप से जन आधार कल्याण समिति सचिव प्रवीन कुमार शर्मा एवं डॉ. हेमलता यादव रसायन विज्ञान विभाग सहित श्रीमती डॉ.रश्मि जिंदल रसायन विज्ञान विभाग, डॉ. एसपी सिंह बॉटनी विभाग प्रो.जीसी शर्मा रसायन विज्ञान विभाग डॉ.एससी यादव भौतिक विभाग, पूजा त्यागी भौतिक विभाग डॉ.अरुण कुमार यादव कॉमर्स विभाग डॉ.कुबेर सिंह जूलॉजी व अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## गोवर्धन यात्रा पर निकले 17 श्रद्धालु घायल

मथुरा। गोवर्धन धार्मिक यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं की एक टोली उस समय हादसे का शिकार हो गई, जब उनकी ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा मंगलवार रात करीब 10 बजे सौंख-गोवर्धन मार्ग पर बाबा कढ़ेरा कॉलेज के समीप हुआ। दुर्घटना में ट्रैक्टर सवार 17 श्रद्धालु घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया ।बताया गया कि ट्रैक्टर सवार श्रद्धालु आगरा जनपद के किरावली थाना क्षेत्र के गांव सलेमाबाद निवासी हैं, जो ट्रैक्टर-ट्रॉली से गोवर्धन परिक्रमा के लिए रवाना हुए थे। जब ट्रॉली सौंख-गोवर्धन मार्ग पर बाबा कढ़ेरा कॉलेज के पास पहुंची, तभी सड़क पर अचानक एक सांप निकल आया। ट्रैक्टर चला रहे चालक की नजर जैसे ही सांप पर पड़ी, उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और ट्रॉली सड़क किनारे जाकर पलट गई।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली,माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम मनाया

**टूंडला।** स्कूल चलो अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय पचोखरा द्वितीय ब्लॉक टूंडला में रैली निकाली गई साथ ही आंगनबाड़ी के तहत माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस दौरान सभी बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की प्रधान अध्यापिका उर्वशी उपाध्याय ने किया ।सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति पाठक व नोडल एस आर जी प्री प्राइमरी जया शर्मा एआरपी जितेंद्र दुबे ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान अध्यापिका उर्वशी उपाध्याय व समस्त स्टाफ द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

सभी माताओं को जागरूक करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ज्योति पाठक ने कहा कि, शिक्षा का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हुए उन्हें निखारना है साथ ही सभी बच्चों की माताओं से बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने व उनकी शैक्षिक गुणवत्ता के लिए समय समय पर स्कूल में भ्रमण कर शिक्षकों से संवाद स्थापित करने की बात कही ।बच्चों के विकास में सामुदायिक सहभागिता की भूमिका के महत्व को बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जितेंद्र दुबे मनोरमा नीलम व अन्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

## मैकडॉनल्ड्स इंडिया (नॉर्थ एंड ईस्ट) का नया कैम्पेन लॉन्च

नई दिल्ली। मैकडॉनल्ड्स इंडिया (नॉर्थ एंड ईस्ट) ने बॉलीवुड के सुपरस्टार रणवीर सिंह के साथ मिलकर अपना नवीनतम कैंपेन लॉन्च किया है, जिसमें हाल ही में लॉन्च किए गए द रणवीर सिंह मील को शामिल किया गया है। अनोखे, दिल छूलेने वाले और जोश से भरपूर इसमें मौज-मस्ती, ऊर्जा और स्वाद को खास रणवीर स्टाइल में दिखाया गया है। मैकडॉनल्ड्स के ग्लोबल फेमस ऑर्डर्स से प्रेरित यह लिमिटेड-टाइम ऑफरिंग प्रशंसकों के भरोसे और उस खास जुड़ाव पर आधारित है, जो लोग मैकडॉनल्ड्स के साथ महसूस करते हैं। इसमें खुशी और पुरानी यादों के असली पलों की झलक दिखती है। टीवीसी में यह सब मैकडॉनल्ड्स के किसी सच्चे प्रशंसक की नजरों से दिखाया गया है। द रणवीर सिंह मील में मैकडॉनल्ड्स का क्लासिक मैकवेजी एवं मैकचिकन शामिल है, जिन्हें चिली और क्रीमी एक्सप्लोड सॉस और क्रिस्पी अनियन टॉपिंग के साथ थोड़ा और खास बनाया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय जावा येजदी दिवस मना

बंगलुरु। भारत के कोने-कोने से राइडर्स ने मिलकर अंतरराष्ट्रीय जावा-येजदी दिवस के तौर पर मनाया। मणिपुर की पहाड़ियों से सुबह-सुबह की राइड हो या कोच्चि की गलियों और कोंकण के समुद्रतटों पर शाम की सवारी, क्लासिक, मोटरसाइकिल ब्रांड जावा और येजदी के फैंस शानदार स्टाइल में, रेट्रो शैली में, गर्व से राइडिंग करते हुए दिखाई दिए। युवा राइडर्स की यह बढ़ती रुचि इस बात को दर्शाती है कि क्लासिक मोटरसाइकलिंग उम्र या पुरानी यादों से नहीं, बल्कि चरित्र से जुड़ी है। क्लासिक और नियो-क्लासिक बाइक्स किसी गहरी बात को बयां करती हैं।

## ओबेन इलेक्ट्रिक ने बढ़ाया डिजिटल ईवी बिक्री का दायरा

नई दिल्ली। ओबेन इलेक्ट्रिक ने अपनी पॉपुलर सिटी कम्यूटर इलेक्ट्रिक बाइक रोर ईजेड को अब अमेजन पर उपलब्ध करवा दिया है। यह कदम ओबेन इलेक्ट्रिक की उस रणनीति का हिस्सा है,



जिसके तहत कंपनी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के जरिए देशभर में इलेक्ट्रिक वाहनों की पहुंच बढ़ाना चाहती है। इस लॉन्च के साथ ओबेन इलेक्ट्रिक ने ई-कॉमर्स की ताकत और भरोसे को मिलाकर अपनी इलेक्ट्रिक बाइक को खरीदना और भी आसान बना दिया है। यह खासकर उनके लिए फायदेमंद है जो ऑनलाइन शॉपिंग करते हैं या पहली बार इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं। अब रोर ईजेड बाइक की बुकिंग अमेजॉन पर शुरू हो गई है। पहले मॉडल की कीमत रुपये 1,19,999 है जबकि दूसरे मॉडल की कीमत रुपये 1,29,999 है।

## माइथोलॉजिकल क्राइम-थ्रिलर मंडला मर्डर्स का ट्रेलर हुआ रिलीज

नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स के माइथोलॉजिकल क्राइम-थ्रिलर, मंडला मर्डर्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस सीरीज के प्रोड्यूसर वाईआरएफ एंटरटेनमेंट और डायरेक्टर गोपी पुथरन एवं मनन रावत हैं। इस दिलचस्प सीरीज में मुख्य भूमिका वाणी कपूर ने निभाई है। वैभव राज गुप्ता और सुरवीन चावला भी मुख्य किरदारों में शामिल हैं। मंडला मर्डर्स में एक अजीब और रहस्यमयी शहर, चरणदासपुर की कहानी है। यहाँ दो अफसर सदियों से रहस्य के पीछे छिपी एक सोसाइटी से जुड़ी हत्याओं की खौफनाक साजिश का पदार्फाश करते हैं। सीरीज में श्रिया पिलगांवकर, सिद्धांत कपूर, राहुल बग्गा, रघुबीर यादव और मोनिका चौधरी के किरदार भी काफी महत्वपूर्ण हैं।

## मार्शमेलो किसी भी चीज के लिए हमेशा तैयार रहता है

नई दिल्ली। अगर आप अपने दोस्तों के साथ किसी मजेदार और यादगार फिल्म आउटिंग की तलाश में हैं, तो Smurfs Movie बिल्कुल आपके लिए है। डायरेक्टर क्रिस मिलर कहते हैं , सबसे पहले तो, मार्शमेलो किसी भी चीज के लिए रेडी रहता है। वो टर्टल के किरदार में इतनी पॉजिटिव एनर्जी लाते हैं। ये कैरेक्टर स्मर्फ्स की दुनिया का बहुत प्यारा हिस्सा है। हमारे लिए बस एक ही चैलेंज था 'मार्शमेलो जैसे सिर वाले इंसान को माइक कैसे करें?' लेकिन हमने उसका भी हल निकाल लिया। अपनी म्यूज़िक की जानी-पहचानी वाइब और एनर्जी के साथ, मार्शमेलो टर्टल के रूप में स्मर्फ्स की दुनिया में एक नया मजा और जोश लेकर आते हैं। और जब बात हो रिहाना की, तो उनका म्यूज़िकल कमबैक भी इस फिल्म के साउंडट्रैक का हिस्सा है– जिससे ये फिल्म सिर्फ एक रीबूट नहीं, बल्कि एक पॉप कल्चर सेलिब्रेशन बन जाती है।

# सेंसेक्स में 64 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। सीमित कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मामूली 64 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 16 अंक का लाभ रहा। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख और शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं के बीच निवेशक बाजार से दूर रहे।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 63.57 अंक यानी 0.08 प्रतिशत बढ़कर 82,634.48 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 82,784.75 अंक तक गया और नीचे में 82,342.94 अंक तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 16.25 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 25,212.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स और आईटीसी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), सन फार्मा, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। घरेलू शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बुधवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव कम होने और आईटी शेयरों में खरीदारी को लेकर बढ़ती दिलचस्पी के साथ बाजार में तेजी रही। टेक महिंद्रा का वित्तीय परिणाम जारी होने से पहले उसका शेयर 1.94 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जून तिमाही में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़कर 1,128.8 करोड़ रुपये रहा है। इन्फोसिस में 1.5 प्रतिशत की तेजी आई, जिससे प्रमुख सूचकांक लाभ में रहे। भारत का वृहद आर्थिक परिदृश्य मजबूत बना हुआ है। मुद्रास्फीति में कमी, कम ब्याज दर, बेहतर मानसून और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से इसे समर्थन मिल रहा है। लगातार आठ महीनों से मुद्रास्फीति में गिरावट ने बाजार को बढ़ावा दिया है। हालांकि, निवेशकों में उम्मीद के साथ सतर्क रुख बना हुआ है...अधिक मूल्यांकन वाले शेयर बाजार में कंपनियों का वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही का वित्तीय परिणाम बेहतर होना जरूरी है। इसके अलावा, शुल्क संबंधी चिंताओं के बीच वैश्विक धारणा मिली-जुली है...। मुद्रास्फीति के ऊंचा बने होने के कारण निकट भविष्य में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कम होने से भी बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई है। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.28 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.10 प्रतिशत के लाभ में रहा।

# सोने का भाव 500 रुपये टूटा, चांदी 1000 रुपये गिरी



नयी दिल्ली। स्टॉकिस्ट के स्तर पर लगातार बिकवाली होने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में 500 रुपये गिरकर 98,870 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये गिरकर 99,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को चांदी भी 1,000 रुपये घटकर 1,11,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। मंगलवार को चांदी 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके उलट, वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना 16.41 डॉलर यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 3,341.37 डॉलर प्रति औंस हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई शुल्क धमकियों के कारण सोना बढ़कर 3,346 डॉलर प्रति औंस हो गया। ट्रंप ने महीने के अंत तक दवाओं पर संभावित शुल्क लगाने का संकेत देने के साथ सेमीकंडक्टर पर अतिरिक्त शुल्क लगाने पर विचार करने की बात कही है। वैश्विक स्तर पर, हाजिर चांदी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 38.05 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। सोने में मजबूती आ रही है जबकि चांदी में तेजी आ रही है। चांदी की कीमतें 39 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गईं, जो निवेशकों की नई दिलचस्पी का संकेत है। हालिया तेजी की मजबूती और सोने एवं चांदी की कीमतों का अनुपात लगभग 85 तक गिर जाने के बीच चांदी अब सोने के मुकाबले ज्यादा सस्ती नहीं लगती है।

## चिली और पेरू के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौतों पर अगले दौर की वार्ता अगस्त में

नयी दिल्ली। भारत और दो दक्षिण अमेरिकी देशों चिली और पेरू के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौतों पर अगले दौर की वार्ता अगस्त में होगी। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। दोनों देशों से अलग-अलग बातचीत जारी है।

अधिकारी ने बताया कि भारत-चिली के बीच दूसरे दौर की वार्ता जबकि भारत-पेरू के बीच आठवें दौर की वार्ता अगस्त में होगी। भारत और चिली ने मई में प्रस्तावित व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर पहले दौर की वार्ता की थी। दोनों देशों ने 2006 में एक तरजीही व्यापार समझौता (पीटीए) लागू किया था और अब एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए इसके दायरे को बढ़ाने पर बातचीत जारी है। इसके बाद सितंबर, 2016 में एक विस्तारित पीटीए पर हस्ताक्षर किए गए। यह 16 मई, 2017 को प्रभावी हो गया। सीईपीए का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मौजूदा पीटीए को आगे बढ़ाना है और डिजिटल सेवाओं, निवेश संवर्धन और सहयोग, एमएसएमई और महत्वपूर्ण खनिजों सहित क्षेत्रों की एक व्यापक श्रृंखला को शामिल करना है। चिली लातिनी अमेरिकी क्षेत्र में भारत का पांचवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दूसरी ओर, पेरू लातिनी अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्रों में भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है।

## रुपया 18 पैसे टूटकर 85.94 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को 18 पैसे टूटकर 85.94 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं के बीच प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा में मजबूती से रुपये पर दबाव बढ़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि विदेशी पूंजी प्रवाह में वृद्धि और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से हालांकि घरेलू मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 86.02 पर कमजोर रुख के साथ खुला। कारोबार के दौरान यह 85.74 से 86.05 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 85.94 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 18 पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को 16 पैसे की बढ़त के साथ 85.76 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। हम व्यापार समझौते के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि निवेश और विदेशी कोषों की निकासी के कारण रुपया 85.70 से 86.10 के बीच कारोबार कर रहा है। हमारा अनुमान है कि रुपया बृहस्पतिवार को भी इसी दायरे में रहेगा। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.54 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 63.57 अंक की बढ़त के साथ 82,634.48 अंक पर जबकि निफ्टी 16.25 अंक चढ़कर 25,212.05 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 68.53 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक मंगलवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 120.47 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन चार प्रतिशत पर रहेगी

कोलकाता। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन चार प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 4.6 प्रतिशत थी।

क्रिसिल ने अपनी नवीनतम अध्ययन रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के सामान्य से बेहतर मानसून के पूर्वानुमान को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में खाद्य मुद्रास्फीति कम रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, जिंस उत्पादों के दाम कम होने से गैर-खाद्य मुद्रास्फीति भी इस दौरान कम रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) प्रमुख ब्याज दर के संबंध में कोई भी निर्णय करते समय खुदरा मुद्रास्फीति को ही आधार बनाती है। क्रिसिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, इसमें गिरावट का जोखिम बना हुआ है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अमेरिका में सीमा शुल्क बढ़ाए जाने को निर्यात के लिए जोखिम के रूप में देखा जा रहा है, जबकि बढ़िया मानसून एवं रेपो दर में कटौती जैसे घरेलू कारक वृद्धि के लिए मददगार साबित होंगे। रिपोर्ट कहती है कि प्रणाली में सहयोगी तरलता होने से अर्थव्यवस्था की वित्तीय स्थिति में मदद मिलनी चाहिए, लेकिन रुपये के साथ पूंजी प्रवाह में भी उतार-चढ़ाव की आशंका है। बैंक ऋण वृद्धि कमजोर बनी हुई है।

## आरबीआई की प्रतिबद्धता से ब्याज दर कटौती का लाभ आसानी से मिलेगा: फिच

नयी दिल्ली। फिच रेटिंग्स ने बुधवार को कहा कि आरबीआई के 2025 की शुरुआत से बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नगदी डालने और प्रणाली में पर्याप्त नगदी बनाए रखने की प्रतिबद्धता से 2025 में ब्याज दरों में एक प्रतिशत की कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के माध्यम से 2025 में लगभग 5.6 लाख करोड़ रुपये का टिकाऊ वित्तपोषण किया है, जिसके परिणामस्वरूप मार्च से प्रणाली में अधिशेष नगदी हो गई है।

वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने कहा कि नकद-आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में एक प्रतिशत की कटौती करने के उसके निर्णय से चरणबद्ध तरीके से लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये की नगदी जारी होगी। फिच ने बयान में कहा कि जनवरी 2025 से बैंकिंग प्रणाली में आरबीआई द्वारा पर्याप्त नगदी डाले जाने तथा भविष्य में पर्याप्त नगदी उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता से वित्तपोषण की स्थिति काफी आसान हो गई है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि ये उपाय अक्टूबर 2024 की रिपोर्ट के बाद से आरबीआई के नगदी रुख में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देते हैं, क्योंकि इसका उद्देश्य वित्तपोषण लागत दबावों को बढ़ाए बिना ऋण वृद्धि को बढ़ावा देना है।

## टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया ऑल-न्यू टाटा ऐस प्रो



लखनऊ। टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू टाटा ऐस प्रो लॉन्च करके छोटे कार्गो परिवहन में एक नये युग की शुरूआत की है। टाटा ऐस प्रो केवल 3.99 लाख रुपये की शुरूआती कीमत में लॉन्च किया गया है और भारत का सबसे सस्ता फोर-व्हील मिनी ट्रक है। यह शानदार दक्षता, लचीलापन और बेहतरीन मूल्य देता है। ऐस प्रो को लॉन्च करते हुए, टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव ऑफीसर गिरीश वाघ ने कहा कि नए उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया, टाटा ऐस प्रो पेट्रोल, बाय-फ्यूल (सीएनजी + पेट्रोल) और इलेक्ट्रिक वैरिएंट्स में उपलब्ध है। ग्राहक उनकी व्यावसायिक जरूरतों के मुताबिक अपनी पसंद का वैरिएंट चुन सकते हैं। ग्राहक टाटा मोटर्स के देशभर में फैले 1250 कॉमर्शियल व्हीकल्स सेल्स टचप्वाइंट्स या टाटा मोटर्स के ऑनलाइन सेल्स प्लेटफॉर्म, फ्लीट वर्स, पर अपने पसंदीदा ऐस प्रो वैरिएंट को बुक कर सकते हैं। टाटा ऐस प्रो को खरीदना बेहद आसान है, कंपनी ने प्रमुख बैंकों और एनबीएफसी के साथ साझेदारी की है, जिससे ग्राहकों को लोन के लिए फौरन मंजूरी मिलेगी, उन्हें पास ईएमआई के लचीले विकल्प होंगे और उनकी जरूरतों के अनुसार फंडिंग सपोर्ट मिलेगा। टाटा ऐस ने भारत में कार्गो परिवहन को बदल दिया था। पिछले 20 सालों में, इसने 25 लाख से ज्यादा उद्यमियों को सशक्त किया है और यह प्रगति एवं संभावना का प्रतीक बन चुका है। नया टाटा ऐस प्रो इस विरासत को नई पीढ़ी के लिए और बेहतर बनाता है। यह स्थिरता, सुरक्षा और लाभ देने के लिए बनाया गया है, इससे महत्वाकांक्षी उद्यमियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए ज्यादा कमाई की संभावनाएं बढ़ती हैं।

## ट्रंप की अफ्रीका, कैरिबियाई देशों सहित छोटे देशों पर 10 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाने की योजना



वॉशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि उनकी योजना अफ्रीका और कैरिबियाई देशों सहित छोटे देशों पर 10 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाने की है।

ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि हम संभवतः उन सभी के लिए एक शुल्क निर्धारित करेंगे। उन्होंने कहा कि कम से कम 100 देशों के सामान पर यह 10 प्रतिशत से थोड़ा अधिक शुल्क लागू हो सकता है। मौके पर मौजूद वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि जिन देशों के उत्पादों पर इन दरों पर कर लगाया जाएगा, वे अफ्रीका और कैरिबियाई देश होंगे जो आमतौर पर अमेरिका के साथ अपेक्षाकृत मामूली स्तर पर व्यापार करते हैं। शेष विश्व के साथ व्यापार असंतुलन को कम करने के ट्रंप के लक्ष्यों को पूरा करने में इनकी अपेक्षाकृत अधिक भूमिका नहीं होगी। राष्ट्रपति ने इस महीने करीब 24 देशों और यूरोपीय संघ को पत्र भेजे हैं, जिनमें एक अगस्त से लागू होने वाले शुल्क दर का ब्योरा है। ट्रंप ने साथ ही कहा कि वह संभवतः इस महीने के अंत में दवाओं पर शुल्क की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह कम शुल्क दरों से शुरुआत करेंगे और कंपनियों को उच्च आयात कर दरों का सामना करने से पहले घरेलू स्तर पर कारखाने खोलने के लिए एक साल का समय देंगे। ट्रंप ने कहा कि कंप्यूटर चिप पर भी इसी तरह के शुल्क लगेंगे। गौरतलब है कि अमेरिका ने कई देशों पर बढ़ाए गए शुल्क को टालने की अवधि एक अगस्त तक बढ़ा दी है जो नौ जुलाई को समाप्त हो रही थी। इन देशों के साथ व्यापार समझौतों को अंजाम देने के मद्देनजर इन्हें और समय के लिए टाला गया है।

## पेज एक का शेष

### ड्रोन में

के बीच हुए सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में हो रहा है जिसमें ऑपरेशन सिंदूर भी शामिल है। इस संघर्ष ने यूएवी और सी-यूएएस के सामरिक महत्व और परिचालन प्रभावशीलता को रेखांकित किया। उद्घाटन सत्र में अपने मुख्य संबोधन में सीडीएस ने कहा कि ड्रोन वास्तविकता का प्रमाण हैं और हाल के संघर्षों में उनके व्यापक उपयोग ने दिखाया है कि कैसे ड्रोन युद्ध के रणनीतिक संतुलन को गैर आनुपातिक रूप से प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा ड्रोन का असमान उपयोग बड़े प्लेटफॉर्म को संवेदनशील बना रहा है और सेनाओं को हवाई रणनीतिक सिद्धांत, सी-यूएएस के विकास और इसके अनुकूल युद्ध कौशलों के वैचारिक पहलुओं पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित करता है। सीडीएस ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने 10 मई को हथियार रहित ड्रोन का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, हालांकि उनमें से कोई भी वास्तव में भारतीय सैन्य या नागरिक बुनियादी ढांचे को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सका। जनरल चौहान ने कहा उनमें से अधिकतर को मार गिराया गया जबकि कुछ को जस की तस अवस्था में बरामद किया गया। सीडीएस ने जोर देकर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया है कि हमारे भूभाग और हमारी जरूरतों के लिए स्वदेशी रूप से विकसित यूएएस, सी-यूएएस क्यों महत्वपूर्ण हैं।

### प्रदेश के

समझौता प्रदेश में डिजास्टर रिस्क रिडक्शन कार्यक्रमों को लागू करने, राज्य की संस्थागत क्षमता को सशक्त बनाने और बहुस्तरीय आपदा प्रबंधन व्यवस्था को तकनीकी दृष्टिकोण पर आधारित बनाने की दिशा में एक नई शुरूआत है। इस अवसर पर यूएनडीपी की भारत प्रमुख एवं रेजिडेंट रिप्रेजेंटेटिव एंजेला लुसीगी ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट कर सरकार की आपदा प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की और यूएनडीपी की ओर से राज्य को हरसंभव तकनीकी सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता और तत्परता इस समझौते को धरातल पर सफल बनाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने यह भी बताया कि यूएनडीपी तकनीकी सहायता के साथ-साथ नीति निर्माण, योजना विकास और जमीनी कार्यान्वयन तक हर स्तर पर उत्तर प्रदेश सरकार के साथ सहयोग करेगा। इस समझौते का उद्देश्य राज्य के विभिन्न स्तरों पर डिजास्टर रिस्क रिडक्शन कार्यक्रमों की व्यापक श्रृंखला को लागू करना है, जिससे राज्य की आपदा प्रबंधन प्रणाली अधिक समावेशी, जवाबदेह और प्रभावी बन सके। इसके अंतर्गत जिला और विभागीय स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाओं के विकास से लेकर जोखिम मूल्यांकन, सूचना प्रणाली के सुदृढ़ीकरण, प्रशिक्षण, संसाधन क्षमता निर्माण, अर्ली वार्निंग सिस्टम की स्थापना तथा परियोजना प्रबंधन तक विभिन्न पहलों को क्रियान्वित किया जाएगा। यह साझेदारी राज्य को आपदा न्यूनीकरण के वैश्विक मानकों से जोड़ते हुए स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कार्यान्वयन में मदद करेगी। समझौते के प्रमुख बिंदुओं में 75 जिलों में जिला आपदा प्रबंधन योजनाओं और 15 विभागों की विभागीय आपदा प्रबंधन योजनाओं का विकास शामिल है। राज्य के 10 विभागों के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा। साथ ही 20 प्रमुख शहरों में संभावित आपदाओं को ध्यान में रखते हुए जोखिम व संवेदनशीलता का मूल्यांकन कराया जाएगा। इन्हीं शहरों में शहरी आपदा प्रबंधन योजनाएं भी विकसित की जाएंगी। तकनीकी मोर्चे पर, राज्य स्तर की आपदा सूचना प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु इसे एकीकृत किया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं, मूल्यांकन अध्ययन, आवश्यक आईसीटी उपकरणों की उपलब्धता तथा राहत आयुक्त कार्यालय में परियोजना प्रबंधन यूनिट की स्थापना की जाएगी, ताकि सभी गतिविधियाँ सुगठित एवं प्रभावशाली ढंग से संचालित हो सकें। कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए प्रदेश सरकार की ओर से आगामी तीन वर्षों में कुल 19.99 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह धनराशि चरणबद्ध तरीके से व्यय की जाएगी और यूएनडीपी की ओर से प्रस्तुत तकनीकी प्रस्तावों के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

### नगर विकास

तथा उप नगर आयुक्त, नगर निगम, वाराणसी के विरुद्ध गंभीर अनियमितताओं के आरोपों को ध्यान में रखते हुए उनके खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि शक्ति का दुरुपयोग, अनुशासनहीनता और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की उपेक्षा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नगर पंचायत कांट (शाहजहांपुर) की अध्यक्ष मुनरा बेगम अपने स्वास्थ्य कारणों को कारण बताकर गत 27 फरवरी 2024, 3 सितंबर 2024, 23 नवंबर 2024, 27 जनवरी 2025 तथा 7 अप्रैल 2025 को 14 बोर्ड बैठकों में सशरीर उपस्थित नहीं रहीं। इसके बदले उन्होंने रईस मियां को ऑडियो कॉल से वर्चुअली बैठकों में प्रतिनिधि के रूप में प्रतिभाग कराने का माध्यम चुना, जो नगर पालिका अधिनियम, 1916 में मान्य नहीं है। मुख्य विकास अधिकारी की जांच रिपोर्ट को जिलाधिकारी शाहजहांपुर ने शुक्रवार को शासन के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन करार दे दिया गया है। इस संबंध में अध्यक्ष के खिलाफ कारण बताओ नोटिस के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही की सिफारिश की गई है।

### ट्रक चालक को

यादव और आनंद कुमार (सभी हेड कांस्टेबल) और कांस्टेबल हरिओम, अतुल सचान, सोनू यादव, उमा शंकर दीक्षित, महिला कांस्टेबल रिंकी रानी और आराधना के रूप में हुई है। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि मवेशियों से भरा एक ट्रक सारसौल से रामादेवी-भुंती राजमार्ग होते हुए अलीगढ़ जा रहा था और वह बर्रा राजमार्ग पर पहुंचा ही था कि पुलिस दल ने उसे रोक लिया। बाद में हनुमंत विहार थाने से जुड़ी कुछ और पुलिस गाड़ियां वहां पहुंचीं और पुलिसकर्मियों ने पुलिस कार्रवाई की धमकी देते हुए धन की मांग की। जब चालक और उसके सहायक ने रिश्वत देने से इनकार कर दिया तो पुलिसकर्मियों ने उजैर एवं लक्ष्मण को वाहन से बाहर निकाला और उनकी पिटाई की। पीड़ितों के खिलाफ पशु क्रूरता के आरोप में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बताया कि उजैर और लक्ष्मण ने अपना एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच शुरू की।

### किसानों की

जिले में योजना की प्रगति की निगरानी मासिक आधार पर एक डैशबोर्ड के माध्यम से 117 प्रमुख संकेतकों पर की जाएगी। नीति आयोग इन जिला योजनाओं की समीक्षा और मार्गदर्शन करेगा। इसके अलावा प्रत्येक जिले के लिए नियुक्त केंद्रीय नोडल अधिकारी भी नियमित आधार पर इसकी समीक्षा करेंगे। आधिकारिक बयान के मुताबिक इन 100 जिलों में लक्षित परिणामों में सुधार होने के साथ ही देश के लिए प्रमुख निष्पादन संकेतकों के संदर्भ में समग्र औसत में वृद्धि होगी। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना से कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में उत्पादकता में वृद्धि, मूल्य संवर्धन और स्थानीय आजीविका का सृजन होगा। इस तरह से घरेलू उत्पादन बढ़ेगा और आत्मनिर्भरता हासिल होगी।

एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) में 7,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की अनुमति दी गई है। इससे एनआईआरएल को पूर्व अनुमोदन की जरूरत के बिना सीधे या संयुक्त उद्यमों के गठन के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं में निवेश करने की अनुमति मिल गई है।

### आकाश प्राइम

किए गए हवाई हमलों को इस प्रणाली ने सफलतापूर्वक नाकाम किया था। आकाश प्राइम सिस्टम भारत की रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भर बनने की बड़ी कोशिश का हिस्सा है, खासकर वायु सुरक्षा जैसे अहम क्षेत्र में। अधिकारियों ने बताया कि स्वदेशी रूप से विकसित आकाश सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम पाकिस्तान की तरफ से पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर किए गए कई ड्रोन हमलों को रोकने में बहुत मददगार साबित हुआ है।

### जम्मू-कश्मीर में

अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले के संबंध में की गई। प्रवक्ता ने बताया कि कुर्क की गई संपत्तियां हरवानी खानसाहिब निवासी मंजूर अहमद चोपन उर्फ रईस (दो मंजिला मकान), चेवा बडगाम निवासी मोहम्मद यूसुफ मलिक उर्फ मोलवी (दो मंजिला मकान, 5 कनाल और 13 मरला जमीन) और नागबल खाग निवासी बिलाल अहमद वानी उर्फ उमर (19.5 मरला जमीन) की हैं। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां चला रहे ये आतंकवादी आका कई वर्षों से केंद्र शासित प्रदेश में अपने गुर्गों के जरिये गतिविधियों को संचालित कर रहे हैं।

### पौधरोपण से ही

फॉर एनवायरनमेंट और एक पेड़ मां के नाम जैसी पर्यावरणीय पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार भी इन्हीं सिद्धांतों पर काम कर रही है। इस वर्ष भारतभर में 108 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य में पर्यावरण संरक्षण के लिए 'स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (एसएआरआरए)' का गठन किया गया है, जिसके तहत 6,500 से अधिक जल स्त्रोतों का संरक्षण और 3.12 मिलियन घन मीटर वर्षा जल का संचयन किया गया है।

### झारखंड में

अब भी जारी है। गुप्ता ने कहा कि झारखंड में नक्सल की 95 प्रतिशत समस्या समाप्त की जा चुकी है। उन्होंने कहा, जनवरी से अब तक 20 से अधिक शीर्ष नक्सली या तो मारे गए हैं या गिरफ्तार किए गए हैं या फिर उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शरीर रांची लाया गया और जवान को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

### एटीएस की

वापस लेने का दबाव बनाने के लिए हरैया निवासी एक महिला से उसके विरुद्ध दुराचार का मुकदमा भी दर्ज कराया था। मंगलवार को पुलिस ने हरजीत की तहरीर पर चिचूढ़ी सहंगिया निवासी रियाज, कमालुद्दीन व महुआ बाजार निवासी नव्वाब के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक विजयराज सिंह ने बताया कि पीड़ित ने सात जुलाई को अपने साथ हुई घटना की तहरीर दी थी जिस पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### छांगुर की

और गतिविधियों का खुलासा हो सके। एटीएस की सात दिन की पूछताछ में यह स्पष्ट हो गया है कि छांगुर बाबा का नेटवर्क सिर्फ उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं था, बल्कि यह कई राज्यों में फैला हुआ था। जांच में कई बैंक खातों और संदिग्ध ट्रांजैक्शन का पता चला है। गिरोह किन-किन राज्यों में सक्रिय था, कितने सदस्य इससे जुड़े हैं, किस माध्यम से पैसा आ रहा था और इसका उपयोग कैसे हो रहा था। इन सब पहलुओं पर एटीएस ने महत्वपूर्ण सुराग इकट्ठा किए हैं। माना जा रहा है कि अगर रिमांड कुछ और दिन बढ़ती है तो कई और सनसनीखेज खुलासे संभव हैं।




# पंत और नायर के आउट होने से इंग्लैंड के लिए जीत का रास्ता खुला : शास्त्री

लंदन, 16 जुलाई (भाषा) भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि पहली पारी में ऋषभ पंत के आउट होने और दूसरी पारी में करुण नायर के विकेट से लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के लिए जीत का रास्ता खुला। इंग्लैंड ने 193 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे भारत को 170 रन पर आउट करके 22 रन से जीत हासिल की और इस तरह से पांच मैचों की



श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली।

शास्त्री ने द आईसीसी रिव्यू में कहा, इस टेस्ट मैच में मेरे लिए पहला टर्निंग प्वाइंट ऋषभ पंत का आउट होना (पहली पारी में) था।

शास्त्री ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की सूझबूझ की सराहना की, जिन्होंने तीसरे दिन लंच के समय पंत को 74 रन पर रन आउट किया। उन्होंने कहा बेन स्टोक्स ने पंत को रन आउट करने के लिए अद्भुत सूझबूझ का परिचय दिया। अगर यह विकेट नहीं गिरता तो भारत अच्छी स्थिति में पहुंच जाता। करुण और केएल राहुल ने चौथे दिन दूसरी पारी में भारत का स्कोर एक विकेट पर 41 रन तक पहुंचाया था, लेकिन तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स की गेंद पर करुण ने कोई शॉट नहीं खेला और पगबाधा आउट करार दे दिए गए। इससे भारतीय आपरी लड़खड़ा गई और इंग्लैंड को वापसी करने का मौका मिल गया। शास्त्री ने कहा करुण नायर की एकाग्रता को लेकर यह बहुत बड़ी चूक थी। उन्होंने एक सीधी गेंद को छोड़ दिया और इंग्लैंड के लिए रास्ता खोल दिया।

मैच का वह महत्वपूर्ण दौर था और मुझे लगता है कि इससे मैच की स्थिति बदल गई। पूर्व भारतीय कप्तान ने यह भी कहा कि भारतीय शीर्ष क्रम को दूसरी पारी में थोड़ी अधिक समझदारी दिखानी चाहिए थी। शास्त्री ने कहा, क्योंकि हमने देखा कि जब सिराज ने बल्लेबाजी की, जब बुमराह ने बल्लेबाजी की, जब जडेजा ने बल्लेबाजी की, एक बार जब गेंद 40 ओवर पुरानी हो गई, तो उन्होंने शायद ही कोई गलती की। उन्होंने कहा, उनका डिफेंस काफी मजबूत था और पांचवें दिन लंच के समय लग रहा था कि मैच अगले 10 मिनट में समाप्त हो जाएगा। ऐसे में 82 या 83 रन के अंतर को 22 रन



पर लाना बड़ी उपलब्धि थी। इससे पता चलता है कि यदि चौथे दिन शीर्ष क्रम ने थोड़ी दृढ़ता दिखाई होती तो यह मैच भारत जीत जाता।

शास्त्री ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की सूझबूझ की सराहना की, जिन्होंने तीसरे दिन लंच के समय पंत को 74 रन पर रन आउट किया। उन्होंने कहा बेन स्टोक्स ने पंत को रन आउट करने के लिए अद्भुत सूझबूझ का परिचय दिया।

## संक्षेप

### अमेरिकी ओपन में भाग्य आजमायेंगे 10 पूर्व चैंपियन

न्यूयॉर्क। गत चैंपियन यानिक सिनर और एरीना सबालेंका उन 10 पूर्व अमेरिकी ओपन विजेताओं में शामिल हैं, जो अगले महीने होने वाले वर्ष के इस अंतिम ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे। अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने 24 अगस्त से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की प्रवेश सूची जारी की है जिसमें 18 पूर्व ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में सीधा प्रवेश 14 जुलाई तक की रैंकिंग पर आधारित था। पुरुषों के लिए कटऑफ 101 और महिलाओं के लिए 99 नंबर था। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने हाल में विंबलडन फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ को हराकर अपना चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका विंबलडन के सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा से हार गईं, जो सातवें नंबर पर हैं और शीर्ष आठ में शामिल चार अमेरिकी महिला खिलाड़ियों में से एक हैं। अमेरिका के सर्वाधिक 30 खिलाड़ियों (16 महिला, 14 पुरुष) को सीधे प्रवेश मिला है।

### हीरो डब्ल्यूपीजीटी में अमनदीप ने बनायी बढ़त

होसुर (तमिलनाडु)। भारतीय गोल्फर अमनदीप द्राल ने बुधवार को यहां महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के नौवें चरण के पहले दौर में तीन अंडर 69 का शानदार कार्ड खेलकर दो शॉट की बढ़त बनाई। अमनदीप 16वें और 17वें होल में दो बोगी कर बैठीं लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अनुभवी नेहा त्रिपाठी और सहर अटवाल पर बढ़त बनाई जिन्होंने एक अंडर 71 के कार्ड खेले। पांच अन्य गोल्फर विधात्री उर्स, अनघा वेंकटेश, जैस्मिन शेखर, स्नेहा सिंह और जाह्नवी वालिया इवन पार 72 के कार्ड से संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

### धीमी ओवर गति के कारण इंग्लैंड के अंक कटे

लंदन। इंग्लैंड की टीम बुधवार को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में एक पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गई क्योंकि लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के कारण उसके दो अंक काट दिए गए। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम पर टेस्ट के बाद मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। इंग्लैंड ने यह मैच 22 रन से जीता था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने इंग्लैंड पर यह जुर्माना लगाया क्योंकि उसकी टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे। भारत अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। आईसीसी ने एक बयान में कहा खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की न्यूनतम ओवर गति से जुड़ी धारा 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इसमें कहा गया है, इसके अलावा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की खेल शर्तों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम होने पर टीम का प्रत्येक ओवर के लिए एक अंक काट दिया गया है। इस तरह से इंग्लैंड के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कुल अंकों में से दो अंक काट दिए गए हैं। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में इंग्लैंड के से 24 से घटकर 22 हो गए हैं। इस कारण उसका अंक प्रतिशत (पीसीटी) 66.67 प्रतिशत से घटकर 61.11 प्रतिशत हो गया। श्रीलंका को इसका फायदा मिला जिसका प्रतिशत 66.67 है।

# भारत को इंग्लैंड ने ड्रॉ पर रोका

**अंडर-19 : भारतीय टीम ने इंग्लैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था, इंग्लैंड ने 63 ओवर में सात विकेट पर 270 रन बनाकर भारत को दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल**

एजेंसी

बेकेनहम (इंग्लैंड)। इंग्लैंड अंडर 19 ने कप्तान हमजा शेख के जुझारू शतक की बदौलत भारत अंडर 19 टीम की जीत की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए उसे पहले युवा टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे और अंतिम दिन ड्रॉ पर रोक दिया।

भारतीय टीम ने इंग्लैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड ने 63 ओवर में सात विकेट पर 270 रन बनाकर भारत को दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल नहीं करने दी। शेख ने मंगलवार को यहां 140 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 112 रन बनाए। उन्हें बेन मेयस से महत्वपूर्ण सहयोग मिला, जिन्होंने 82 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनके अलावा विकेटकीपर-बल्लेबाज थॉमस रीव ने 35 गेंदों पर 50 रन का योगदान दिया। भारत ने 14वें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 62 रन कर दिया था लेकिन इसके बाद वह दबाव बनाने में असफल रहा। इंग्लैंड ने शेख की मेयस और रीव के साथ उपयोगी साझेदारियों से अच्छी वापसी की। जब खेल समाप्त होने में एक घंटे का समय बचा था तब भारत ने लगातार ओवरों में दो रन आउट करके अपनी उम्मीद जगाई। उसने पहले शेख को आउट किया और फिर अगले ओवर में एकांश सिंह को वापस पवेलियन भेजा।



लेकिन राल्फी अल्बर्ट (37 गेंदों पर नाबाद नौ रन) और जैक होम (36 गेंदों पर नाबाद सात रन) ने दबाव में धैर्य से काम लिया और मैच को ड्रॉ कराया। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 540 रन बनाए थे जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 439 रन बनाए। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 248 रन बनाकर इंग्लैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था। आयुष म्हात्रे की अगुवाई में भारत अंडर-19 ने इससे पहले पांच मैचों की युवा एकदिवसीय श्रृंखला 3-2 से जीती थी।

## आईसीसी एजीएमः दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली, टी20 विश्व कप के विस्तार पर होगी चर्चा

सिंगापुर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही चार दिवसीय वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान बहुचर्चित दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली, टी20 विश्व कप का विस्तार और नए सदस्यों को स्वीकृति देने जैसे विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र (2025-27) शुरू हो चुका है और ऐसे में दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर चर्चा धन आवंटन और प्रमोशन (निचली से शीर्ष लीग में जाना) तथा रेलीगेशन (शीर्ष लीग से निचली में खिसकना) से संबंधित प्रावधानों के इर्द-गिर्द घूमने वाली है। हालांकि यह सामान्य रूप से स्वीकार किया गया है कि मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और नई प्रणाली संभावित रूप से 2027 के बाद लागू होगी।

आईसीसी चेयरमैन जय शाह और नवनियुक्त सीईओ संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में होनी वाली एजीएम में इस पद्धति पर गंभीरता से विचार होगा क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) इसके प्रमुख समर्थक हैं। हालांकि 50 ओवर के विश्व कप में और टीम जोड़ने का कोई इरादा नहीं है लेकिन आईसीसी टी20 विश्व कप में और टीम शामिल करने पर विचार कर सकता है जिससे संभावित रूप से इसमें 24 प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। हालांकि अगले साल से पहले कोई ठोस निर्णय लिए जाने की उम्मीद नहीं है। पिछले साल के विश्व कप से चार और टीम के जुड़ने के बाद वर्तमान में 20 टीम इस प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और यह मॉडल कम से कम 2026 के टूर्नामेंट तक जारी रहेगा।

लेकिन 2028 के लॉस एंजिलिस खेलों के जरिए ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी और अगले साल भारत तथा श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए इटली के क्वालीफाई करने से इस विस्तार के विचारों को बल मिला है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई को बताया इटली के विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने को नए देशों में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है और वैश्विक संचालन संस्था व्यापक दर्शकों से जुड़ने के लिए उत्सुक है।

दिसंबर 2024 में आईसीसी के शीर्ष पद पर काबिज होने के बाद से शाह कई हाई-प्रोफाइल मुलाकातों का हिस्सा रहे हैं जिसमें मार्च में यूनान के कोस्टा नवारिनो में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 144वें सत्र के दौरान फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और जनवरी में पूर्व आईओसी प्रमुख थॉमस बाक के साथ मुलाकात शामिल है। इस बीच आईसीसी को पिछले साल हुए टी20 विश्व कप के आयोजन की जांच पर अंतिम अपडेट मिलने की संभावना है।

## लास वेगास फ्रीस्टाइल शतरंज : प्रज्ञानानंदा करेंगे भारतीय दल की अगुआई, गुकेश हटे

लास वेगास (अमेरिका)। भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा को यहां आयोजित होने वाले 16 खिलाड़ियों के फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है जबकि अर्जुन एरिगेसी और विदित गुजराती दूसरे पूल में साथ में हैं। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस बार भी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। टूर्नामेंट बुधवार देर रात शुरू होगा।

इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 750,000 अमेरिकी डॉलर है जिसमें से 200,000 की राशि विजेता के लिए है। प्रत्येक ग्रुप में आठ खिलाड़ी हैं और शीर्ष चार खिलाड़ी अगले चरण में पहुंचेंगे जबकि इसके बाद निचले स्थान पर रहने वाले आधे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। विश्व चैंपियन डी गुकेश इस प्रतियोगिता में शिरकत नहीं करेंगे क्योंकि उन्हें एक महीने के अंदर ग्रैंडमास्टर टूर के मुख्य टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है। उन्नीस वर्षीय प्रज्ञानानंदा अपने अभियान की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ करेंगे। कार्लसन अपने शुरुआती दौर में पहले चरण के विजेता जर्मनी के विन्सेंट कीमर से भिड़ेंगे। अमेरिका के हैंस नीमन फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में पहली बार भाग लेंगे और पहली बाजी में एरिगेसी के सामने होंगे। वहीं गुजराती का सामना अमेरिका के फैबियानो कारुआना से होगा। पहली बार एक



महिला खिलाड़ी कजाखस्तान की बिबिसारा असाउब्बयेवा को विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए टीम में शामिल किया गया है। फ्रीस्टाइल शतरंज फिशर रैंडम शतरंज या शतरंज 960 का एक नया नाम है जिसमें खेल की शुरुआत में मोहरों की स्थिति बेतरतीब ढंग से बदल जाती है।

### एआईसीएफ 2025 में 10 फिडे ट्रेनर सेमिनार की मेजबानी करेगा

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) इस साल 10 और जनवरी 2026 में एक फिडे ट्रेनिंग सेमिनार की मेजबानी करेगा। ट्रेनर सेमिनार का उद्देश्य भारतीय शतरंज प्रशिक्षकों को सभी स्तरों की उभरती प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने के लिए सशक्त बनाना है। इसकी शुरुआत अगस्त में विजयवाड़ा में होगी और अंतिम सेमिनार जनवरी 2026 में रांची में होगा।

## हॉकी : दीपिका ने मैजिक स्किल पुरस्कार जीता

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर दीपिका ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के भुवनेश्वर चरण के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ किए गए अपने मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार जीता है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेलप्रेमियों के मतदान के आधार पर किया गया। दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था।

कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को



आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया। दीपिका ने कहा यह पुरस्कार पाकर मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रही हूं।

नीदरलैंड जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गोल करना मेरे लिए सचमुच में विशेष पल था और अब यह सम्मान पाना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने साथियों, कोचों, परिवार और दोस्तों का शुक्रिया अदा करती हूं जो हर दिन मेरा हौसला बढ़ाते रहते हैं। उन्होंने कहा, यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है, यह भारतीय हॉकी का है। आइए हम सब मिलकर आगे बढ़ते रहें।

## सात्विक-चिराग व लक्ष्य जापान ओपन के दूसरे दौर में

एजेंसी

तोक्यो। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू एक बार फिर पहले दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को यहां जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गए। पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू को इस सुपर 750 टूर्नामेंट में कोरिया की सिम यू जिन के हाथों 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

यह इस वर्ष पांचवां अवसर है जबकि सिंधू पहले दौर की बाधा पार नहीं कर पाई। सिंधू ने पहले गेम में थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस बीच उन्होंने काफी गलतियां भी की जिसका फायदा उठाकर सिम यह गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में सिंधू जल्दी ही 1-6 से पीछे हो गईं। वह हालांकि स्कोर 11-11 से बराबर करने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने आसानी से बढ़त बनाकर सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। सिम ने इस तरह से



भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की पहली जीत हासिल की। इससे पहले पुरुष युगल में वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में 21-18, 21-10 से हराया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा और कोरिया के खिलाड़ियों में पहले गेम में उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शुरू से ही दबदबा बना कर रखा और आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। इस बीच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पहले गेम में पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और 11-2 की बढ़त बना ली और फिर बिना किसी परेशानी के गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जिंग ने चुनौती पेश की, लेकिन लक्ष्य ने शुरुआती लय का फायदा उठाते हुए बढ़त बनाए रखी और सीधे गेम में मैच जीत लिया। अब उनका सामना जापान के सातवें वरीय खिलाड़ी कोडाई नाराओका से होगा।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय युगल जोड़ी बुधवार को यहां जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सीधे गेम में जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गई, जबकि लक्ष्य सेन भी पुरुष एकल के अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहे। पुरुष युगल में वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में 21-18, 21-10 से हराया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा और कोरिया के खिलाड़ियों में पहले गेम में उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शुरू से ही दबदबा बना कर रखा और आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। इस बीच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया।

### सीआईएससीई लखनऊ साउथ जोन कराटे टूर्नामेंट में सीएमएस के खिलाड़ियों का दबदबा

लखनऊ। सिटी मांटेसरी स्कूल के खिलाड़ियों ने आयोजित सीआईएससीई लखनऊ साउथ जोन कराटे टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में कुल 28 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इस टूनामेंट में क्षेत्रीय स्तर के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों ने प्रतिभाग किया और अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया जिसमें स्वर्ण पदक विजेताओं का चयन कानपुर में होने वाले आगामी सीआईएससीई रीजनल कराटे टूनामेंट के लिए कर लिया गया है। सर्वांगीण विकास पब्लिक कॉलेज, खरिका तेलीबाग में आयोजित टूनामेंट में सीएमएस कानपुर रोड ने सर्वाधिक 16 स्वर्ण पदक जीते। वहीं सीएमएस आरडीएसओ ने 10 स्वर्ण और सीएमएस राजेंद्र नगर नगर के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। टूनामेंट के दौरान मुख्य अतिथि देवेंद्र यादव एवं विशिष्ट अतिथि जसपाल सिंह (सचिव, कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी) ने पदक विजेताओं का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना को जीवन का अभिन्न अंग बताया।

## अनिश्चितता चिंताजनक, भारतीय फुटबॉल दहशत में : छेत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व कप्तान और शीर्ष स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने बुधवार को कहा कि भारतीय फुटबॉल में अनिश्चितता की मौजूदा स्थिति काफी चिंताजनक है और शीर्ष स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाने से खेल जगत चिंतित, आहत और डरा हुआ है। लीग में बेंगलुरु एफसी की ओर से खेलने वाले छेत्री ने कहा कि उन्हें देश में इस खेल के भविष्य को लेकर आशंकाएं व्यक्त करने वाले फोन कॉल और संदेशों की बाढ़ आ गई है। इस 40

**आईएसएल स्थगित किए जाने पर छेत्री ने कहा**

वर्षीय खिलाड़ी ने एक्स पर लिखा मुझे सबसे पहले यह चिंता हुई कि मेरे पास खेल का जो समय बचा है उसको मैं कैसे बिताऊंगा। लेकिन विभिन्न क्लबों के खिलाड़ियों से बात करने के बाद मुझे



एहसास हुआ कि मेरी समस्या उतनी महत्वपूर्ण नहीं है। छेत्री ने कहा, भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। मुझे न केवल मेरे क्लब से, बल्कि अन्य क्लबों से भी खिलाड़ियों, स्टाफ सदस्यों, फिजियो, मालिश करने वालों से ढेर सारे संदेश मिले हैं। उन्होंने कहा भारतीय फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र में अभी जो अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है उससे हर कोई चिंतित, आहत और डरा हुआ है। आईएसएल ने आयोजकों और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण 2025-26 के सत्र को स्थगित कर दिया है। लीग सामान्यतः सितम्बर से अप्रैल तक चलती है। इस प्रतियोगिता के आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) तथा एआईएफएफ के बीच वर्तमान एमआरए आठ दिसम्बर, 2025 को समाप्त होने वाला है। उस समय तक आईएसएल अपने तीसरे महीने में प्रवेश कर चुका होगा।

यह निर्णय उच्चतम न्यायालय द्वारा एआईएफएफ को दिए गए निर्देश के बाद लिया गया है, जिसमें एआईएफएफ से कहा गया था कि वह आईएसएल का संचालन करने वाली सर्वोच्च शासी संस्था के वाणिज्यिक साझेदार एफएसडीएल के साथ एमआरए की नई शर्तों पर तब तक बातचीत न करे, जब तक एआईएफएफ मसौदा संविधान मामले में अंतिम निर्णय नहीं आ जाता। एफएसडीएल एआईएफएफ का वाणिज्यिक साझेदार भी है और उन्होंने 2010 में 15 साल के एमआरए पर हस्ताक्षर किए थे। छेत्री ने कहा कि जब उन्हें पहली बार लीग स्थगित होने की जानकारी मिली तो वह छुट्टियों पर थे। इस स्टार फुटबॉलर ने कहा, मैं स्वीकार करता हूं कि इससे मेरे चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई।

## न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 21 रन से हराया

एजेंसी

जिम्बाब्व। न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 21 रन से हराकर जिम्बाब्वे में चल रही टी-20 की ट्राई सीरीज में जीत से शुरूआत की है। वहीं, जिम्बाब्वे से पहला मैच 5 विकेट से जीतने वाली साउथ अफ्रीका को पहली हार झेलनी पड़ी है। इस जीत के बाद न्यूजीलैंड की टीम पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर आ गई है। सीरीज में हिस्सा ले रही तीनों टीमों को आपस में 2-2 मैच खेलने हैं यानी कि हर टीम 4 मैच खेलेगी। हरारे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बुधवार को साउथ अफ्रीका ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का फैसला

**रॉबिन्सन ने खेली नाबाद 75 रन की पारी, हेनरी-डफी ने 3-3 विकेट चटकाए**

लिया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका की टीम 18.2 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई। मैट हेनरी और जैकब डफी ने 3-3 विकेट झटके। कीवियों की ओर से टिम रॉबिन्सन ने 57 बॉल पर नाबाद 75 रन



बनाए। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। अफ्रीका ने 51 रन बनाने में गंवाए 4 विकेट 174 रन का टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका की टीम 18.2 ओवर में ऑलआउट हो गई। टीम को आखिरी 8 ओवर में 73 रनों की जरूरत थी। लेकिन, अफ्रीकी टीम ने आखिरी 4 विकेट 51 रन बनाने में गंवा दिए। 12वें ओवर की आखिरी बॉल पर डेवाल्ड ब्रेविस 35 रन बनाकर आउट हुए। तब साउथ अफ्रीका का स्कोर 101/6 था। ब्रेविस को मैट हेनरी ने पवेलियन भेजा। रन चेज की खराब शुरूआत, 50 के अंदर 3 बैटर्स आउट साउथ अफ्रीका ने रन चेज में खराब शुरूआत की। टीम ने 50 रन के अंदर 3 विकेट गंवा दिए थे। ओपनर लौन डेर प्रिटोरियस 27, रुबिन हरमन एक और रीजा हेंड्रिक्स 16 रन बनाकर आउट हुए। सेनुरन मुथुस्वामी भी 7 रन ही बना सके। लगातार विकेट गंवाती रही साउथ अफ्रीका रन चेज में साउथ अफ्रीका की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही।

# अमेरिका ने निर्वासित लोगों को एस्वातिनी भेजा

केप टाउन। अमेरिका ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के गोपनीय तृतीय-देश निर्वासन कार्यक्रम के तहत पांच लोगों को अफ्रीकी देश एस्वातिनी निर्वासित कर दिया है। अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में लोगों को उन देशों में भेजने पर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया था, जहां से उनका कोई संबंध नहीं है। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने आठ लोगों को एक अन्य अफ्रीकी देश दक्षिण सूडान निर्वासित कर दिया था। हालांकि, दक्षिण सूडान की सरकार ने यह बताने से इनकार कर दिया है कि लगभग दो हफ्ते पहले पहुंचने वाले इन लोगों को कहां रखा गया है। गृह सुरक्षा विभाग की सहायक मंत्री ट्रीशिया मैकलॉघलिन ने मंगलवार देर रात एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि वियतनाम, जमैका, क्यूबा, यमन और लाओस के पांच नागरिकों को एक विमान से एस्वातिनी भेज दिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इन लोगों को कब भेजा गया और इन्हें कहां रखा गया है। मैकलॉघलिन ने कहा कि ये सभी लोग दोषी ठहराए गए अपराधी थे और इतने बर्बर व्यक्ति थे कि उनके मूल देशों ने उन्हें वापस लेने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि ये लोग अमेरिकी समुदायों को आतंकित कर रहे थे, लेकिन अब उन्हें अमेरिकी धरती से बाहर कर दिया गया है। मैकलॉघलिन ने कहा कि इन लोगों को हत्या और बच्चों के साथ बलात्कार जैसे अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था और इनमें से एक बड़े गिरोह का कुख्यात सदस्य रह चुका है। दक्षिण सूडान की तरह ही एस्वातिनी के अधिकारियों ने भी फिलहाल तीसरे देश के निर्वासित लोगों को स्वीकार करने के सिलसिले में अमेरिका से कोई समझौता होने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है, न ही उन्होंने यह बताया है कि देश में इन लोगों के साथ क्या किया जाएगा।



## ट्रंप प्रशासन ने 10 राज्यों में आव्रजन कोर्ट के 17 न्यायाधीशों को किया बर्खास्त

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा आव्रजकों के बड़े पैमाने पर निर्वासन की प्रक्रिया को तेज किए जाने के बीच 10 राज्यों की आव्रजन अदालतों के 17 न्यायाधीशों को बर्खास्त कर दिया गया है। इन्हीं न्यायाधीशों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संगठन ने यह जानकारी दी। आव्रजन न्यायालयों के न्यायाधीशों और अन्य पेशेवरों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन द इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ प्रोफेशनल एंड टेक्निकल इंजीनियर्स ने एक विज्ञप्ति में कहा कि शुक्रवार को 15 और सोमवार को दो न्यायाधीशों को बिना कोई कारण बताए बर्खास्त कर दिया गया। संगठन ने कहा कि जिन न्यायाधीशों को बर्खास्त किया गया है वे कैलिफोर्निया, इलिनॉय, लुइसियाना, मैरीलैंड, मैसाचुसेट्स, न्यूयॉर्क, ओहायो, टेक्सास, यूटा और वर्जीनिया की आव्रजन अदालतों में सेवारत थे। संगठन के अध्यक्ष मैट बिग्स ने कहा कि यह बेहद ही निंदनीय और जनहित के विरुद्ध है। एक तरफ संसद ने 800 आव्रजन न्यायाधीशों की नियुक्ति की मंजूरी दी है, दूसरी ओर बड़ी संख्या में आव्रजन न्यायाधीशों को बिना किसी कारण के हटाया जा रहा है, यह बेतुका है...। इन न्यायाधीशों को हटाए जाने की कार्वाई ऐसे समय में हुई है जब ट्रंप प्रशासन की सख्त आव्रजन नीतियों के तहत अधिकारी बड़ी सख्या में आव्रजकों को गिरफ्तार कर रहे हैं और पीड़ित पक्ष अदालतों का रुख कर रहे हैं।

## निर्मला सीतारमण के खिलाफ मानहानि का मामले में अदालत ने शिकायतकर्ता पर लगाया जुर्माना

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि की शिकायत पर सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहने पर शिकायतकर्ता लिपिका मित्रा पर बुधवार को 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया। मित्रा आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती की पत्नी हैं।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने कहा, शिकायतकर्ता पक्ष की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं है और यहां तक कि वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) के माध्यम से भी कोई उपस्थित नहीं हुआ। न्यायाधीश ने कहा कि पिछली सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की सुविधानुसार तारीख और समय तय किया गया था। उन्होंने कहा कि उपस्थित न होने के कारण शिकायतकर्ता (मित्रा) पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाता है, जिसे सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन में जमा कराना होगा। न्यायाधीश ने मित्रा को जवाब दाखिल करने एवं दलीलें पेश करने का अंतिम अवसर देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए दो अगस्त की तारीख तय की। शिकायत में दावा किया गया है कि सीतारमण ने 17 मई, 2024 को एक संवाददाता सम्मेलन में अपमानजनक, झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयान दिए जिनका एकमात्र उद्देश्य भारती की प्रतिष्ठा को धूमिल करना एवं आम चुनावों में उनकी जीत की संभावनाओं को कमजोर करना था। ये बयान केवल शिकायतकर्ता और उसके पति को नुकसान पहुंचाने के इरादे से दिए गए थे ताकि 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार को राजनीतिक लाभ और शिकायतकर्ता के पति को राजनीतिक नुकसान हो। इसमें कहा गया है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता एवं उनके पति के वैवाहिक संबंधों में कलह का जिक्र किया लेकिन उनके पुनर्मिलन और खुशी-खुशी साथ रहने की जानकारी नहीं दी।



**संक्षेप**

## तेलंगाना मॉडल पर जातिगत गणना कराये केंद्र : कांग्रेस

बेंगलुरु। कांग्रेस की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सलाहकार परिषद की बुधवार को हुई बैठक में केंद्र से तेलंगाना जाति सर्वेक्षण के मॉडल के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तावित जातिगत गणना कराने का आह्वान किया गया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की अध्यक्षता में यहां हुई दो दिवसीय बैठक में इस संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया। सिद्धरमैया ने परिषद में पारित प्रस्तावों को बेंगलुरु घोषणा नाम देते हुए कहा कि जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति और जाति के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक, रोज़गार, राजनीतिक पहलुओं को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरा प्रस्ताव आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को समाप्त करने का था, जिससे शिक्षा, सेवा, राजनीतिक और अन्य क्षेत्रों में ओबीसी के लिए उपयुक्त आरक्षण सुनिश्चित हो सके। सिद्धरमैया ने कहा कि बैठक में पारित तीसरे प्रस्ताव में कहा गया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15(4) के अनुसार निजी शिक्षण संस्थानों में ओबीसी के लिए आरक्षण होना चाहिए। परिषद की बैठक में नेताओं ने इन मांगों पर जोर देने के लिए एक तीव्र और आक्रमक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का भी संकल्प लिया। सलाहकार परिषद ने सर्वसम्मति से न्याय योद्धा राहुल गांधी को समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों के लिए सामाजिक न्याय का मुद्दा उठाने के लिए धन्यवाद दिया।

## हिमंत शर्मा को निश्चित ही जेल भेजा जायेगा : राहुल गांधी

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को दावा किया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यहां प्रदेश कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के दौरान कहा है कि मुख्यमंत्री को निश्चित रूप से जेल भेजा जाएगा।

शर्मा ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता यह भूल गए कि वह स्वयं देश भर में दर्ज कई आपराधिक मामलों में जमानत पर हैं। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, लिखित में ले लीजिए, हिमंत विश्व शर्मा को निश्चित रूप से जेल भेजा जाएगा - विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने असम में कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान बिल्कुल यही शब्द कहे। शर्मा ने कहा कि वह सिर्फ यही कहने के लिए असम आए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल जी, आपको मेरी शुभकामनाएं। दिन में बाकी समय असम के आतिथ्य का आनंद लीजिए। गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भविष्य की रूपरेखा तैयार करने के लिए राज्य में पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए एक दिवसीय दौरे पर हैं।

## फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी अगस्त के बाद ईरान पर संयुक्त राष्ट्र में प्रतिबंध करेंगे बहाल

संयुक्त राष्ट्र। फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने इस बात पर सहमति जताई है कि अगर परमाणु समझौते पर कोई ठोस प्रगति नहीं होती है तो अगस्त के अंत तक ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के कड़े प्रतिबंध बहाल कर दिए जाएंगे। दो यूरोपीय राजनयिकों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

संयुक्त राष्ट्र में तीनों देशों के राजदूतों ने मंगलवार को जर्मनी स्थित संयुक्त राष्ट्र मिशन में ईरान के साथ संभावित समझौते और प्रतिबंधों को फिर से लागू करने पर चर्चा की। दो अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और तीनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच फोन पर हुई बातचीत में भी यह मुद्दा उठा। अधिकारियों और राजनयिकों ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर यह जानकारी दी। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने रुबियो और तीनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बातचीत के बाद कहा कि सभी ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान परमाणु हथियार विकसित या प्राप्त नहीं कर सके। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी 2015 में ईरान के साथ उसके परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के लिए हुए एक समझौते का हिस्सा हैं, जिससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिका को यह कहते हुए अलग कर लिया था कि यह पर्याप्त रूप से कठोर समझौता नहीं है। फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां-नोएल बरो ने मंगलवार को ब्रसेल्स में संवाददाताओं से कहा कि तीनों यूरोपीय देशों का ईरान पर प्रतिबंध को पुनः लागू करना उचित है। ईरान द्वारा परमाणु प्रसार पर रोक को लेकर ठोस और प्रतिबद्धता की पुष्टि करने से पहले हम अगस्त के अंत तक प्रतिबंध को बहाल कर देंगे। राजनयिकों ने प्रस्तावित समझौते का विवरण नहीं दिया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने हाल में कहा था कि अगर ईरान को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों पर इजराइल और अमेरिका के हमलों के बाद आगे कोई हमला नहीं होने का आश्वासन मिलता है।

## गाजा में राहत सहायता वितरण केंद्र पर 20 फलस्तीनियों की मौत



तेल अवीव। गाजा में इजराइल समर्थित अमेरिकी सहायता संगठन ने बुधवार को कहा कि राहत सहायता वितरण केंद्र के निकट 20 फलस्तीनियों की मौत हुई है।

इससे पहले, अस्पताल के अधिकारियों ने बताया था कि इजराइली हमलों में 11 बच्चों समेत 41 लोगों की मौत हुई है। गाजा ह्यूमैनिटेरियन फंड (जीएचएफ) ने कहा कि दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर में स्थित वितरण केंद्र पर 19 लोगों की मौत भगदड़ में कुचलने से हुई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय व प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जीएचएफ कार्यकर्ताओं ने भीड़ पर आंसू गैस के गोले दागे, जिससे भगदड़ मच गई। मंत्रालय ने कहा कि यह पहली बार है जब राहत सहायता स्थलों पर भगदड़ मचने से लोगों की मौत हुई है। साथ ही, जीएचएफ ने पहली बार अपने किसी राहत सहायता वितरण स्थल पर मौतें होने की पुष्टि की है। हालांकि, फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों, स्वास्थ्य अधिकारियों और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों का कहना है कि खाद्य सामग्री लेने के लिए इन केंद्रों की ओर जाते समय सैकड़ों लोग मारे गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि स्टन ग्रेनेड और मिर्च स्प्रे के कारण अफरा-तफरी मच गई। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भीड़ में यह संदेश फैलने के बाद भगदड़ मच गई कि कोई राहत सहायता वितरित नहीं की जाएगी। निकटवर्ती शहर रफह के निवासी उमर अल-नजर ने कहा कि लोगों को संभवतः आंसू गैस के कारण सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उन्होंने हमारे खिलाफ स्टन ग्रेनेड और मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया।

## कांग्रेस छोड़कर भागने वाला व्यक्ति अब असम का सीएम : खरगे

चायगांव (असम)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि पार्टी ने भाजपा को असम में सरकार बनाने के लिए अपना सदस्य उधार दिया था। खरगे ने राज्य की एक दिवसीय यात्रा के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, जो व्यक्ति कांग्रेस छोड़कर भाग गया था, वह अब असम का मुख्यमंत्री है।



शर्मा 2015 में भाजपा में शामिल होने से पहले असम की कांग्रेस सरकार में मंत्री थे। राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए खरगे ने कहा कि लोगों से अन्याय करने वालों को जेल भेजा जाएगा। उन्हें अब जेलों की मरम्मत करवानी चाहिए, क्योंकि उन्हें वहीं रहना होगा। उन्होंने दावा किया कि असम में अवैध प्रवासियों का पता लगाने की आड़ में लोगों को धमकाया जा रहा है और वे अगले साल होने वाले चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को सबक सिखाएंगे। असम में बेदखली अभियान पर खरगे ने कहा कि यदि कांग्रेस राज्य में सरकार बनाती है तो वह मकानों का पुनर्निर्माण करेगी और भाजपा सरकार की ऐसी कार्वाई से प्रभावित लोगों को मुआवजा देगी। उन्होंने यह दावा भी किया कि भाजपा सरकार असम में कांग्रेस के खिलाफ मतदाता सूची के संशोधन, निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन जैसी रणनीति अपना सकती है। उन्होंने पार्टी सदस्यों से सतर्क रहने और ऐसे प्रयासों को विफल करने का आग्रह किया। खरगे ने कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह असम में बच्चों के लिए शिक्षा, युवाओं के लिए रोजगार और चाय बागान श्रमिकों के लिए अधिकतम मजदूरी की गारंटी देगी। उन्होंने यह दावा भी किया कि दलितों और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को सतर्क रहना होगा, वरना केंद्र की भाजपा सरकार उनके आरक्षण को छीन लेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि मोदी ने पांच दिन में पांच देशों का दौरा किया, लेकिन उन्हें हिंसाग्रस्त मणिपुर आने के लिए दो घंटे भी नहीं मिले। उन्होंने कहा कि संविधान को बचाने के लिए लोगों को एकजुट होना होगा। उन्होंने दावा किया कि संविधान हमारे लोकतंत्र का आधार है। आरएसएस और भाजपा इसे बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

**इंटरटेनमेंट...**

## फिल्म 'वॉर 2' का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'वॉर 2' का बुधवार को एक और पोस्टर जारी कर दिया गया है। नए पोस्टर में ऋतिक रोशन, कियारा आडवाणी और जूनियर एनटीआर जबरदस्त एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। वहीं, फिल्म को लेकर मेकर्स का कहना है कि यह इस साल की सबसे बड़ी एक्शन फिल्मों में से एक साबित होगी। पोस्टर में ऋतिक तलवार के साथ एक्शन मोड में दिख रहे हैं, जबकि जूनियर एनटीआर का गुस्से से भरा लुक फैंस को खूब पसंद आ रहा है। कियारा आडवाणी भी पोस्टर में बंदूक के साथ दमदार अंदाज में नजर आ रही हैं। इस पोस्टर के साथ ही फिल्म को लेकर काउंटडाउन शुरू हो चुका है। नवभारत टाइम्स के मुताबिक, इस हफ्ते के अंत तक फिल्म वॉर 2 का ट्रेलर भी लॉन्च किया जा सकता है। जूनियर एनटीआर वॉर 2 से बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वॉर 2 यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। जिसमें एक था टाइगर, वॉर और पठान जैसी फिल्में भी शामिल हैं। वॉर को सिद्धार्थ आनंद ने डायरेक्ट किया था, जबकि इसके सीक्वल यानी वॉर 2 को अयान मुखर्जी डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म में ऋतिक रोशन मेजर कबीर धालीवाल की भूमिका में वापसी करेंगे, जबकि जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में इस फिल्म से डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में किराया आडवाणी भी नजर आएंगी। फिल्म 'वॉर 2' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। 1 मिनट 34 सेकंड के इस टीजर में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिलता है।

**❍ हाथ में तलवार लिए एक्शन मोड में दिखे ऋतिक, जूनियर एनटीआर और कियारा भी दमदार अंदाज में आएै**



## कृति सेनन, जावेद जाफरी की बिल्डिंग में घुसा अज्ञात शख्स

मुंबई। कृति सेनन और जावेद जाफरी की बिल्डिंग में एक अज्ञात शख्स घुस आया। वो शख्स सिक्योरिटी को चकमा देते हुए लिफ्ट तक पहुंचा। उसने लिफ्ट में जाकर तोड़फोड़ की। पुलिस को लिफ्ट का एक सीसीटीवी फुटेज भी मिला है, जिसमें वो शख्स कैमरे की तरफ देखते हुए अश्लील इशारे कर रहा है। ये घटना 19 जून की देर रात की बताई जा रही है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, पाली हिल के पॉश इलाके में स्थित हाई प्रोफाइल बिल्डिंग संधू पैलेस में देर रात 1 बजे एक शख्स ने पीली कार में गेट नंबर 1 से एंट्री ली थी। सिक्योरिटी ने उससे पूछताछ की तो उसने कहा कि वो 17वीं मंजिल पर रहने वाले परिवार से मिलने आया है। उस फ्लोर के मालिक ने कहा था कि अगर कोई मिलने आता है।

## टीवी कमबैक के लिए स्मृति राजनीति से लेंगी बेंक?

मुंबई। स्मृति ईरानी ने अपने आईकॉनिक शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' रीबूट के साथ टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो का पहला लुक कुछ दिन पहले जारी किया गया था। टीवी पर उनके कमबैक के बाद कई फैंस कयास लगा रहे थे कि अब वो राजनीति से ब्रेक लेंगी। लेकिन स्मृति ने इन कयासों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। दरअसल, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शुरूआत को लेकर एक्स पर शो के फैंस स्मृति को लगातार मैसेज कर रहे हैं। हाल ही में एक्स पर एक फैन ने शो के लिए बधाई देते हुए लिखा टीवी पर वापसी के लिए शुभकामनाएं। उम्मीद है कि यह राजनीति से बस एक छोटा सा ब्रेक होगा।' जवाब में स्मृति ने कहा, कोई ब्रेक नहीं। 25 साल तक मीडिया और राजनीति दोनों में काम किया है।

**❍ हम चाहते हैं आप राजनीति में एक्टिव रहिए, स्मृति ने भी दिया जवाब**



## पंचायत के फैन बने सीजन 4 के डायरेक्टर

**मुंबई।** मैं टीवीएफ के सारे शोज देखता था। पंचायत सीरीज का बहुत बड़ा फैन था। कोविड के दौरान पंचायत सीरीज देखा। इस सीरीज ने मेरे दिल को छू लिया था। कभी सोचा नहीं था कि एक दिन इस शो को डायरेक्ट करने का मौका मिलेगा। यह कहना है पंचायत 4 के डायरेक्टर अक्षत विजयवर्गीय का। हाल ही में बातचीत के दौरान अक्षत ने पंचायत सीरीज से जुड़ने और करियर को लेकर दिलचस्प खुलासे किए। इंदौर के पास एक छोटी सी जगह धार है। वहां का रहने वाला हूं। मेरे दादा जी एक्टर बनना चाहते थे। उनका सपना पूरा नहीं हो पाया, लेकिन दादा जी के चार भाइयों ने मिलकर धार में सिनेमा हॉल बनवा दिया। मैं बचपन से ही फिल्में देखते पला बढ़ा हूं। सिनेमा हमारे लिए सब कुछ है। हालांकि आज छोटे शहरों के सिंगल थिएटर की स्थिति ठीक नहीं है। मेरे पेरेंट्स को पता था कि सिनेमा के जरिए सरवाइव करना बहुत मुश्किल है। इसलिए वो नहीं चाहते थे कि सिनेमा हॉल के बिजनेस में ध्यान दूं। वे चाहते थे कि इंजीनियर बनूं।

**❍ अक्षत विजयवर्गीय ने बताई सीरीज से जुड़ने की दिलचस्प कहानी, लाइफ की जर्नी तो अभी शुरू हुई है**






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K